RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 226
फरीदाबाद, शनिवार, 24 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



क्लीप स्वीप करके झूलन को विदाई देने उतरेगी भारतीय टीम

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,098 | ▼ | 1020 |
| निफ्टी | 17,327 | ▼ | 302 |
| सोना | 50,326 | ▲ | 139 /10 gm |
| चांदी | 58,366 | ▲ | 363 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 27.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### पर्यावरण के नाम पर परियोजनाएं अनावश्यक ठप न करें : मोदी



**अहमदाबाद।** देश के सभी राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, पर्यावरण के नाम पर विकास की परियोजनाओं को अनावश्यक ठप न करें। उन्होंने सरदार सरोवर बांध का उदाहरण देकर कहा- अर्बन नक्सली कई सालों तक बांध के निर्माण का काम रोके रहे। देश आजाद होते ही सरदार सरोवर बांध के काम शुरू हुआ। पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इसका शिलान्यास किया था। इसके बाद अर्बन नक्सली एक्टिव हो गए और नर्मदा नदी पर बनने वाले इस बांध का काम यह दावा करते हुए रोका कि यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगा।

### सोनिया व प्रियंका गांधी कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी



**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा भारत जोड़ो यात्रा के कर्नाटक चरण में हिस्सा लेंगी। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली यह यात्रा 30 सितंबर को कर्नाटक में प्रवेश करेगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शिवकुमार ने कहा कि विभिन्न नेताओं को जिम्मेदारी देकर प्रदेश इकाई ने यात्रा की तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी यहां यात्रा में भाग लेंगी। वे तारीखों के बारे में बताएंगी... मैं आगामी दिनों में तारीखों की घोषणा करूंगा।

### भूपेंद्र हुड्डा भी लड़ सकते हैं कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद में दिलचस्पी दिखाई है। शुक्रवार को उन्होंने दिल्ली में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। इसके बाद पूछे सवाल पर हुड्डा ने कहा कि अभी नामांकन 24 सितंबर से शुरू होने हैं। हुड्डा ने कहा कि मुलाकात के दौरान प्रधान पद को लेकर सोनिया गांधी ने कहा कि वह न्यूट्रल हैं, कोई भी चुनाव लड़ सकता है। अभी देखेंगे कि कौन-कौन नामांकन भरता है। उन्होंने अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने से सीधे तौर पर इनकार नहीं किया। जिसके बाद हरियाणा की राजनीति में भी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

# अडाणी-अंबानी एक-दूसरे के कर्मचारियों को नहीं देंगे नौकरी

## देश की दो सबसे बड़ी कंपनियों के बीच हुआ 'नो पोचिंग एग्रीमेंट

एजेंसी। नई दिल्ली





**बिजनेस** इनसाइडर के मुताबिक देश के दो सबसे बड़े बिजनेस ग्रुप रिलायंस और अडाणी ने एक समझौता किया है। इसके तहत इनके कर्मचारियों को एक-दूसरे के यहां नौकरी नहीं मिलेगी। इस नए समझौते का नाम है- 'नो-पोचिंग एग्रीमेंट।'

मई 2022 में हुई इस डील की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह समझौता ऐसे वक्त में हुआ, जब अडाणी कंपनी उस बिजनेस में उतर रही थी, जिसमें रिलायंस पहले से बड़ा बिजनेस प्लेयर है। दरअसल अडाणी ने पिछले साल अडाणी पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के साथ पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में एंट्री की है, इस बिजनेस में रिलायंस पहले से ही बड़ी कंपनी है।

इसी तरह हाई-स्पीड डेटा यानी इंटरनेट सेक्टर में भी अडाणी ने पांच प्रतिशत स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाई है। इस बिजनेस में भी रिलायंस देश की सबसे बड़ी कंपनी है। समझौते की वजह से मुकेश अंबानी की कंपनियों में काम करने वाले 3.80 लाख से ज्यादा कर्मचारी अब अडाणी की कंपनी में काम नहीं कर पाएंगे। वहीं, अडाणी की कंपनी में काम करने वाले 23 हजार से ज्यादा कर्मचारी मुकेश अंबानी की किसी कंपनी में नौकरी नहीं कर पाएंगे।

# सेंसेक्स 1020 अंक लुढ़का निवेशकों को पांच लाख करोड़ रुपये का नुकसान

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारतीय** शेयर बाजार को लेकर जिस बात की आशंका थी, वही हुआ। अमेरिका के सेंट्रल बैंक फेड रिजर्व द्वारा ब्याज दर में बढ़ोतरी के बाद ऐसा माना जा रहा था कि भारतीय बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दौर लौटेगा। कमोबेश स्थिति वैसी ही देखने को मिल रही है।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त बिकवाली रही। इस वजह से निवेशकों को पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो गया है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,020.80 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,098.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,137.77 अंक तक गिर गया था। एक वक्त यह 58 हजार अंक के नीचे भी आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 302.45 अंक यानी 1.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,327.35 अंक पर बंद हुआ।

**कितना हुआ नुकसान :** बीएसई मार्केट कैपिटल की बात करें तो इंट्रा-डे में निवेशकों को पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। वहीं, कारोबार के अंत में मार्केट कैपिटल 2,76,64,566.79 करोड़ रुपये पर ठहरा। एक दिन पहले यह 2,81,17,657.57 करोड़ रुपये था।

**वजह क्या है :** शेयर बाजार में गिरावट की कई वजह हैं। सबसे बड़ी वजह अमेरिकी फेड रिजर्व की ब्याज दरों में बढ़ोतरी है। बीते दिनों यूएस फेड रिजर्व ने ब्याज दर में 75 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी की। इस बढ़ोतरी के बाद यूएस 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड में वृद्धि हुई है। वहीं, डॉलर इंडेक्स मजबूत हुआ है। इस वजह से विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसे निकाल कर उभरते बाजारों पर दांव लगा रहे हैं।

### इतिहास में पहली बार डॉलर के मुकाबले रुपया 81 के पार

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में मजबूती के बीच निवेशक जोखिम उठाने से बच रहे हैं जिसके चलते शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 44 पैसे की गिरावट के साथ पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 81 के स्तर को पार कर गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंग्लैंड के दरों में बढ़ोतरी करने और यूक्रेन में भूराजनीतिक तनाव बढ़ने की वजह से निवेशक जोखिम उठाने से बच रहे हैं। इसके अलावा विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती, घरेलू शेयर बाजार में गिरावट भी रुपये को प्रभावित कर रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 81.08 पर खुला, फिर और फिसलकर 81.23 पर आ गया।

## धान खरीद को लेकर हरियाणा में किसान आक्रोशित

# दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाइवे पर किसान का डेरा

पायनियर समचार सेवा। कुरुक्षेत्र





अब चाहे लाठी मारो या फिर जेलों में बंद कर दो, हम पीछे हटने वाले नहीं हैं : चढ़ूनी

**हरियाणा** में धान की सरकारी खरीद न होने से गुस्साए किसान कुरुक्षेत्र के शाहबाद में दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे-44 (जीटी रोड) पर डटे हुए हैं। हाईवे को जाम किए हुए करीब सात घंटे हो गए हैं। हालांकि प्रशासन के साथ उनकी गुरुवार और शुक्रवार दो दिन में छह मीटिंग हो चुकी हैं, लेकिन धान की सरकारी खरीद को लेकर कोई भी हल अभी तक नहीं निकला। वहीं भारी पुलिस बल भी मौके पर तैनात है।

गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने प्रशासन और सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं होती तब तक किसान हाईवे को नहीं खोलेंगे। अब चाहे लाठी मारो या फिर जेलों में बंद कर दो, हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। चढ़ूनी ने कहा कि अगर आज धान की खरीद शुरू नहीं हुई तो आज 24 सितंबर को पूरे हरियाणा की सड़कों को जाम करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। वहीं चढ़ूनी ने सभी किसानों से अपील की कि वे अन्य किसानों को ये संदेश दें कि ज्यादा से ज्यादा किसान अपने ट्रैक्टरों को लेकर शनिवार के लिए तैयार रहें। हरियाणा की मंडियों में धान की आवक जोर पकड़ चुकी है, लेकिन अभी तक सरकारी खरीद शुरू नहीं की है। किसानों को इससे भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

दो दिन पहले शाहाबाद किसान रेस्ट हाउस में भाकियू (चढ़ूनी) राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी की अध्यक्षता में मीटिंग कर निर्णय लिया था कि सरकार अगर गुरुवार शाम तक धान की खरीद शुरू नहीं करती तो शुक्रवार को शाहाबाद के पास राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया जाएगा। शुक्रवार को 11 बजे हजारों की संख्या में किसान अपने ट्रैक्टर ट्राली लेकर शाहबाद में शहीद उधम सिंह चौक पर पहुंचे। हजारों की संख्या में किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात है।

प्रशासन के अधिकारियों की गुरनाम सिंह के साथ मीटिंग भी हुई, लेकिन उसमें कोई भी हल नहीं निकला। उन्होंने निर्णय लिया कि जब तक सरकार धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं करती तब तक वह हाईवे को जाम रखेंगे। गुरनाम सिंह ने कहा कि धान की खरीद ना होने के चलते किसानों को भारी नुकसान हो रहा है

### आमरण अनशन पर गए हरियाणा के आढ़ती



**करनाल।** हरियाणा में ई-ट्रेडिंग प्रणाली के विरोध, बढ़ाई गई मार्केट फीस और एचआरएफडी वापस लेने की मांग को लेकर शुक्रवार को आढ़तियों की हड़ताल पांचवें दिन में प्रवेश कर गई। वहीं शुक्रवार करनाल की नई अनाज मंडी में दोपहर को प्रदेशभर की आढ़ती एसोसिएशन के सात सदस्य आमरण अनशन पर बैठ गए। आढ़तियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, वह आमरण अनशन से नहीं उठेंगे। अब दिन रात वह धरना स्थल पर ही बैठे रहेंगे।

दूसरी ओर, अब किसानों की भी आढ़तियों के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी है। पिछले पांच दिन से किसानों की धान की खरीद नहीं हो रही है। पांच दिन से मंडी में उनकी धान आई हुई है। ऊपर से चार दिन से हो रही बारिश ने भी किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

# हरियाणा के कई जिलों में बारिश जारी 20 जिलों में तीन घंटे तक बारिश के आसार

## धान-बाजरे की फसल भीगी, तापमान छह डिग्री गिरा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



**हरियाणा** में शुक्रवार को जमकर बारिश हुई। बारिश का सिलसिला सुबह करीब 9 बजे से शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। करीब 5 घंटे हुई इस बारिश से शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए। शहर की सभी कॉलोनियां और मोहल्ले जलमग्न नजर आए। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा।

### मेवात में न्यूनतम तापमान सबसे कम

**बरसात** के मौसम के चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बीती रात को मेवात में न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री दर्ज किया गया। यह प्रदेश में सबसे कम है।

वहीं सिरसा में न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री रहा, जो कि प्रदेश में सबसे ज्यादा है। बता दें कि प्रदेश में न्यूनतम पारा अधिकतर जिलों में 24 डिग्री तक है। इससे रात ठंडी हो रही है।

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार शुक्रवार तक प्रदेश के अधिकतर जिलों में बारिश की संभावन जताई थी। इसके बाद में सितम्बर अंत में भी हरियाणा राज्य के उत्तर तथा दक्षिण व पश्चिमी जिलों में बादल बनने की संभावना है। इस दौरान मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है।

### बारिश से पड़ा फसलों पर बुरा प्रभाव

**प्रदेश** के कई जिलों में जहां रात को रुक-रुक बारिश का दौर चला, वहीं कई जिलों में शुक्रवार सुबह भी कभी हल्की तो कभी तेज बारिश दर्ज की गई। अधिकतर जिलों में मौसम खराब है और आसमान बादलों से ढका है। खराब मौसम ने धान और बाजरा उत्पादक किसानों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। अगेती फसल जहां मंडियों में पहुंचना शुरू हो गई हैं, वहीं पछेती फसल भी कटाई को लेकर तैयार हो रही है। ऐसे में इन पर बेमौसमी बारिश से बुरा असर पड़ने की संभावना कृषि विशेषज्ञों की ओर से जताई जा रही है।

### अधिकतम पारा 30 डिग्री पर

**अधिकतम** तापमान में प्रदेश में 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा रही है। हरियाणा के अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री के आसपास ही बना हुआ है। गुरुवार-शुक्रवार को हिसार में अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री रहा, जोकि प्रदेश में सबसे ज्यादा दर्ज किया गया।

## कनाडा में 'भारत विरोधी गतिविधियों में तेज वृद्धि के मद्देनजर केंद्र ने जारी की एडवाइजरी!

**नयी दिल्ली/ओटावा (कनाडा)।** कनाडा में 'घृणा अपराध से जुड़ी घटनाओं और भारत विरोधी गतिविधियों में तेज वृद्धि के मद्देनजर भारत ने वहां रह रहे अपने नागरिकों से सावधानी बरतने के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत ने अपने नागरिकों और छात्रों को सतर्क रहने के लिए यह एडवाइजरी जारी की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कनाडा में भारतीय मिशनों ने इन घटनाओं को कनाडा के अधिकारियों के साथ उठाया है और उनसे इन अपराधों की जांच करने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 'कनाडा में इन अपराधों के अपराधियों को अब तक न्याय के कटघरे में नहीं लाया गया है।' बयान में कहा गया है, 'ऊपर वर्णित अपराधों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर, भारतीय नागरिकों और कनाडा में भारत के छात्रों और यात्रा / शिक्षा के लिए कनाडा जाने वालों को सलाह दी जाती है कि वे सावधानी बरतें।

## उद्धव गुट को शिवाजी पार्क में दशहरा रैली की मिली इजाजत, शिंदे गुट को हाईकोर्ट से झटका

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना को शिवाजी पार्क में पांच अक्टूबर को दशहरा रैली करने की परमिशन दे दी। कोर्ट ने तैयारियों के लिए दो से छह अक्टूबर तक शिवाजी मैदान उद्धव गुट वाली शिवसेना को देने का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा, आयोजन की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए। कानून व्यवस्था न बिगड़े, इसकी जिम्मेदारी याचिकाकर्ता की होगी। अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो इसके लिए आयोजक जिम्मेदार होंगे। शिंदे गुट ने भी शिवाजी पार्क में दशहरा रैली करने की इजाजत मांगी थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। शिंदे गुट के पास बीकेसी मैदान पर दशहरा रैली करने की इजाजत पहले से है।

### केरल में हिंसा के बाद पीएफआई के 500 लोग अरेस्ट

## केरल में पीएफआई कार्यकर्ताओं ने आरएसएस ऑफिस पर बम फेंके

एजेंसी। नई दिल्ली

**15** राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 93 ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी के बाद शुक्रवार को पीएफआई ने केरल बंद बुलाया। इस दौरान एनआईए रेड का विरोध कर रहे पीएफआई कार्यकर्ता हिंसक हो उठे। उन्होंने राजधानी तिरुवनंतपुरम और कोट्टयम में दर्जनों सरकारी बसों और गाड़ियों में तोड़फोड़ की।

कन्नूर के मट्टनूर में आरएसएस ऑफिस पर पेट्रोल बम भी फेंके गए। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मौके पर पुलिस मौजूद है। पुलिस के मुताबिक कोल्लम में मोटरसाइकिल सवार पीएफआई कार्यकर्ताओं ने दो पुलिसकर्मियों पर हमला भी किया। एडीजीपी, लॉ एंड ऑर्डर, विजय साखारे ने बताया कि हिंसा के बाद पुलिस ने 500 लोगों को अरेस्ट किया और 400 लोग हिरासत में लिए गए।

केरल हाईकोर्ट ने राज्यव्यापी बंद बुलाने और पीएफआई नेताओं के प्रदर्शन का स्वत: संज्ञान लिया है।

### एनआईए रेड के बाद हिंसक हुआ संगठन का प्रदर्शन

### धारा 370 : दशहरे के बाद तय होगी सुनवाई की तारीख

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त करने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को दशहरा की छुट्टी के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित, जस्टिस इंदिरा बनर्जी तथा जस्टिस एस रवींद्र भट्ट की पीठ ने एक वकील की दलीलों पर संज्ञान लिया। इस साल 25 अप्रैल को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त करने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को गर्मियों की छुट्टी के बाद सूचीबद्ध करने पर विचार करने की सहमति जताई थी।

## प्रधानमंत्री बनने की चाह में नीतीश कुमार ने भाजपा को धोखा दिया : अमित शाह

एजेंसी। पूर्णिय



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि उन्होंने प्रधानमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस से हाथ मिलाकर भाजपा को धोखा दिया।

शाह ने दावा किया कि भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार गठित करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुमार की कोई विचारधारा नहीं है, इसलिए उन्होंने जाति आधारित राजनीति के लिए समाजवाद को त्याग दिया। शाह ने पूर्णिया में आयोजित पार्टी की रैली में कहा, नीतीश जी, आपने वर्ष 2014 में भी ऐसा ही किया था। बिहार की जनता वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में इस महागठबंधन को उखाड़ फेंकेगी। भाजपा 2025 में विधानसभा चुनाव के बाद पूर्ण बहुमत से सरकार का गठन करेगी।

# हाईकोर्ट के आदेश से जारी किया जा सकेगा एचएसपीसी का चुनाव परिणाम

## पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया को जारी रखने की दी अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़




**हरियाणा** स्टेट फार्मेसी काउंसिल के छह सदस्यों के हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे चुनाव के आने वाले परिणाम की घोषणा पर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने अपने अंतिम निर्णय तक रोक लगा दी है। हालांकि हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति प्रदान कर दी है। इससे फार्मेसी काउंसिल के चुनाव यथावत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे। अधिवक्ता आदित्य जैन के हवाले से याची पदम शर्मा ने ये जानकारी दी।

याची पदम शर्मा ने बताया कि हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल के छह सदस्यों का चुनाव तकरीबन पैतालीस हजार पंजीकृत फार्मासिस्ट सदस्यों द्वारा किया जाना था। प्रत्येक मेम्बर को डाक से मिले मतपत्र के छह सदस्यों के सामने क्रॉस का निशान लगाकर मतदान करना होता है। आरोप है कि स्टेट काउंसिल ने 16000 सदस्यों को मतदाता सूची से बाहर करते हुए पहले ही मताधिकार से वंचित कर दिया। शेष बचे 29000 सदस्यों के द्वारा मतदान किया जाना तय हुआ। याची ने बताया कि इन फार्मासिस्टों में से कई सदस्यों के एक समान पते हैं। इससे गलत पते होने के कारण मताधिकार को उपयोग करने से सदस्य वंचित हो रहे हैं।

याची के अधिवक्ता आदित्य जैन ने कहा कि उच्च न्यायालय ने 14 जनवरी 2023 को सुनवाई की तिथि देते हुए प्रतिवादियों से जवाब तलब किया है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि स्टेट फार्मासिस्ट काउंसिल के चुनाव परिणाम की घोषणा पर अदालत ने रोक लगा दी है। जबकि चुनाव प्रक्रिया यथावत जारी रहेगी।

### मतपत्रों पर नहीं होता है सीरियल नंबर तक

**पदम** शर्मा ने कहा कि वे भी हरियाणा स्टेट फार्मासिस्ट काउंसिल के वोटर हैं। उन समेत अन्य सदस्यों को भेजे मतपत्र पर कोई सीरियल नंबर तक नहीं होता है। इससे मतपत्र के दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है।

### गलत पते के चलते पोस्टमैन वापस भेज देते हैं मतपत्र

पदम शर्मा ने बताया कि मतपत्र सदस्य फार्मासिस्ट तक प्रोपर्ली पहुंचे इसके लिए गुरुग्राम केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने डीसी और सीनियर सुप्रींटेंडेंट पोस्ट आफिस को ज्ञापन दे चुके हैं। इसके बावजूद बहुत से सदस्यों को मतपत्र नहीं मिल सके हैं। इसके पीछे की वजह शायद मतदाताओं के आने वाले मतपत्र के लिफाफे पर पते जानबूझ कर या मानवीय त्रुटि के चलते गलत लिखा जाना है। इससे पोस्टमैन मतपत्र वाले लिफाफों को डिलीवर करने के बजाय सैंडर्स एड्रेस पर वापस कर देते हैं।

### 277 मतदाताओं के दर्ज हैं एक जैसे पते

**पदम** शर्मा ने आरोप लगाया कि हरियाणा स्टेट फार्मासिस्ट काउंसिल की ऑनलाइन जारी हुई मतदाता सूची में 277 मतदाताओं के एक जैसे पते दर्ज हैं। इस सकेशेष 276 मतदाता वोट डालने से वंचित होना पड़ेगा।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 28.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 23.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-83 में मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प: सुबह 10 बजे।
- सेक्टर-28 स्थित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम: शाम 6 बजे।
- एसजीएम नगर स्थित महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन में पंजीकरण एवं जांच शिविर: सुबह 10 बजे।
- एनआईटी स्थित खान दौलत राम धर्मशाला में त्रिवार्षिक चुनाव : सुबह 11 बजे।

**निवेश गुरु**

**एसआईपी** अर्थात सिस्टेमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान एक वित्तीय नीति है। जिसमें एक किस्त की निश्चित राशि एक स्कीम में नियमित रूप से निवेश किया जाता है। एसआईपी के जरिए निवेशक एक निश्चित राशि नियमित अंतराल पर निवेश करता है। ये आपको एक बार में भारी पैसा निवेश करने की जगह म्यूचुअल फंड में कम अवधि का निवेश करने की आजादी देता है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक 26 को

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम ने बताया कि आगामी 26 सितंबर को हरियाणा के मुख्य उपमुख्यमंत्री एवं फरीदाबाद जिला लोक संपर्क एवं परिवार समिति के अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक का आयोजन दोपहर बाद दो बजे स्थानीय सेक्टर 12 के हुड्डा सम्मेलन केंद्र में किया जाएगा। डीसी विक्रम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिन विभागों की शिकायतें जिला लोक संपर्क एवं परिवार समिति की बैठक के एजेंडे रखी गई हैं। उन एजेंडे से संबंधित विभागों के अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यों का पूरा निपटारा करके लाए।

**क्विक न्यूज**

### वाहन चोर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा ने अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम संदीप है। आरोपी राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव घुमा का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना शहर बल्लभगढ़ के क्षेत्र बस स्टैंड से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में एक चोरी के थाना सदर बल्लभगढ़ के मुकदमे का खुलासा हुआ जिसमें आरोपी ने एक मोटरसाइकिल को 20 सितंबर को मलरेना गांव से चोरी किया है। आरोपी से मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : बरसात में स्मार्ट सिटी बन चुकी है यमराज सिटी



राष्ट्रीय राजमार्ग पर बल्लभगढ़ के निकट भरा बरसात का पानी।



सेक्टर नौ की सड़कों पर बहता झाग युक्त पानी।



सेक्टर 21सी की जर्जर सड़क पर भरा बरसाती पानी।

## शहर की बदहाली देख उपायुक्त ने सम्भाली कमान, संबंधित विभाग लापता

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**एक** तरफ प्रदेश सरकार औद्योगिक नगरी को स्मार्ट बनाने के लिए अरबों रुपये पानी की तरह बहा रही है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम और स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों की लापरवाही अथवा निजी स्वार्थ के कारण शहर की हालत दिन पर दिन नरकीय होती जा रही है। बरसात आने की बात सुनकर ही किसी भी शहर के लोगों के चेहरे खिल उठते हैं, लेकिन स्मार्ट सिटी में बरसात आते ही लोगों के चेहरे बुरी तरह मुर्झा जाते हैं। नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण बरसात शहर के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। निगम द्वारा दस गुणा ज्यादा लागत से बनाई गई आरएमसी सड़के तक टूट चुकी है। बरसात में सड़क के गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। शहर में पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ तक नहीं हैं। नालियां सफाई के अभाव में जाम पड़ी हैं या फिर आपस में कनेक्ट नहीं हैं। नालियों और सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर पहले ही शहर की सड़कों पर बहता रहता है। सीवर का केमिकल युक्त बनी सड़कों पर झाग बन कर चारों तरफ फैल रहा है। निगम के रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम ठप पड़े है। बिगड़े हालातों को देखकर उपायुक्त विक्रम ने बीती रात शहर का दौरा किया। लेकिन संबंधित विभागों के अधिकारी कहीं नजर नहीं आए।



नीलम चौक पर जलभराव के कारण लगा जाम।

### चारों तरफ पानी ही पानी

**पिछले** दिनों से हो रही बरसात ने नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग हो या शहर की अन्य सड़के जहां देखों वहीं सिर्फ पानी की पानी नजर आ रहा है। जबकि बरसात से पहले स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन कई तरह के दावें किये थे।

राष्ट्रीय राजमार्ग के ज्यादातर चौराहों पर जलभराव के कारण वाहन खराब हो रहे हैं। जलभराव के लिए काफी हद तक शहर का अतिक्रमण भी जिम्मेदार है। लोगों ने नालियों के ऊपर अतिक्रमण किया हुआ है। जिसे देखते हुए पूर्व निगमायुक्त यशपाल यादव ने अतिक्रमण हटाने का अभियान भी चलाया था। जिसे देखते हुए लोगों ने खुद ही अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिये थे, लेकिन पूर्व निगमायुक्त का यह अभियान राजनीति की भेंट चढ़ गया। जिसके कारण निगम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया। जिसके कारण फिर शहर भर के नालों पर अतिक्रमण हो गया। जिससे पानी की निकासी का जरिया बंद हो गया। जिसके परिणाम इन दो दिनों में आई बरसात के दौरान साफ नजर आ रहे हैं।

### नदारद रहे निगम अधिकारी

**बृहस्पतिवार** को दिनभर हुई बरसात के कारण शहर की स्थिति बदहाल हो गई। ऐसे में जिला उपायुक्त विक्रम एसडीएम परमजीत चहल के साथ रात साढ़े 11 बजे शहर का जायजा लेने के लिए निकल पड़े। उन्होंने अजरौंदा चौक, नीलम चौक, सेक्टर 15 और हाइवे पर बने बूस्टिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया, लेकिन इस दौरान नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कहीं नजर नहीं आए। जबकि ऐसी स्थिति में मोर्चा संभालने के लिए सबसे पहले नगर निगम के अधिकारियों को आगे आना चाहिए। बरसात के कारण शहर की हालत बद से बदतर हो चुकी है। शहर में अनेक गड्ढेदार सड़कों पर जलभराव कारण दोपहिया वाहन चालक घायल हो रहे हैं। हार्डवेयर प्याली चौक का निर्माण पिछले लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। हार्डवेयर चौक की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। शहर की विभिन्न कालोनियों में जलभराव के साथ साथ बिजली व्यवस्था भी बुरी तरह चरमरा चुकी है। कई इलाकों में तो पिछले 24 घंटे से बिजली नहीं है। डायल 1912 पर शिकायतें करने पर बिजली निगम कोई ध्यान नहीं दे रहा है।





सेक्टर सात-दस की रोड धंसने से हुई बदहाल स्थिति।

### पॉश इलाकों की हालत भी बदतर

**बरसात** से बदहाली का शिकार हुए इलाकों में पॉश सेक्टर तक शामिल है। शहर के पॉश सेक्टरों की सड़कों में भी नदियों की तरह पानी बह रहा है। सेक्टर नौ में तो अलग ही तरह की स्थिति उत्पन्न हो गई। यहां बरसात पानी के साथ सीवर का पानी भी बह रहा है। सीवर लाइनों में सेक्टर छह स्थित कुछ कारखानों द्वारा कैमिकल डाला जाता है। जिससे केमिकल लाइनों से ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रहे पानी में झाग बना रहा है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। इसी तरह शहर के पॉश इलाकों में शामिल सेक्टर 21सी की हालत स्लम बस्तियों की तरह हो गई। सेक्टर में स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने और अन्य सड़कों पर बरसाती पानी बह रहा है। यहां निगम के बूस्टर और मार्बल मार्केट के आसपास भरे पानी के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। सेक्टर की कई सड़कें टूट कर जर्जर हो चुकी हैं। जिसके कारण वाहन चालकों का इन सड़कों से निकला मुश्किल हो गया है, लेकिन इसके बावजूद कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### सुहावनी बरसात बनी आपदा



**समाजसेवी** गुरमीत सिंह देओल का कहना है कि निगम के अधिकारियों की लापरवाही से ही सुहावनी बरसात आपदा बन चुकी है। सड़कों के गड्ढे बरसात आने पर जानलेवा बन जाते हैं। बिना योजना के विकास कार्य करवाए जाने से शहर के सेक्टर और रिहायशी कालोनियां बरसात आने पर जलमग्न हो जाती हैं। अनेक घरों में बरसात का पानी तक घुस आता है। निगम अधिकारियों के दावें हर साल बरसात आते ही खोखले साबित हो जाते हैं।

# शहीदी दिवस पर जनहित सेवा संस्था ने किया पौधरोपण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सामाजिक** संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सौजन्य से गांव डींग के शिव मंदिर के प्रांगण में हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने वीर शहीद सपूतों को नमन करते हुए कहा कि हम अपने वीर शहीदों को कभी भुला नहीं सकते है। आज हम उन्हीं की बदौलत सुरक्षित है।

पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य संयोजक संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत ने वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि आज हम जो आजादी की सांस ले रहे हैं वह अपने वीर शहीद सपूतों की बदौलत ले रहे है। हम हमेशा उनकी कुर्बानी को याद रखेंगे ओर देश सेवा के लिए अपनी युवा पीढ़ी को जागरुक करेंगे। कार्यक्रम में वीर शहीदों को याद करते हुए सभी ने नमन किया एवं उनकी गौरव गाथा का गुणगान किया। शहीदों की याद में संस्था के माध्यम से सभी ने मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित कर पौधरोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रवेश लांबा, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत, कोषाध्यक्ष लोकेश शास्त्री, मुख्य सचिव देवी चरण वैष्णव, उपाध्यक्ष पंडित ओमदत्त शास्त्री, सचिव सुंदर तेवतिया, संगठन सचिव सुनील शास्त्री, बबलू छाबड़ा, दीपक गर्ग, पंडित अमीराम, मास्टर संतोष शर्मा, मास्टर विक्रम तेवतिया, शिव कुमार शास्त्री आदि मौजूद रहे।



गांव डीग में शहीदी दिवस के अवसर पर पौधा रोपण करते जनहित सेवा संस्था के सदस्य।

# बरसात से बिगड़े हालात में लोगों की मदद में जुटी पुलिस

## छत तक डूब चुकी गाड़ी से डॉक्टर अरविंद को सुरक्षित निकाला बाहर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में हो रही तेज भारी बारिश के कारण शहर में एक जगह-जगह पर पानी भरने से बहुत सारी समस्याएं उत्पन्न हो गई है। शहर के सभी चौक चौराहे पानी से लबालब भरे हुए हैं लेकिन फरीदाबाद पुलिस के जवान ज्यों के त्यों अपनी ड्यूटी पर तैनात रहकर नागरिकों की हर संभव सहायता करने की कोशिश कर रहे हैं।

फरीदाबाद पुलिस के जवान पानी में फंसे ट्रक, टेंपो, गाड़ी, मोटरसाइकिल को खुद धक्का लगाकर उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा रहे हैं। सड़कों को जाम मुक्त बनाए रखना पुलिसकर्मियों का कर्तव्य है लेकिन अपने कर्तव्यों से कहीं ऊपर उठकर वह सेवाभाव से आमजन की समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए उनकी हर संभव मदद कर रहे हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों के साथ साथ इंसानियत का फर्ज निभाते हुए बरसात में फंसे लोगों के वाहनों को सुरक्षित बाहर निकाल कर उनको उनके गंतव्य तक रवाना कर रहे हैं। इसी प्रकार कल रात करीब 8 बजे सराय एरिया में फरीदाबाद बायपास रोड पर एक गाड़ी बुरी तरह फस चुकी थी। पीड़ित डॉ अरविंद मैनपुरी से फरीदाबाद होते हुए दिल्ली जा रहे थे जो रास्ता खराब होने के कारण उनकी गाड़ी सड़क पर भरे पानी में धंस गई। पानी गाड़ी के टायरों व बोनट से होता हुआ गाड़ी की छत तक आ पहुंचा। आसपास मदद के लिए कोई भी मौजूद नहीं था। डॉ अरविंद जैसे तैसे खिड़की खोल कर गाड़ी की छत पर चढ़े और वहां से उन्होंने इमरजेंसी नंबर डायल किया। पुलिस को जैसे ही इसके बारे में सूचना प्राप्त हुई तो थाना सराय से हवलदार नरेंद्र और एसआई श्री भगवान थाना प्रभारी की गाड़ी लेकर मात्र 3 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गए जिन्होंने सतर्कता और बुद्धिमता से डॉ अरविंद को बाहर सुरक्षित निकाल लिया। इसके पश्चात पल्ला पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस टीम ने जेसीबी बुलवाकर डॉक्टर की गाड़ी को बाहर निकाला। डॉ अरविंद ने फरीदाबाद पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे दो महीने बाद वापस आए थे।



बाईपास रोडपर धंसी कार को निकालते हुए।



डा. अरविंद।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

बड़े ही संकटों में आज हर इंसान हैं शायद
परेशां आदमी को देख ख़ुश शैतान हैं शायद
बदलते मौसमों की बाढ़, जल-प्रलय से लगता है
धरा पर आदमी से अब कुपित भगवान हैं शायद

# बरसात ज्यादा थी, जल्द स्थिति सामान्य कर लेंगे : डीसी

## जलभराव को लेकर पूरी रात सड़कों पर रहने के बाद सुबह फिर एक्शन में दिखे उपायुक्त

## प्रत्येक जलभराव वाले स्थान का निरीक्षण कर निर्देश दे रहे हैं उपायुक्त विक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पिछले** दो दिन से लगातार हो रही भारी बरसात के बाद शहर में जलभराव की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त विक्रम लगातार एक्शन में है। पूरी रात अधिकारियों के साथ अलग-अलग स्थानों का दौरा करने के उपरांत शुक्रवार सुबह फिर से उन्होंने उन सभी स्थानों का निरीक्षण किया जहां जलभराव की स्थिति ज्यादा गंभीर है। उपायुक्त ने इस दौरान एनएचएआई के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग व सर्विस लेन जल्द से जल्द क्लियर चाहिए। इसके साथ ही अन्य विभागों को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि हमें जल्द से जल्द लोगों को राहत देनी है।

उपायुक्त विक्रम शुक्रवार सुबह सबसे पहले बाटा चौक व नीलम चौक का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि इन दोनों स्थानों से भारी संख्या में ट्रैफिक क्रॉस होता है ऐसे में उन्होंने स्थिति को देखते हुए यहां टैंकरों की संख्या तुरंत बढ़ाने के निर्देश दिए। बाटा चौक पर बने हुए गड्ढों को उन्होंने साथ-साथ भरने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके पश्चात उपायुक्त विक्रम ने बल्लभगढ़ फ्लाईओवर के पास सर्विस लेन का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने निर्देश दिए कि यहां पर मोटरों की संख्या बढ़ाई जाए। इसके पश्चात उपायुक्त ने जेसीबी चौक पर बूस्टर का निरीक्षण किया और वहां पर भी अतिरिक्त पंपों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने इस दौरान वाईएमसीए चौक, ओल्ड फरीदाबाद, एनआईटी व अन्य सभी स्थानों पर अधिकारियों की टीम के साथ लगातार निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जब भी बरसात हो ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास व एनएचपीसी अंडरपास को तुरंत वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम यहां से पानी की निकासी की व्यवस्था करें और जैसे ही स्थिति सामान्य होती है तुरंत टेंडर लगाकर इस समस्या का स्थाई समाधान भी करें। उन्होंने बताया कि बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जितने भी पंप हाउस है उनमें लगातार निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जाए। उन्होंने शहर की बिजली व्यवस्था सामान्य करने के निर्देश भी बिजली निगम के अधिकारियों को दिए। उपायुक्त ने इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर 25 पंप भी बढ़वाए जाए।



जलभराव को लेकर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते डीसी विक्रम।

# धर्म भूषण उपाधि से सुरेन्द्र शर्मा बबली सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अखिल** भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली को उनके सामाजिक धार्मिक कार्यों के लिए पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी ने धर्म भूषण उपाधि से सम्मानित किया।

शंकराचार्य ने कहा पं सुरेन्द्र शर्मा बबली समाज व धर्म सेवा में अग्रसर रहते इन्होंने सनातन धर्म संस्कृति के प्रसार में अहम भूमिका निभाई है तथा राष्ट्र की उन्नति के प्रति सदैव समर्पित भाव से लगनशील रहते हैं।। इस अवसर पर सुरेन्द्र शर्मा बबली ने श्रद्धेय शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी का आभार व्यक्त किया। कहा मैं सदैव सामाजिक धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेता रहूंगा। इससे पहले भी समाज रत्न अवार्ड राजधानी रत्न अवार्ड सनातन रक्षक अवार्ड ब्राह्मण सम्राट ब्राह्मण रत्न ब्राह्मण गौरव मानव शान अवार्ड जैसे अनेकों अवार्ड से सम्मानित हुए हैं।



अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा को धर्म भूषण उपाधि से सम्मानित करते पुरी के शंकराचार्या स्वामी निश्चलानंद सरस्वती।

# एचआईवी मरीज को इलाज के लिए खाने पड़े धक्के

## सीएमओ से मानव अधिकार आयोग ने 15 नवंबर तक मांगा जवाब

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** में बीके अस्पताल और एआरटी सेंटर होने के बाद भी एचआईवी मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है। उनका न तो ऑपरेशन किया जा रहा है और न ही उनकी जांच की जा रही है। एक मरीज की परेशानी को पायनियर ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

इस खबर को समाजसेवी अनीशपाल ने मानव अधिकार आयोग को भेजा था। खबर पर संज्ञान लेते हुए मानव अधिकार आयोग ने सीएमओं को एचआईवी मरीजों की जांच व इलाज की सुविधाएं उपलब्ध न होने का क्या कारण है, इसकी रिपोर्ट आगामी 15 नवंबर 2022 को पेश करने के निर्देश दिए हैं।

**यह था मामला :** शहर में एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए चाहे जितने भी दावे किये जाएं, लेकिन सच्चाई इसके विपरीत है। यहां मरीजों को दवा तो मिल रही है। लेकिन उनके ऑपरेशन की सुविधा जिले में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में उन्हें निजी अस्पतालों, दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल या एम्स जैसे बड़े अस्पतालों में स्वयं जाकर ऑपरेशन करवाना पड़ता है। एनआइटी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाला एक व्यक्ति चार साल से एचआईवी पॉजिटिव है। वह दवाईयां लगातार ले रहा है। जुलाई माह में कावंड लेने हरिद्वार गया था। जहां उसे एक बाइक वाले ने टक्कर मार दी थी। लौटकर उसने बीके अस्पताल में दिखाया तो चिकित्सक ने ऑपरेशन की सलाह दी। खुद को एचआइवी पॉजिटिव बताने पर चिकित्सक ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया। जब तक वह दिल्ली पहुंचा तब तक उसे देर हो चुकी थी। करीब डेढ़ माह बाद उसका ऑपरेशन हुआ। लेकिन पीड़ित का कहना है कि यदि फरीदाबाद में ऑपरेशन समय पर हो जाता, तो इतनी परेशानी नहीं होती।

**इनसे की थी बात :** पायनियर संवाददाता ने मरीज के विषय में पीएमओ डॉ. सविता यादव, डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत और सेक्टर-आठ ईएसआई अस्पताल के प्रभारी डॉ. अखिल महाजन से बात की थी। जिसमें पीएमओ से पता कि यहां केवल गर्भवती की डिलीवरी तो करवाई जाती है, अन्य पॉजिटिव मरीजों के ऑपरेशन बीके में नहीं अन्य डॉक्टरों के पॉजिटिव होने के खतरे के कारण नहीं किए जाते। डॉ. महाजन ने कहा था कि ईएसआई में पॉजिटिव का इलाज है, लेकिन मरीज का ईएसआई कार्ड होना जरूरी है।

वहीं एचआईवी विभाग की प्रभारी एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत ने पॉजिटिव को दवाओं की व्यवस्था तो सेक्टर-आठ स्थित एआरटी सेंटर में मौजूद है। लेकिन अभी तक पॉजिटिव मरीजों के ऑपरेशन की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यहां से मरीजों को दिल्ली ही भेजा जाता है।



बीके अस्पताल का फाइल फोटो।

# जलवायु परिवर्तन आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा संकट : कृष्णपाल गुर्जर

## हवा, पानी और मिट्टी के संरक्षण को जन आन्दोलन बनाना होगाः कुलपति प्रो. एसके तोमर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** सेवा प्रतिष्ठान फरीदाबाद तथा ग्रीन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा वायु, जल और भूमि विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'इको-2022' प्रारंभ हो गया।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय ऊर्जा तथा भारी उद्योग मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण गतिविधियों के राष्ट्रीय सहसंयोजक राकेश जैन मुख्य वक्ता तथा वाटरमैन ऑफ इंडिया के रूप में लोकप्रिय प्रसिद्ध जल संरक्षणवादी डॉ. राजेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा भारत सेवा प्रतिष्ठान फरीदाबाद के चेयरमैन श्रीकृष्ण सिंघल ने की। ग्रीन इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. जगदीश चैधरी तथा कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी उपस्थित थे। छह तकनीकी सत्र आयोजित किये जा रहे है, जिसमें 20 से ज्यादा विशेषज्ञ वक्ता वायु, जल एवं भूमि से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-मंथन करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़े संकट का कारण है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन (कॉप-21) में भारत द्वारा जलवायु परिवर्तन को लेकर वर्ष 2030 तक रखे गये लक्ष्यों का उल्लेख करते हुए केन्द्रीय ऊर्जा राज्यमंत्री ने कहा कि कॉप-21 में प्रधानमंत्री ने 2030 तक अपनी बिजली क्षमता का 40 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्त्रोतों से प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता जताई थी, जिसे देश ने नवंबर 2021 में ही हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत गांवों के पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों को अमूल्य धरोहर बताते हुए गुर्जर ने कहा कि जल एवं ऊर्जा संसाधनों का समुचित उपयोग होना चाहिए, लेकिन यह तभी होगा जब इसके प्रति लोग संवेदनशील बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज देशभर में 'मुफ्त' का कार्यक्रम चल गया है।

राकेश जैन ने जलवायु परिवर्तन के लिए पहाड़ों पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई तथा निर्माण कार्यों को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि देश में कचरे के ऊंचे पहाड़ बन रहे है, जिनसे निकलने वाली विषैली गैसें पर्यावरण को दूषित कर रही है। 'पेड़ लगाओ, पानी बचाओ और पोलीथीन हटाओ' का नारा लगाते हुए उन्होंने कहा कि देश में प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या 28 है, जोकि प्रति व्यक्ति 400 होनी चाहिए। सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन के तकनीकी सत्र को डॉ. राजेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया।


जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

# अवैध निर्माण से कई मकानों में आई दरार विरोध में किया रोड जाम



**पायनियर संवाददाता।** फरीदाबाद

**डबुआ** कालोनी के ई-ब्लॉक में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा अपने प्लॉट पर लपरवाही किये गए निर्माण का खामियाजा आसपास के लोगों को उठाना पड़ रहा है। आसपास के कई मकानों में दरार आ गई। शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों का गुस्सा सातवें आसपास पहुंच गया।

शुक्रवार को लोगों ने सड़क पर जाम लगा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने के प्रयास शुरू कर दिये। इस निर्माण का विरोध कर रहे देवेंद्र भाटी, सतपाल और अन्य लोगों ने बताया कि ई-ब्लॉक की गली नंबर चार में स्थित एक डेयरी संचालक का 500 वर्गगज का प्लॉट है। कुछ समय पहले उन्होंने इसमें 50 वर्ग गज हिस्सा सुदेश नाम के व्यक्ति को बेच दिया था। सुदेश ने 50 गज के प्लॉट में चार मंजिला इमारत खड़ी कर दी है। आरोप है कि यह निर्माण गलत तरीके से किया गया है। इसके लिए निगम से किसी तरह की कोई मंजूरी नहीं ली गई है। आरोप है कि निगम कर्मचारियों की मिलीभगत से यह निर्माण किया गया है। अन्य मकानों की नीव में पानी घुस गया है।

प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे नगर निगम के जेई दिनेश आर्य ने लोगों को आश्वासन दिया कि मौसम साफ होते ही मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जल के बिना जीवन की कल्पना भी व्यर्थ है : गुर्जर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा के तहत जल संरक्षण को लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसाना में जल संरक्षण रैली में भाग लिया और गांव तिलपत में हर घर नल से जल योजना के तहत गांव के लोगों को जल संरक्षण के बारे जागरूक किया।

उन्होंने कहाकि जल के बगैर कुछ नहीं है जब तक हम जल की बचत नहीं रोकेंगे पानी के दुरुपयोग को नहीं रोकेंगे पानी नहीं बचेगा। हमें पानी की एक-एक बूंद को बचा कर रखना है। सेवा पखवाड़ा के तहत जनहित के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, हेल्थ चेकअप कैंप, पौधारोपण, जल बचाओ अभियान, हर घर नल से जल योजना जैसे कार्यक्रम पूरे देश में चल रहे हैं। पीएम की स्कीम है हर घर में नल और नल में जल यह कोई छोटी मोटी स्कीम नहीं है पांच लाख करोड़ की स्कीम है अब तक देश में छह करोड़ घरों में नल के कनेक्शन लग चुके हैं। घर में नल हो और नल में जल ना हो तो नल का क्या फायदा। हमें पानी के दुरुपयोग से बचना है। पानी बहुत कीमती है। इस अवसर पर सरपंच विनोद नागर, चरन सिंह, अध्यक्ष बलजीत नंबरदार, सोताश अधाना, कर्ण सिंह बोहरा, सुखबीर सूबेदार, जगबीर अधाना, नाथी सिंह, चंद्रपाल, बिजेंदर, रूपचंद, प्रताप, सतपाल, प्राचार्य डॉ. रीना कुमारी, ऋतु चावला, रीना, शशि रंजना, अनीता, योगेश शर्मा, अमित छाबड़ा, रवि डांगी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



# ड्यूटी के साथ निभा रहे इंसानियत का फर्ज

## हमारे जवान फरीदाबाद पुलिस की शान, इनके कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कमः डीसीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** में हो रही भारी बारिश के बीच कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आ रही हैं जो जिसे देखकर आप अपने शहर की पुलिस पर गर्व महसूस करेंगे। परिस्थितियों में भी फरीदाबाद पुलिस विभाग शिद्दत से कार्य कर रहा है। ट्रैफिक पुलिसकर्मी जी जान लगाकर लोगों की मदद कर रहे हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस अपने कर्तव्यों से कहीं आगे बढ़कर शहरवासियों की सुरक्षा के लिए मेहनत कर रही है। यातायात पुलिसकर्मी इतनी भारी बरसात के बावजूद अपनी ड्यूटी पर पूरी तरह से सजग हैं। बारिश बरसात के कारण उत्पन्न हुई ट्रैफिक जाम की स्थिति से निपटना तो है ही साथ ही किसी आमजन को इस बारिश के कारण किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसलिए अपने आसपास के एरिया में बारिश के बीच फंसे व्यक्ति की मदद करके उसको अपनी मंजिल तक पहुंचाना भी ट्रैफिक पुलिस का लक्ष्य है।

रात मथुरा हाईवे पर बल्लभगढ़ नहर के पास बने विक्टर 4 पॉइंट पर तैनात सिपाही गिरधारी स्वतंत्र तथा होमगार्ड जितेंद्र मौजूद थे कि एक कार बीच सड़क बंद हो गई और पानी बोनट से ऊपर तक आ चुका था। पुलिसकर्मियों ने गाड़ी चालक की मदद करने के लिए एक क्रेन मंगवाई ताकि गाड़ी को बांधकर बाहर निकाला जा सके। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने धक्का देकर गाड़ी को पानी से थोड़ा बाहर निकाला। उसे क्रेन से खींचकर सड़क पर एक साइड में खड़ा किया। सुबह इसी जगह पर हवलदार बच्चू सिंह, सिपाही स्वतंत्र और होमगार्ड प्रीतम को जब एक गाड़ी चालक पानी में गाड़ी को निकालने की मशक्तत कर रहा था तो हवलदार बच्चू सिंह भीगने की परवाह किए बिना उसके पास पहुंचे। डीसीपी ट्रैफिक ने यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए सराहनी की।


पानी में फंसे वाहनों को धक्का देकर बाहर निकालते पुलिस अधिकारी।

# एडवांस्ड इंस्टीट्यूट में मनाया इंटरनेशनल फार्मेसी दिवस

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एडवांस्ड इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के प्रांगण में इंटरनेशनल फार्मेसी दिवस मनाया गया। सभी छात्रों एवं छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शुरुआत चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल, चेयर पर्सन डॉक्टर पूनम गोयल, कुमारी गरिमा गोयल एडमिनिस्ट्रेटर एआईई, डॉक्टर सुनील दलाल प्रिंसिपल, लक्ष्मी शर्मा, प्रिंसिपल, डॉ आर आर पांडे, प्रिंसिपल एआइपी अर्पणा राणा एवं रजिस्ट्रार दिव्या वर्मा के शुभ हाथों से किया गया। इसके बाद सभी प्रतियोगिताओं का आरंभ किया गया। जिसमें रंगोली चार्ट व पोस्टर वर्किंग मॉडल इत्यादि थे। कार्यक्रम के दूसरे भाग में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. अर्पणा राणा ने फार्मासिस्ट दिवस का महत्व बताया। उन्होंने शारीरिक एवं मानसिक विकलांगता में फार्मासिस्ट के योगदान पर प्रकाश डाला।

# महालया अमावस पर होगी शहर में भव्य पूजा

**कविता।** फरीदाबाद

**दुर्गा** पूजा उत्सव बंगाली समुदाय महाष्ठी, महासप्तमी, महाअष्टमी, महानवमी और दशमी तक इसे मनाता है। देवी दुर्गा ने महिसासुर का वध किया था। इसलिए इस उत्सव में बुरी शक्ति का विनाश होकर शुभ शक्ति की विजय होती है। यह बात पंडित (पूजारी) हेमंत मुखर्जी, राजीव निओगी और निकुंज खुलबी ने सेक्टर-16 स्थित कालीबाड़ी मंदिर में कही। उन्होंने बताया कि पूजा से पहले महालया अमावस मनाई जाती है, जिसका बहुत महत्व होता है।

उन्होंने बताया कि आगामी 25 अक्टूबर को इस महालया अमावस को मनाई जाएगी। इस दिन पितृ पक्ष का समापन एवं देवी पक्ष के आगमन की सूचना होती है। इस दिन पितृ तर्पण किया जाता है। जिनके पूर्वज परलोक गमन किए हैं, उनका उद्देश्य से तिल तर्पण किया जाता है। पुराण में वर्णित है कि ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने असुर को बध करने के लिए देवी दुर्गा माता की श्रृष्टि की थी। अमावस्या पर इसलिए विशेष रूप से मनाया जाता है। इसके बाद नवरात्र शुरू होता है। इस दिन मंदिर में चंडी पाठ करके विशेष पूजा शुरु की जाती है। लोग मंदिर में सुबह से शुरू होने वाली पूजा के लिए तिल, गंगा जल, भोज्जो (डाल, चावल, तेल, मशाला, नमक, कपड़े) पंडित को दान करते हैं और दक्षिणा देते हैं।

**गरीबों की सेवा से शुरू होगी पूजा:** फरीदाबाद कालीबाड़ी के प्रधान डॉ. प्राणजीत भौमिक ने बताया कि गरीबों की सेवा से मां दुर्गा की पूजा शुरू की जाएगी। 30 सितम्बर को मंदिर में कैम्प लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के लिए लोग 29 सितम्बर को कालीबाड़ी के मोबाइल नंबर 9667881118 पर अपना पंजीकरण करवा सकेंगे।

**बांस का पंडालः** महासचिव औचिंत्य कुमार पंडित ने बताया कि इस बार दुर्गा पूजा के लिए बांस का पंडाल तैयार किया जा रहा है। जोकि 100 फीट बाई 160 फीट का बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंडाल में 2500 से तीन हजार लोगों के एक साथ बैठकर खाना खाने तक की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर उनके संग मनोरंजन संतरा, देवाशीष बसाक, सुमन कुमार आचार्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को मुर्ति का अनावरण होगा। दीप प्रज्वलित करके सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। इसके बाद बच्चों के लिए मैजिक शो होगा।


फरीदाबाद कालीबाड़ी में तैयार होता पंडाल।

# आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ करेगी आंदोलनः भड़ाना

**फरीदाबाद।** बीते पांच दिन से लगातार डीसी कार्यालय के बाहर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विनीत गोस्वामी द्वारा की जा रही भूख हड़ताल व अनिश्चितकालीन धरना आखिरकार खत्म हो गया है। शुक्रवार को फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना के साथ जिले के सभी साथियों ने मिलकर विनीत गोस्वामी को जूस पिलाकर उनका धरना खत्म करवाया।

आपको बता दें कि करीब 6 महीने पहले आम आदमी पार्टी ने अवैध पार्किंग का एक मुद्दा उठाया था उस समय पुलिस द्वारा ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया गया था कि अब यहां कोई अवैध पार्किंग नही होगी परंतु अब छह महिने बाद यह मुद्दा फिर गरमा रहा है तो इसी कारण आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। परंतु अब आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने हड़ताल को खत्म करा दिया है। इस मौके पर भड़ाना ने कहा कि यह हड़ताल हरियाणा सरकार द्वारा किये जा रहे रजिस्ट्री, शिक्षा विभाग, अवैध पार्किंग एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ है।

# धनखड़ गुजरात नेशनल गेम्स हरियाणा टीम के कोच नियुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गुजरात में आयोजित हो रहे 36वें नेशनल गेम्स में 30 सितम्बर से चार अक्टूबर तक एथलेटिक्स हरियाणा के 69 एथलीट खिलाड़ियों का दल भाग लेगा।

हरिणाणा दल में 37 महिलाएं और 32 पुरुष शामिल हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि प्रीति हिसार 100 मीटर, दीपांशी रोहतक, किरण पहल सोनीपत 400 और चार गुना 400 मीटर रिले, पूजा फतेहाबाद और उर्वशी झज्झर 800 मीटर, भारती सोनीपत 5000 और 10000 मीटर, सोनिका भिवानी, बाधो चरखी दादरी,पूजा सिरसा 10000 मीटर, भतेरी हिसार, सम्मी हिसार 400 मीटर हर्डल, प्रीति लांबा 3000 मीटर स्टेपल चेज, रेखा फतेहाबाद, रूबीना यादव रेवाडी हाई जंप, पूजा हिसार, रजनी भिवानी और वंशिका घनघस भिवानी पोलवाल्ट, मनप्रीत कौर अम्बाला, रेखा जींद और योगिता भिवानी शाट पुट, निधि रानी रोहतक, पूजा चरखी दादरी, संदीप कुमारी भिवानी और सुनीता देवी भिवानी डिस्कस थ्रो इवेंट में, हैमर थ्रो में रेणु सोनीपत और संजीता झज्झर, कुमारी शर्मिला भिवानी, पुष्पा जाखड झज्झर और शिल्पा रानी जींद जेवेलिन थ्रो इवेंट में, काजल करनाल, सोनू कुमारी चरखी दादरी और तनु हिसार हैप्टाथलान इवेंट में, मोनिका झज्झर, प्रीति चरखी दादरी और रवीना जींद 20 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में और निशा हिसार एवं नैंसी रोहतक 4 गुणा 400 रिले और मिक्स रिले में भाग लेकर हरियाणा राज्य का नाम रौशन करेंगी।


सत्यवीर धनखड़।

# संक्षिप्त समाचार

## हरियाणा वीर एवं बलिदानियों की धरती है: डॉ. सिंह



**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के तत्वावधान में हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के अमर महान नायक शहीद राव तुलाराम सहित सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आरएन सिंह ने कहा कि हरियाणा की धरती सदैव से हीं वीर एवं बलिदानियो की धरती रही है। डॉ. सिंह ने अमर शहीद राव तुलाराम के राष्ट्र प्रेम, समर्पण एवं सर्वोच्च बलिदान की चर्चा करते उन्हें अतुलनीय वीर बलिदानी बताया। उन्होंने कहा कि अमर शहीद राव तुलाराम की जीवनी से हम सबको शिक्षा लेने की आवश्यकता है। डॉ. सिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि आज के तारीख मे भी देश की सभी सीमाओं पर सजग प्रहरी के रूप में हरियाणा के वीर जवानों की समर्पित सेवा सबसे अधिक है। उपस्थित गणमान्य लोगों ने शहीद राव तुलाराम तथा सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त किए। पुष्प एवं विचारों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आरएन सिंह, भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश अनुशासन कमेटी की चेयरमैन बहन नीरा तोमर, यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) नारायण सिंह, संगठन मंत्री पं. केबी दूबे, श्रमिक प्रकोष्ठ के प्रभारी एडवोकेट नागेश सिंह, चन्द्रशेखर यादव, विष्णु पाण्डेय आदि प्रमुख थे।

## 1857 की क्रांति के जननायक थे शहीद राव तुलारामः शर्मा

**बल्लभगढ़।** शहीदों की चिताओ पर लगेंगे हर वर्ष मेले, बस एक यही निशा बाकी रहेगा की कहावत को सार्थक करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह पार्क में पहुंचकर शहीद स्मारक पर शहीदों को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शहीद राव तुलाराम ने आजादी की अलख जगाई थी। शहीद राव तुला राम ने छोटी सी आयु में ही अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए सेना तैयार की थी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 1857 की क्रांति के जननायकों में से शहीद राव तुलाराम एक थे। मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने कहा शहीदों की बदौलत ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों की कुर्बानी को कभी नहीं भुलाया जा सकता। वे हमेशा हमेशा के लिए समाज के प्रेरणा स्त्रोत बनें रहेंगे। इस दौरान भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद, एसीपी मुनीष सहगल और शहर के कई गणमान्य लोगों ने भी शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शहर में लगातार चल रही बरसात के दौरान बरसाती पानी के निकासी के लिए उचित प्रबंध करें। इस मौके पर प्रताप भाटी, पारस जैन, लखन बेनीवाल, महेश गोयल, दीपक यादव, संदीप चौधरी, प्रेम खट्टर, बिट्टू पंजाबी, रोशन लाल गेरा, नवीन चेची, कैलाश वशिष्ट, सुंदर आजाद, महेश मित्तल, रिछपाल लांबा, ओमप्रकाश यादव सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ऑपरेशन मजनू के तहत 10 मनचले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला अपराध के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कॉलेज तथा पार्क से 10 मनचलों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए मनचलों में पवन, चमन, भारत, बसंत, राहुल, सोलार, हर्ष, विहार, राहुल तथा महिंद्र का नाम शामिल है। मनचलों को काबू करने के लिए महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मौजूद थी। युवकों ने जब सादी वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो महिला पुलिस ने उन्हें मौके से काबू कर लिया। महिला पुलिस थाना तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने छह युवकों को केएल मेहता कॉलेज तथा चार लड़कों को पार्क में महिलाओं तथा लड़कियों का पीछा करके उन्हें परेशान करते हुए काबू किया। लड़कों से पूछताछ करने पर पता चला कि यह लड़के आवारा घूमते रहते हैं और छात्राओं तथा महिलाओं पर भद्दे कमेंट पास करते रहते हैं। छेड़छाड़ करने वाले युवकों के परिजनो को थाने बुलाया गया तथा उन्हें सख्त हिदायत देते हुए चेतावनी दी गई कि यदि अगली बार वह ऐसी हरकत करते पाए गए तो उन उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी जिसमें उन्हें जेल तक जाना पड़ सकता है। पुलिस प्रवक्ता ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1091 जारी किया हुआ है। इसके अलावा हरियाणा पुलिस का 112 नंबर नागरिकों की सहायता के लिए उपलब्ध है। सभी से अनुरोध है कि यदि उन्हें समाज में महिला विरुद्ध या किसी भी अन्य प्रकार का अपराध होते हुए दिखाई दे तो उक्त नंबरों पर फोन करके पुलिस को इसके बारे में तुरंत सूचना दें। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीसीपी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ फील्ड में उतरे



**फरीदाबाद।** बारिश के कारण पैदा हुए परिस्थितियों का जायजा लेने के लिए डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल, एसीपी मुनीश सहगल, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार तथा अन्य सभी जोन के एसीपी रात फील्ड में मौजूद रहे और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा सेवाभाव से किए जा रहे सराहनीय कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनकी हौसला अफजाई की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आने वाले 2 दिनों में ओर भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है जिससे कि शहर में हालात और भी खराब हो सकते हैं इसलिए ट्रैफिक से संबंधित शहरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी न आए इसके लिए डीसीपी ट्रैफिक व एसीपी हालातों का जायजा लेने के लिए फील्ड में मौजूद थे। बारिश के कारण अंडरपास पूरी तरह से भर चुके हैं जिनके बाहर नाकाबंदी कर दी गई है ताकि गलती से कोई उसके अंदर न चला जाए या किसी बच्चे के साथ कोई दुर्घटना घटित ना हो जाए। भारी बारिश होने के कारण बहुत से वाहन बीच सड़क पर बंद हो रहे हैं जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। डीसीपी ट्रैफिक ने यातायात पुलिसकर्मियों को हिदायत दी है कि यदि उन्हें उनके आसपास कोई भी व्यक्ति बारिश के कारण परेशानी से जूझता हुए दिखाई दे तो उसकी मदद करें और उसके वाहन को एक सुरक्षित जगह पर पहुंचाकर उसकी सहायता करें। इसके अलावा शहर में सड़कों पर बहुत अधिक गड्ढे हो चुके हैं जिसके लिए संबंधित विभाग को सूचना दी जा रही है। कुछ जगहों पर पुलिसकर्मी खुद ही इन गड्ढों को भरने का काम कर रही है ताकि कोई व्यक्ति इन गड्ढों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो। डीसीपी ट्रैफिक ने ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इतनी विकट परिस्थितियों में पूरी सतर्कता से ड्यूटी पर तैनात रहना बहुत ही बहादुरी का काम है और फरीदाबाद के सभी पुलिसकर्मी बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं।

## कर्तव्य फाउंडेशन ट्रस्ट ने की सैनिटरी पैड्स इंसीनरेटर मशीन भेंट

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेड़ी कला में आज वीरवार को कर्तव्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सैनिटरी पैड्स इंसीनरेटर मशीन भेंट की गई। इस अवसर पर कर्तव्य फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन श्री एस के माथुर ने बताया कि इस मशीन से महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा अस्पताल के सभी डॉक्टरों को सम्मानित किया गया।

# गुरुग्रामवासियों के लिए बेमौसमी बारिश बनी आफत


गुरुग्राम-जयपुर हाइवे की सर्विस लेन में भरे पानी से गुजरती कार।


गुरुग्राम-जयपुर हाइवे की सर्विस लेन में भरा बरसाती पानी।


गुरुग्राम में बरसाती पानी के बीच बंद हुई बाइक को पैदल ले जाता युवक।


गुरुग्राम में बरसात के पानी के बीच अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त हुई कार।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## आपदा प्रबंधन ने दी कर्मचारियों को घर से काम करने की सलाह

## निजी कंपनियों से आपदा प्रबंधन की ओर से की गई है अपील

**बेमौसमी** बरसात फिर से गुरुग्रामवासियों के लिए आफत बनकर बरसी है। दो दिन से लगातार हो रही बरसात ने फिर से शासन-प्रशासन के दावों को खोखला साबित कर दिया है फिर से मिलेनियम सिटी पानी-पानी हो गई है। फिर से वही यातायात जाम से लोग जूझे। ऐसे में फिर से आपदा प्रबंधन ने निजी कंपनियों के कर्मचारियों को घरों से ही काम करने की अपील की है। यानी नया कुछ नहीं देखने को मिला। हर बार की तरह हाइवे और दूसरी सड़कों पर जलभराव हुआ। इसके साथ ही सड़कों में गड्ढे भी बन गए हैं।

गुरुवार को शुरू हुई बरसात कुछ समय के लिए थमीं और फिर से शुरू हो गई। शुक्रवार की सुबह से ही बरसात जारी रही। बरसात के बीच जलभराव से वाहनों की रफ्तार धीमी होनी स्वाभाविक है। नए-पुराने गुरुग्राम के बीचों-बीच गुजर रहे दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 का तो बुरा हाल ही रहा। हरियाणा ही नहीं देश और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण शहर गुरुग्राम की ऐसी स्थिति के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर शासन की कोई सख्ती नहीं होती। अधिकारी बदलते रहते हैं। समस्याएं वही की वही रहती हैं।

**बाकी विकास खूब हुए पर पानी निकासी के प्रबंध फेल :** केंद्र और हरियाणा सरकार ने कई परियोजनाओं को सिरे चढ़ाकर यहां विकास के खूब काम किए हैं। फ्लाईओवर, अंडरपास, यू-टर्न जैसी तमाम सुविधाएं दे दी हैं। यानी सामान्य दिनों में यातायात जाम लगने वाले प्वाइंट पर यातायात सिगनल खत्म करके नॉन स्टॉप वाहनों का संचालन किया है। अगर इलाज नहीं हो पाया है तो वह है जलभराव। अनेक अधिकारियों की यहां नियुक्ति हुई है। हर बार अधिकारी बरसात से पूर्व शहर का दौरा करके बरसाती पानी निकासी की जायजा लेते हैं। अपने अधीनस्थ अधिकारियों को समयसीमा में नालों की सफाई करवाकर जलभराव नहीं होने के दावे करते हुए अखबारों की सुर्खियां बनते हैं। लेकिन जब बरसात आती है तो सब दावे झूठे साबित होते हैं, सब काम अधूरे नजर आते हैं। सबसे बड़ी बात है कि सरकार की ओर से किसी का जवाबदेही तक तय नहीं की जाती।

**लोग नालों में डालते हैं घरों से निकली गंदगी :** एनएच-48 की सर्विस लेन की बात करें तो आम तौर पर यहां नालों से निकलकर पानी सड़क पर भरा रहता है, क्योंकि नालों की सफाई नहीं की जाती। नाले बंद पड़े रहते हैं। इसमें हाइवे किनारे के गांवों के लोगों की भी गलती साफ नजर आती है। क्योंकि लोग अपने घरों का कूड़ा-करकट सीधे इन नालों में ही डालकर घर की सफाई कर लेते हैं। नालों में डाला गया वही कूड़ा उनके घरों के आगे भरने वाले गंदे पानी का कारण बनता है। इसके बावजूद भी लोग समझदार नहीं हो रहे। हीरो हौंडा चौक से जयपुर की तरफ जाते समय सीधी तरफ के गांव के लोग अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महान योद्धा राव तुलाराम अंग्रेजों से आखिरी सांस तक लड़े


गुरुग्राम में राव तुलाराम को श्रद्धांजलि देते लोग।

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को राव तुलाराम जी की पुण्यतिथि पर न्यू रेलवे रोड स्थित कैनविन हाउस में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने साथियों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि राव तुलारामजी महान योद्धा और स्वतंत्रता सेनानी थे। अहीरवाल की धरती पर जन्म लेकर उन्होंने ना केवल अहीरवाल, बल्कि पूरे हरियाणा को गौरवान्वित किया। कम उम्र में ही पिता के निधन के बाद माता ज्ञान कौर से उन्हें देशभक्ति का ज्ञान मिला। वे अंतिम समय तक देश की आजादी के लिए लड़े और अंग्रेजों से लड़ते हुए ही अमर शहीद हो गए। गोयल ने कहा कि आजादी आंदोलन के साथ पाकिस्तान और चीन के साथ हुई जंग में अहीर वीर योद्धाओं का बलिदान सदा याद रखा जाएगा। ऐसे योद्धाओं पर हमें गर्व तो होना ही चाहिए, साथ ही हमें अपनी पीढ़ियों को उनके बलिदान की गाथा भी सुनानी चाहिए। अमर शहीद राव तुलाराम जी को श्रद्धांजलि देने वालों में कमांडर उदयवीर सिंह, ईशु वाल्मीकि, रोहताश सैनी, प्रताप गुलिया, रजनीश सैनी, जगजीत सैनी, योगेश शर्मा, बॉबी कटारिया, पंडित सोनाराम, बलजीत, प्रवीन, मोहित वत्स, दर्पण शर्मा, विजय वर्मा, कमल वर्मा, सुरेंद्र पन्नू, राजेश शर्मा, संदीप भारद्वाज, ताराचंद आदि शामिल रहे।

### वजीराबाद तहसील क्षेत्र में सबसे अधिक 130 एमएम बारिश हुई

**गुरुग्राम।** जिले में सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक सबसे अधिक बारिश पटौदी क्षेत्र में 80 एमएम हुई। दूसरे नंबर पर फरूखनगर तहसील क्षेत्र में 52 और तीसरे पर गुरुग्राम तहसील क्षेत्र में 29 एमएम बारिश दर्ज की गई। दो दिन से लगातार हो रही बारिश से शहर में काफी जगह पर जलभराव हो चुका है। शुक्रवार को तहसील गुरुग्राम, पटौदी और फरूखनगर के अलावा सब-तहसील कादीपुर व हरसरू में 23एमएम बारिश, वजीराबाद तहसील में 20 एमएम, सब-तहसील बादशाहपुर क्षेत्र में 15एमएम, तहसील मानेसर में 7 एमएम और सोहना तहसील में सबसे कम 4 एमएम बारिश हुई। सुबह 7:30 बजे से पहले की बात करें तो वजीराबाद तहसील क्षेत्र में सबसे अधिक 130 एमएम बारिश, दूसरे नंबर पर तहसील मानेसर में 115 एमएम, तहसील गुरुग्राम में 114 एमएम, सब तहसील कादीपुर व हरसरू में 110-110 एमएम और सोहना तहसील क्षेत्र में 108एमएम बारिश दर्ज की गई। इसी तरह से फरूखनगर तहसील में 66 एमएम, सब-तहसील बादशाहपुर में 64 एमएम और तहसील पटौदी क्षेत्र में 45 एमएम बारिश हुई। तस्वीर साफ है कि जिलाभर में कहीं पर अधिक कहीं कम लेकिन बरसात जरूर हुई है।

### खेतों में भरा बरसाती पानी, किसान खासे परेशान



**सोहना।** पिछले 24 घंटा में हुई रुक-रुककर बरसात से शहर के वार्ड-19 के आबादी क्षेत्र से लगते खेतों में गंदे नाला के पानी से जलभराव हो गया। किसानों की सब्जी की फसल जलमग्न होने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ। वहीं महामारी फैलने का खतरे ने स्थानीय नागरिकों को बेचैन कर दिया है। क्षेत्र में हो रही बरसात शहरवासियों के लिए आफत बनकर बरस रही है। इस बरसात से सबसे ज्यादा परेशानी वार्ड-19 के नागरिकों के लिए पैदा हो गई है। जहां आबादी क्षेत्र से लगते खेतों में बरसाती व गंदे पानी के नालों का पानी जमा हो गया है। आबादी क्षेत्र से लगते 5 से 7 एकड़ जमीन पर तीन से चार फुट पानी जमा हो गया है। यहा के निवासी दीनदयाल सैनी का कहना है कि खेतों में स्थानीय किसान 90 फीसरी सब्जी पैदा करते है। लेकिन खेतों में बरसाती पानी जमा होने से सब्जी की फसल खराब हो गई है। जिससे एक किसानों को सब्जी की फसल खराब होने से एक से दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। किसानों ने फूलगोभी, टमाटर, बेंगन, पत्ता गोभी, पालक, आलू, गाजर, मैथी, प्याज, धनिया आदि की फसल बिजाई की हुई थी। वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में रहने वाले और पिछले करीब 7 साल से आम रास्तों में गंदे पानी जमा होने की लड़ाई लड़ रहे ललित कुमार का कहना है कि गंदे नाले का पानी आम रास्तों में जमा होने से मक्खी, मच्छर और बरसाती कीड़ों का आतंक छा जाता है। जिससे स्थानीय नागरिकों को मलेरिया, डेंगू के अलावा अन्य जानलेवा बीमारियां फैलने के पूरे-पूरे आसार बन चुके हैं। संजीत का कहना है कि खेतों में शहर के बरसाती व गंदे पानी के नालों से यह जलभराव हो रहा है, क्योंकि शहर से बाहर जाने का पानी का स्तर ऊंचा होने के कारण बैक मार रहा है। मंगलनगर के दिन आबादी क्षेत्र के साथ जलभराव होने के कारण स्थानीय नागरिक दिन छुप जाने के बाद अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। गुलाब सिंह का कहना है कि वृद्ध और छोटे बच्चों को तो दिन के समय में भी बाहर नहीं जाने देते।

# गुरुग्राम से अग्रोहा धाम भेजी 2000 किलो खाद्य सामग्री


अग्रोहा धाम के लिए खाद्य सामग्री से भरे ट्रक को रवाना करते अग्र समाज के समाजसेवी।

## महाराजा अग्रसेन जयंती के लिए भेजी गई यह सामग्री

## 24 से 26 सितम्बर तक जयंती समारोह में पहुंचेंगे करीब सात लाख लोग

**गुरुग्राम।** अग्रोहा धाम (हिसार) में मनाई जाने वाली महाराजा अग्रसेन जयंती में लोगों के लिए खाने-पीने के प्रबंध में गुरुग्राम की भी हिस्सेदारी होगी। इसके लिए यहां से 2000 किलो खाद्य सामग्री भेजी गई है। खाद्य सामग्री से भरी गाड़ी को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने यहां न्यू रेलवे रोड स्थित कैनविन टावर से झंडी दिखाकर रवाना किया।

नवीन गोयल ने बताया कि आगामी 24 से 26 सितम्बर तक अग्रोहा धाम में बड़ा मेला होने जा रहा है। इस मेले में करीब सात लाख लोग पहुंचकर महाराजा अग्रसेन को नमन करेंगे। सभी लोगों के लिए विशेष खान-पान की व्यवस्था होगी। व्यापक तैयारियां वहां पर की जा रही हैं। गुरुग्राम से भी खाद्य सामग्री भेजी गई है, ताकि यहां के लोगों की नेक कमाई का हिस्सा धर्म के कार्य में लगे। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने हमें जो मानवता, इंसानियत का रास्ता दिखाया है, उस पर चलते हुए अग्र समाज आगे बढ़ा है। जनसेवा उन्होंने सिखाई है। एक रुपया एक ईंट दान करने की जो उन्होंने रीत चलाई, उससे करोड़ों लोगों का जीवन खुशहाल हुआ है। इसमें कोई दोराय नहीं कि देश की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में अग्र समाज का अहम योगदान है। हर अच्छे समय में, हर आपदा के समय में अग्र समाज दान देने में अग्रणी रहता है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं असिस्टेंट गवर्नर रोटरी गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि अग्रोहा धाम में ऐतिहासिक मेला लगता है। इस कार्य में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच गुरुग्राम इकाई, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, कैनवनि फांउडेशन समेत समस्त अग्रवाल समाज का योगदान मिला है। इस अवसर पर रघुनंदन अग्रवाल, गगन बंसल, विपुल अग्रवाल, सीए यमन गर्ग आदि मौजूद थे।

## लायंस क्लब सोहना टाउन के सरदार अवतार सिंह बने प्रधान

**सोहना।** सामाजिक कार्यों में अग्रणीय सेवा करने वाली लायंस क्लब सोहना टाउन के सरदार अवतार सिंह प्रधान बने। सरदार अवतार सिंह क्लब के 30वें प्रधान बने है। शपथ दिलाई गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह से लेकर स्कूलों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों की हर तरीके से मदद करते हुए पढ़ाई कराना, नि:शुल्क गरीब लोगों की आंखों का चैकअप और लैंस वाले ऑपरेशन कराने से सामाजिक कार्यों में पिछले 30 वर्ष से जनसेवा में हमेशा समर्पित रहने वाले क्लब ने अपना सर्वसम्मति से सरदार अवतार सिंह को प्रधान बनाया।

# मेयर मैडम, निगम कमिश्नर..जरा विचार करें, न्याय करें

## जलभराव पर भाजपा नेता ने भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

## कुछ समय पूर्व बनाए नाले, फिर भी सेक्टर-10 पानी-पानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** की कालोनियों में जलभराव से आजीज लोग लगातार सोशल मीडिया पर तस्वीरें और कमेंट लिखकर अधिकारियों को कोस रहे हैं। लोगों ने हर सोशल प्लेटफार्म पर गुरुग्राम के जलभराव को प्रशासन की विफलता बताया है।

भाजपा नेता कमांडर उदयवीर यादव ने जलभराव पर अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए कहा है कि पार्षद, निगम के इंजीनियर स्वयं में कंसलटेंट भी हैं और तकनीक के जानने वाले भी हैं। इनके अजूबे विश्व में आठवें अजूबे के नाम से जाने जाएंगे।

सेक्टर-10 में सीवर का और बाहर का पानी खांडसा मंडी की तरफ जाकर भरता है। सुझाव दिया था कि यदि नाले सेक्टर के बाहर बनाए जाते हैं तो यह पानी सेक्टर में नहीं आता।

उन्होंने कहा है कि करीब 8 करोड़ रुपये खर्च करके सेक्टर-10 में बरसाती पानी निकासी के लिए नाले पर और आरसीसी सड़क बनाकर लेवल ऊंचा किया था। हालात अब भी पहले जैसे ही हैं। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा है कि-खेल खत्म पैसा हजम। कौन जिम्मेदार। कौन करदाताओं की जेब पर डाका डाल रहा है। मेयर मैडम, निगम कमिश्नर जरा विचार करें, गौर करें और हो सके तो कुछ न्याय करें।

# नप सरकारी विभागों को ब्याज माफी छूट के साथ कर भुगतान को दोबारा देगी नोटिस

## नप ने बकाया संपत्ति कर के दिए थे एक करोड़ 27 लाख रुपये के नोटिस

## नप सरकारी विभाग को एक बार फिर से रिमांड नोटिस देने की कर रही है तैयारी

> **प्रदेश** सरकार ने राज्य के राजस्व खर्चा को बढ़ाने और बकाया संपत्ति कर को वसूलने के लिए उपभोक्ताओं को संपत्ति कर में छूट दी है। यह छूट कुल संपत्ति कर पर लगा ब्याज को माफ किया है। यदि कोई भी संस्था एक बार में अपना संपत्ति कर जमा करती है। उसे 5 फीसदी की अलग से भी छूट दी जाएगी। **अतर सिंह ( कार्यकारी अधिकारी नप )**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद एक बार फिर शहर में स्थापित सरकारी विभागों को संपत्ति कर जमा कराने के लिए नोटिस जारी करेगी। लेकिन इस बार के नोटिस में सरकारी विभागों को योजना के मुताबिक संपत्ति कर में दी जाने वाली छूट के आधार पर कुल राशि में राहत दी जाएगी। नगर परिषद ने करीब डेढ़ माह पहले शहर में स्थापित सरकारी विभागों के भवन कार्यालय पर बकाया संपत्ति कर के एक करोड़ 27 लाख रुपये के नोटिस जारी किए थे, लेकिन बिजली निगम के एक्सइएन और एसडीओ कार्यालय द्वारा अपना-अपना संपत्ति कर का जमा कराया है।

अन्य किसी भी विभाग द्वारा परिषद को नोटिस दिए जाने के करीब एक माह बाद तक संपत्ति कर जमा नहीं किया है, लेकिन नगर परिषद संपत्ति कर जमा न कराने वाले सरकारी विभाग को एक बार रिमांड नोटिस देने की तैयारी कर रही है। जिससे परिषद की आय हो सके।

**नियम के आधार पर मिलेगी छूट :** नगर परिषद दूसरी बार सरकारी विभागों को दिए जाने वाले रिमांड नोटिस में सरकार के नियमानुसार संपत्ति कर की कुल राशि में छूट दी जाएगी।

इस छूट के आधार पर प्रत्येक विभाग को 5 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक की छूट मिलने के आसार हैं। जबकि 5 से 6 सरकारी ऐसे विभाग हैं। जिन पर नगर परिषद का लाखों रुपये का संपत्ति कर वर्ष 2010-11 से बकाया चला आ रहा है।

## आईआरबी के कुक ने की सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़, केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी ने पुलिस उपायुक्त के आदेश पर आईआरबी द्वितीय वाहिनी के कुक के खिलाफ मेडिकल दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया गया है। ये कागजात आरोपी कुक द्वारा पीजीआई रोहतक में तैयार कराए गए थे।

भोंडसी में स्थित आईआरबी द्वितीय वाहिनी के आदेशक धर्मबीर सिंह ने गुरुग्राम पुलिस उपायुक्त को 5 मई 2022 को एक प्रार्थना पत्र लिखा। जिसमें जोगिन्द्र कुक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराए जाने की मांग की गई। धर्मबीर सिंह ने पुलिस उपायुक्त को लिखे पत्र बताया कि जोगिन्द्र सिंह अपना रोहतक स्थित पीजीआई की ओपीडी में स्वास्थ्य की जांच कराई।

# जनस्वास्थ्य विभाग ने परिषद को पत्र लिखकर नालों की सफाई कराने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के दमदमा मोड़ पर बनी बरसाती पुलिया के गंदे पानी में जमा कूड़ा-कचरा कर रहा है सीवर जाम।

**जनस्वास्थ्य** विभाग ने नगर परिषद को पत्र लिखते हुए गंदे व बरसाती नालों का पानी सीवर में जाने वाले स्थानों पर कूड़ा-कचरा को रोकने के उद्देश्य से लोहे की जाल लगाने की मांग की है। जिससे सीवर लाइन में कचरा जाने से गंदे व बरसाती पानी का जमा होने की परेशानी से बचा जा सके।

मालूम रहे कि शहर के दमदमा मोड़ पर बना जनस्वास्थ्य विभाग की सीवर लाइन में गंदे व बरसाती नालों में बहकर आ रहा कूड़ा-कचरा जमा हो गया था। जिससे सीवर लाइन में पानी जाना बंद हो गया। यही कारण रहा जो पिछले पांच दिन तक शहर के वार्ड-19 के आबादी क्षेत्र के आम रास्तों में गंदा पानी जमा हो जाने से स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जनस्वास्थ्य विभाग ने जमा गंदे पानी की निकासी के लिए गुरुग्राम से विशेष मशीन लाकर सीवर लाइन में जमा कूड़ा-कचरा को बाहर निकलवाया। उसके बाद आम रास्तों में जमा गंदा पानी नालों के माध्यम से सीवर लाइन में चला गया।

> **नगर** परिषद यदि बरसाती व गंदे पानी के नालों बहकर आने वाले कूड़े-कचरा को बीच-बीच में लोहे के जाल लगाकर जाने से रोकती है। उसके बाद शहर में गंदा व बरसाती पानी जमा होने की समस्या छुटकारा मिल जाएगा। **-ओमप्रकाश सिंह ( एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग )**

> **नगर** परिषद द्वारा गंदे व बरसाती नालों में कूड़े कचरे को रोकने के लिए पांच लाख रुपये के लोहे के जाल लगवाएं हैं, लेकिन दमदमा मोड़ पर बनी पुलिया के साथ से हटाये गये जाल को दोबारा स्थापित किया जा रहा है। **दिगम्बर सिंह ( जेई नप )**

**जुर्माना लगाने की चेतावनी :** जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर परिषद को कड़े शब्दों चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि सीवर लाइन में कूड़ा-कचरा फं सता है। जाम हुए सीवर लाइन को खुलवाने के दौरान खर्च होने वाली राशि नगर परिषद को देनी होगी। साथ में जहां-जहां भी नालों का पानी सीवर लाइन में डाला हुआ है। वहां-वहां पर लोहे के जाल लगाने को कहा गया है।

# कनिका सैनी ने हरिद्वार में मारा सिल्वर पर निशाना


हरिद्वार में हुई जूनियर व सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में कोच भगवत सैनी के साथ सिल्वर मेडल जीतने वाली कनिका सैनी।

**सोहना।** देवपुरा हरिद्वार के भल्ला स्पोर्ट्स स्टेडियम हुई ओपन सब जूनियर व सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में कनिका सैनी ने सिल्वर मेडल जीतकर नाम रोशन किया। कनिका सैनी ने सिल्वर मेडल जीतकर राज्य व जिले का नाम रोशन किया है। भल्ला स्पोर्ट्स स्टेडियम देवपुरा हरिद्वार में ओपन सब जूनियर व सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता 16 से 22 सितंबर 2022 तक चली। कनिका सैनी के कोच भगवत सिंह ने बताया कि कनिका सैनी ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया कनिका ने रैंकिंग राउंड में 14 वीं रैंक प्राप्त की थी दूसरे दिन एलिमिनेशन राउंड नॉकआउट मैच में कनिका ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने पहला नॉकआउट मैच असम के खिलाड़ी से खेला। जिसको कनिका ने 4-6 से हराकर समीफ इनल में जगह बनाई। कनिका का सेमी फ इनल मैच मेजबान राज्य हरिद्वार के खिलाड़ी के साथ हुआ। जिसको कनिका ने 3-7 से हराकर फ इनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में कनिका का सामना उत्तर प्रदेश से खिलाड़ी से हुआ जिसमें 6-4 से टक्कर देते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। कनिका सैनी सोहना के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में भगवत सिंह तीरंदाजी कोच के सानिध्य में तीरंदाजी का प्रशिक्षण ले रही है। कनिका अंतराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के लिए रोजाना 4 से 5 घंटे नियमित तीरंदाजी का अभ्यास करती है। कनिका सैनी ने पहला राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया था। कनिका सैनी का इस प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतने से हौसला काफी बुलन्द है।

# शारदा अस्पताल ने दवा सुरक्षा पर केंद्रित रोगी सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



**विश्व** रोगी सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में शारदा अस्पताल ने रोगियों के अधिकारों और सुरक्षा के महत्व पर एक सप्ताह का शिविर शुरू किया। शारदा मेडिकल कॉलेज के छात्रों के साथ डॉक्टरों, चिकित्सकीय और गैर-चिकित्सकीय कर्मचारियों ने शिविर के दौरान पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, रोगी परामर्श और एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह सहित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

दवा सुरक्षा के प्रति जागरूकता के महत्व को संबोधित करते हुए, शारदा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. आदेश के. गडपयेले ने कहा, &quot दवा सुरक्षा अक्सर सबसे मौलिक सुरक्षा प्रोटोकॉल होता है, फिर भी रोगियों द्वारा इसकी सबसे ज्यादा अनदेखी की जाती है। यह आदत के कारण है। अक्सर लोग किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के बजाए स्वयं दवाई लेने लगते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्या ज्यादा जटिल हो जाती है। हमने लोगों को रोगियों के रूप में उनके कानूनी अधिकारों और दुर्घटनाओं, दुर्व्यवहार और गलत इलाज को रोकने के लिए प्रोटोकॉल के बारे में भी जागरूक किया। शारदा अस्पताल के सीओओ, भाग्यलक्ष्मी ने कहा, ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक व्यवहार शारदा अस्पताल के मूल मूल्य हैं जो हमारे डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों को हमारे रोगियों के साथ लंबे समय तक अच्छे संबंध बनाने में मदद करते हैं। शिविर के दौरान, हमारे संकाय सदस्यों, अस्पताल के कर्मचारियों और मेडिकल छात्रों ने रोगी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने और हमारे मूल मूल्यों के अनुसार सहानुभूति और करुणा के साथ रोगियों के साथ व्यवहार करने की शपथ ली।

इसके अतिरिक्त, शारदा मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर के हमारे छात्रों ने रोगी सुरक्षा के बारे में अपनी समझ व्यक्त की और इससे जुड़ी कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शारदा अस्पताल के बारे में 2006 में स्थापित, शारदा अस्पताल ग्रेटर नोएडा, एनसीआर में स्थित एक अत्याधुनिक मल्टी-सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल है। नौ एकड़ में फैले शारदा अस्पताल में 1200 से अधिक बिस्तर हैं और वैश्विक मानकों के अनुरूप व्यापक चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं और परिष्कृत उपकरणों से लैस है।

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 24 सितंबर, 2022



# आकांक्षी जिले को सरकारी योजनाएं बनाएंगी समृद्ध व खुशहाल : ढेसी

### मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी ने की रैनीवेल तथा आकांक्षी जिला के पैरामीटरों की समीक्षा

### प्रधान सचिव ने सभी स्कूलों में शौचालय चालू रखने के दिए निर्देश

कासिम खान। मेवात


बूस्टिंग स्टेशन भादस का लेआउट देखते हुए मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी।

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी ने शुक्रवार को आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल नूंह जिले का दौरा कर जिले में चल रहे विभिन्न विकास तथा आकांक्षी पैरामीटरों के कार्यों की समीक्षा की। फिरोजपुर झिरका के लघु सचिवालय स्थित जिला के अधिकारियों संग मीटिंग करते हुए मुख्य प्रधान सचिव ने कहा आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल नूंह को सरकार की विभिन्न योजनाएं समृद्ध और खुशहाल जिला बनाएंगी।

उन्होंने आकांक्षी पैरामीटरों की समीक्षा करते हुए बताया कि नूंह का डेल्टा रैंकिंग 95 है। जिसमें स्वास्थ्य व पोषण 111, शिक्षा में सात, कृषि तथा जलसंसाधन में 22वां, वित्त एवं समावेश कौशल में 40वां, मूलभूत संसाधनों में नूंह जिला 9वां स्थान पर आता है। ढेसी ने कहा कि देश के 112 जिले आकांक्षी जिलों में चिन्हित किए गए हैं। जिसमें नूंह जिला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि आकांक्षी जिलों में मूलभूत सुविधाएं तथा संसाधनों को पर्याप्त तथा मजबूत बनाया जाए। केन्द्र सरकार का उदेश्य है कि यह जिला भी प्रगति करे तथा जिले की डेल्टा रेकिंग में तेजी से सुधार हो। उन्होंने नूंह में शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए जिला के सभी उपमंडल अधिकारी नागरिकों को निर्देश दिए कि वे स्कूलों का निरीक्षण करें, तथा विद्यालयों में चल रही शिक्षा की गुणवत्ता पर नजर रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के सभी स्कूलों में बने शौचालय चालू स्थिति में होने चाहिए। ताकि बच्चों को शौचालय के लिए स्कूल समय में पढ़ाई छोड़कर अपने घर नहीं जाना पड़े। उन्होंने स्कूलों में दिए जा रहे मिड डे मील की जानकारी ली कि बच्चों को खाने में किस प्रकार का भोजन दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालयों में दाखिला प्रगति, पाठन सामग्री, स्वच्छ पेयजल, जिला में लगाए गए शिक्षा सहायकों की योग्यता की भी जानकारी ली। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि मेवात कैडर में नूंह जिला के मूल निवासी कितने अध्यापक हैं। अध्यापकों की कमी के बारे में उन्होंने कहा कि शिक्षा सहायक अस्थाई तौर पर लगाए गए हैं, नियमित भर्ती के लिए सरकार द्वारा जल्द ही व्यापक कदम उठाए जाएंगे। मुख्य प्रधान सचिव ने मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना, टीकाकरण, संस्थागत डिलीवरी, पोषण माह में चल रहे कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर डीसी अजय कुमार ने मुख्य प्रधान सचिव को आकांक्षी जिला के पैरामीटरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि नूंह जिला की डेल्टा रैंकिंग में निरंतर सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि नूंह जिला में शिक्षा के स्तर के सुधार के लिए एनजीओ के माध्यमों से लगाए गए शिक्षा सहायकों से 225 स्कूलों में 478 शिक्षा सहायक नियुक्त होने से सभी स्कूलों में अध्यापकों की कमी लगभग पूरी हुई है।

### मुख्य प्रधान सचिव ने ली रैनीवेल परियोजना की जानकारी

**मीटिंग** से पूर्व मुख्य प्रधान सचिव ने गांव भादस स्थित रैनिवेल परियोजना के बूस्टिंग स्टेशन का निरीक्षण करने के दौरान यहां से हो रही पेयजल आपूर्ति की जानकारी लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी गांवों में पेयजल आपूर्ति समय पर होनी चाहिए। परियोजना बनाकर सरकार के समक्ष भेजें। उन्होंने यहां पर बनाए गए पानी के टैंक की क्षमता, बिजली की आपूर्ति तथा अन्य कमियों को तुरंत प्रभाव से दूर करने के निर्देश दिए।

# अब रैनीवेल परियोजना में बाधा नहीं बनेगी बिजली


फिरोजपुर झिरका में आकांक्षी जिला के संबंध में अधिकारियों संग मीटिंग करते मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी।

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

### डीएस ढेसी ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एमडी को स्थाई समाधान को कहा

### ढेसी के मेवात दौरे के बाद रैनीवाल समस्या का 18 साल बाद हो पाया समाधान

**प्रदेश** की सबसे बड़ी पेयजल योजना रेनीवेल में बिजली कभी बाधा नहीं बनेगी। यमुना किनारे मोहाली गांव में बनाए गए मुख्य बूस्टिंग स्टेशन में अब कम से कम 18-20 घंटे बिजली आपूर्ति हसनपुर पावर हाउस से की जाएगी। नूंह तथा पलवल जिले के लोगों को अब रेनीवेल परियोजना से पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री हरियाणा के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी के शुक्रवार को मेवात दौरे के बाद इस समस्या का समाधान 18 साल बाद हो पाया है। मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी ने इस समस्या के निदान के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एमडी पीसी मीणा से ना केवल बात की बल्कि इस समस्या का हमेशा के लिए समाधान करा दिया।

आपको बता दें कि शुक्रवार को मुख्य प्रधान सचिव सीएम हरियाणा डीएस ढेसी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की रेनीवेल परियोजना का भादस गांव में दौरा किया और विभाग के अधिकारियों से इस परियोजना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। जिसके बाद यह बात निकलकर आई कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही। जिसकी वजह से मोहाली में कम समय तक ट्यूबवेल चल पा रहे हैं अगर उन्हें 18-20 घंटे बिजली मिले तो नूंह जिले में पेयजल की समस्या का समाधान पूरी तरह किया जा सकता है।

# डेरा सच्चा सौदा ने मनाया पावन महापरोपकार दिवस

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा


डेरा सच्चा सौदा में शुक्रवार को पावन महापरोपकार दिवस पर डेरा के पंडाल में बैठी साध-संगत।


डेरा सच्चा सौदा में शुक्रवार को पावन महापरोपकार दिवस पर डेरा के सामने सड़क पर संगत की भीड़ का नजारा।

**डेरा** सच्चा सौदा में शुक्रवार को 32वां महापरोपकार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाह सतनाम जी धाम में पावन भंडारे की नामचर्चा का आयोजन किया गया। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के भारी उत्साह के सामने कई एकड़ में बना डेरा सच्चा सौदा का पंडाल छोटा पड़ गया।

सुबह 11 बजे पवित्र नारा-धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा के साथ महा परोपकार दिवस के पावन भंडारे की शुरुआत हुई। इसके बाद कविराजों ने शब्दवाणी के माध्यम से गुरू महिमा गाई। पावन भंडारे के दौरान पूज्य गुरू जी की 12वीं चिट्ठी को पढ़कर सुनाया गया। चिट्ठी में पूज्य गुरुजी ने लिखा है कि हमने जब से डेरा सच्चा सौदा बना है, तबसे लेकर आज तक आप सबको हमेशा राम-नाम से, मानवता व सृष्टि के भलाई के लिए व अच्छे कर्म व नि:स्वार्थ भावना से सबसे प्रेम करने के लिए प्रेरित किया था, कर रहे हैं व हमेशा करते रहेंगे। इसके अलावा भी काफी प्रेरणादायी बातें गुरूजी ने चिट्ठी में लिखी हैं।

नामचर्चा की शुरूआत से पहले ही पूरा पंडाल साध-संगत से खचाखच भर गया था। इसके साथ ही सड़कों पर दूर-दूर तक साध-संगत की कतारें ही नजर आ रही थीं। इस अवसर पर मानवता भलाई के 142 कार्यों को गति देते हुए संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां व उनकी बेटी हनीप्रीत इन्सां की ओर से 132 जरूरतमंद परिवारों को एक-एक माह का राशन दिया गया। शाह सतनाम जी ग्रीन एस. वेल्फेयर फोर्स विंग की ओर से साथी मुहिम के तहत 13 दिव्यांगों को ट्राइसाइकिलें दी गई। वहीं एक विक्षिप्त को उसके परिवार को सौंपा गया।

**बारिश भी नहीं रोक पाई गुरू के प्यारों के कदम** : गुरुवार शाम से ही पावन महापरोपकार दिवस के भंडारे में शिरकत करने के लिए साध-संगत पहुंचना शुरू हो गई थी।

# सेवा पखवाड़े के तहत पुस्तकें व फल किए वितरित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में सेवा पखवाड़ा के तहत महिलाओं को सामग्री वितरित करतीं भाजपा नेत्री।

**शुक्रवार** को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में महिला मोर्चा गुरुग्राम ने स्लम केयर फाउंडेशन सूर्या विहार में पुस्तकें, फल एवं महिलाओं के लिए जरूरत की सामग्री वितरित की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए गए सेवा पखवाड़े के तहत यह कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश महिला मोर्चा सचिव एवं महिला मोर्चा गुरुग्राम प्रभारी अलीशा तोमर की विशेष उपस्थित रहीं। जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गुरुग्राम के नेतृत्व में होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को हीमोग्लोबिन के बारे में जानकारी दी गई तथा पोषक आहार महिलाओं की आवश्यकता है। इस विषय पर बल देकर चर्चा की गई। कार्यक्रम जिला सचिव सोनिया यादव, महिला मोर्चा महामंत्री अलका सचदेवा, महिला मोर्चा सचिव रेखा सैनी, जिला कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा रितिका जाखड़, दयानंद मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा कनिका अग्रवाल के अलावा स्लम केयर फाऊंडेशन की संचालिका दीपाली, विकास स्वामी, राजकुमार शर्मा, राजकुमार व शिवरत्न मौजूद रहे।

# गैंगस्टर सूबे गुज्जर की खेतों में बनीं आलीशान कोठी पर चला बुल्डोजर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के गांव बार गुज्जर में गैंगस्टर सूबे गुज्जर की अवैध रूप से बनी कोठी को ढहाती नगर निगम मानेसर की टीम।

**गैंगस्टर** सूबे गुज्जर की आलीशन कोठी पर नगर निगम की बुलडोजर का पीला पंजा चला। देखते ही देखते कोठी को जमींदोज कर दिया गया। किसी भी तरह की हिंसा को देखते हुए भारी पुलिस भी मौके पर तैनात की गई। चर्चाएं यह भी रही कि अपराध की दुनिया में संलिप्त बदमाशों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। संजय कुमार कार्रवाई में मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग-48 से वाया नौरंगपुर के आगे चलकर गांव बार गुज्जर है। बताया जा रहा है कि इस कोठी का अवैध रूप से निर्माण किया गया था। मानेसर नगर निगम की इनफोर्समेंट विंग की ओर से बार गुज्जर गांव स्थित इस कोठी को ढहाने का काम शुरू किया गया। खेड़कीदौला थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि किसी भी तरह से हिंसा की आशंका के चलते काफी संख्या में पुलिस की भी तैनाती की गई।

**पहले कई बार दिए नोटिस का नहीं किया पालन** : नगर निगम मानेसर की ओर से कहा गया कि इस अवैध निर्माण को लेकर कई बार नोटिस दिया गया था, लेकिन कोठी मालिकों द्वारा नोटिस की पालना नहीं की गई। ऐसे में नगर निगम को एक्शन लेना पड़ा।

# हरियाणा शहीदी दिवस: आफताब अहमद ने शहीदों को किया याद

### विधायक ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना

### कहा, शहीदों की शहादत से ही देश को आजादी मिली

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**जिला** कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर कांग्रेस विधायक दल उप नेता आफताब अहमद ने हरियाणा शहीदी दिवस पर प्रदेश व देश भर के शहीदों को याद करते हुए कहा कि शहीदों की शहादत के कारण ही देश को आजादी मिली और आज लोग खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

सभी धर्मों के लोगों ने देश के लिए शहादतें व कुर्बानियां दी और आजादी दिलाई। इस दौरान पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने भी शहीदों को याद करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ खिराजे अकीदत पेश की।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि शहीदों की गौरव गाथाएं सदैव अपनी समृद्ध विरासत की याद दिलाएंगी। उन्होंने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को याद करते हुए उनकी कुर्बानी को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। इस दौरान स्थानीय लोगों की जन समस्याएं विधायक आफताब अहमद ने सुनी और संबंधित अधिकारियों को फोन कर उनके समाधान के लिए निर्देश दिए। विधायक आफताब अहमद ने प्रदेश सरकार पर शहीदों के अपमान का इल्जाम लगाते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानी शहीद हसन खान मेवाती के नाम पर नूंह के नल्लहड में बना मेडिकल कॉलेज आज सरकार के पक्षपातपूर्ण रवैए के कारण खुद बीमार चल रहा है। ये दर्शाता है कि प्रदेश सरकार शहीदों की शहादत का सम्मान नहीं करती है।

किसानों की आय 2022 तक दोगुनी करने का वायदा करने वाले भाजपाई सरकार ने किसान की लागत दोगुनी से अधिक कर दी है। आफताब अहमद ने जलभराव के कारण खराब हुई फसलों की विशेष गिरदावरी कराने की मांग करते हुए कहा कि सरकार किसानों को उचित मुआवजा दे और पिछले लंबित पड़े मुआवजों को भी दे। बीते साल भी नूंह जिले की लगभग 30000 एकड़ खेती जलभराव के कारण बर्बाद हो गई थी, लेकिन सरकार ने ना कोई सबक सिखा और ना किसानों के नुकसान की भरपाई की। मौके से ही विधायक आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त अजय कुमार आईएएस से भारी बारिश के कारण किसानों व आम जन के नुकसान की भरपाई के लिए फोन किया और जल्द आवश्यक कदम उठाने को कहा है।

आफताब अहमद ने स्कूलों की दयनीय हालत को देखते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मेवात की शिक्षा प्रणाली को खराब कर रही है और तीनों कांग्रेस विधायकों के तमाम प्रयासों के बाद भी पूरे शिक्षक नहीं मिले हैं, कुछ शिक्षक विधान सभा में मामला उठाने व शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री से मिलने के बाद मिले थे लेकिन अभी भी हालात संतोषजनक नहीं हैं। इस दौरान सैंकड़ों गण माननीय स्थानीय लोग मौजूद थे।

### पानी निकासी न होने से ये शहर बने ताल तलैया

**आफताब** अहमद ने कहा कि मेवात सहित पूरा प्रदेश बारिश के कारण लबालब भर गया, भाजपा सरकार के कुशासन के कारण मूलभूत सुविधाएं भी लोगों को नहीं मिल पा रही हैं। नूंह, पुन्हाना, फिरोजपपुर झिरका, तावडू, हथीन सहित सभी शहरों का पानी निकासी न होने के कारण बुरा हाल है। गुड़गांव जैसे शहर भी तालाब बन गए हैं, ये साबित करता है कि भाजपा जजपा सरकार पूरी तरह विफल हो गई है।

### बाजरा की खरीद में देरी से किसान का हुआ नुकसान

**आफताब** अहमद ने किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि बारिश हो रही है लेकिन सरकार बाजरा जैसी फसल की सरकारी खरीद को लेटकर कर किसानों का नुकसान कर रही है, जिस कारण किसान औने पौने दामों पर बिचौलियों को फसल बेचने पर विवश है, इस मामले को उन्होंने बीते सप्ताह भी संबंधित विभाग के समक्ष उठाया भी था।

### इन मार्गों की मरम्मत कराए सरकार

**आफताब** अहमद ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि गुड़गांव अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए नूंह के मालब, घासेडा, कंवरसिका, भादस और सोहना में अत्याधिक टूट गया है, जिसे जल्द से जल्द मरम्मत किया जाए ताकि दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाओं से बचा जाए और यातायात बाधित ना हो।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक चालक लापता

**तावडू।** उपमंडल की सीमा से जा रहे कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे से एक ट्रक चालक के लापता होने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस जांच में जुटी है। अलवर नौगांवा रणबीरबास निवासी हसन खान ने बताया कि उसका 35 वर्षीय पुत्र आसीन एक निजी कंपनी के ट्रक पर बतौर चालक नियुक्त है। 17 सितंबर को आसीन ट्रक लेकर मुंबई से गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के लिए चला था। उनके साथ में गांव का ही एक अन्य चालक दूसरे ट्रक को लेकर फरीदाबाद के लिए आ रहा था, वह 21 सितंबर की रात 11.45 बजे के करीब गांव धुलावट के पास कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर पहुंचे। जहां दोनों थोड़ी देर के लिए रुके। पीड़ित का कहना है कि कुछ देर रुकने के बाद साथी चालक अपनी गाड़ी को लेकर वहां से फरीदाबाद चला गया, जबकि आसीन का ट्रक केएमपी पर ही खड़ा रहा, इसी दौरान आसीन अचानक लापता हो गया। वह अपने स्तर पर अब तक बेटे की तलाश में जुटा हुआ था, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी है।

### नूंह जिले में रिकार्ड बरसात, खरीफ की फसलों पर संकट


डॉक्टर अजय तोमर जिला क्वालिटी कंट्रोल अधिकारी नूंह।

**मेवात।** बरसात में किसानों की टेंशन बढ़ा दी है। पिछले कई दिन से हो रही झमाझम बरसात से ज्वार, बाजरा, धान तथा कपास की खेती को खासा नुकसान हो सकता है। बेमौसम बरसात ने इस बार रिकॉर्ड तोड़ने का काम कर दिया है। खेतों में पक चुकी बाजरे की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान देखने को मिल रहा है। इसके अलावा कपास की चमक में भी कमी आना लाजमी है। इतना ही नहीं ज्वार तथा धान की फसल को भी इस बेमौसम बरसात से नुकसान होने से इनकार नहीं किया जा सकता। जिला क्वालिटी कंट्रोल अधिकारी डॉ अजय तोमर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि फसल पूरी तरह पकाई पर है। पकी फसल पर बरसात कुछ हद तक नुकसान कर रही है। दाने की चमक फीकी पड़ जाती है तथा मार्केट कीमत कब मिलती है। पिछले 2 दिन में तावडू खंड में 101 एमएम बरसात, नगीना खंड में 86 एमएम बरसात, फिरोजपुर झिरका में क्षेत्र में 76 एमएम बरसात, नूंह में 95 एमएम, पुन्हाना में 102 एमएम बरसात रिकॉर्ड की गई है। जिससे क्षेत्र में किसानों की फसलों को काफी नुकसान हो सकता है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर गड्ढे में फंसा एक कंटेनर



**मेवात।** राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर फिरोजपुर झिरका शहर में स्थित अंबेडकर चौक के समीप एक गड्ढे में कंटेनर फंस गया इस मुख्य मार्ग पर कंटेनर के फंसने से काफी देर तक जाम जैसे हालात बने रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिछले काफी समय से गड्ढे देखने को मिल रहे हैं। रही सही कसर पिछले कई दिनों से हो रही झमाझम बरसात ने पूरी कर दी। दोपहर के समय एक कंटेनर अलवर की तरफ से नूंह की तरफ जा रहा था। जैसे ही कंटेनर अंबेडकर चौक फिरोजपुर झिरका के समीप पहुंचा तो गड्ढे में फंस गया। कंटेनर को चालक ने निकालने की भरसक कोशिश की, लेकिन पोपलैंड मशीन की मदद से ही बाहर निकाला जा सका। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर हो रहे गड्ढों को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रहा। लापरवाही से किसी दिन जान माल का भी बड़ा नुकसान हो सकता है। लोगों के मुताबिक पिछले काफी समय से सड़क में यह गड्ढा है। जिसमें पहले भी कई बार वाहन फंस चुके हैं और कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। यह आलम तब है जब चंद घंटे बाद सीएम के प्रधान सचिव डीएस ढेसी को इसी मार्ग से फिरोजपुर झिरका लघु सचिवालय में आकांक्षी जिले को लेकर अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करनी थी। गनीमत रही कि पुलिस प्रशासन वीआईपी के दौरे को लेकर पहले ही सतर्कता था, वरना गड्ढे में फंसे इस कंटेनर की वजह से लंबा जाम देखने को मिल सकता था, जिससे राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता।

### गाय की सेवा करने से मिटती है दरिद्रता : वासुदेव

**पलवल।** शिव मंदिर देवनगर पलवल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में वासुदेव व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण गो माता की सेवा करते थे। गो पालने से हमारे घर में दरिद्रता समाप्त होती है। गो माता के दूध, दही, घी, गोबर, मूत्र से मिला कर पंचगव्य बनता है। पंचगव्य का पान करने से शरीर के अनेक प्रकार के रोग समाप्त हो जाते हैं। व्यक्ति ज्ञानवान, गुणवान, शीलवान, बनता है। उन्होंने बताया कि हमें शिखा रखनी चाहिए और मस्तक पर तिलक लगाना चाहिए। गले में तुलसी की माला पहननी चाहिए। सनातन धर्म में प्रत्येक मनुष्य को अपने धर्म का पालन करना चाहिए। तुलसी की माला पहनने से यमराज भी समीप नहीं आता है। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। इंद्र के अंदर इतना अभिमान था। उसे समाप्त करने के लिए भगवान ने गिर्राज महाराज की पूजा कराई। कथा में पंडित संजय भारद्वाज, वेद थानेदार, उदय भान, दया चंद गर्ग, पप्पू सेठ, पवन शास्त्री, कन्हैया थानेदार, भूषण, प्रसादी लाल, सुभाष गुप्ता, अशोक, राजवीर, आकाश शास्त्री, नमो नारायण, श्याम शास्त्री, राहुल शास्त्री, दीपक, सुनील जिंदल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### धोखाधड़ी कर कम फ्यूल डालने का लगाया आरोप

**तावडू।** शहर के बाईपास रेवाड़ी बाईपास रोड पर स्थित एक फ्यूल पंप कर्मचारियों द्वारा मोटरसाइकिल सवार के साथ कम तेल डालकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा धोखाधड़ी कर कम फ्यूल देने का विरोध किया गया तो कर्मचारियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने शहर थाना पुलिस में शिकायत दी है। तावडू नगर वार्ड नंबर 6 निवासी फहीमुद्दीन ने बताया कि शुक्रवार शाम 4.00 बजे के करीब वह अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए नगर के रेवाड़ी बाईपास रोड पर स्थित इंडियन ऑयल पंप पर गया था, जहां पर कार्यरत सेल्समैन से उन्होंने सौ रुपये का तेल बाइक में डालने को कहा। आरोप है सेल्समैन ने मशीन को जीरो से स्टार्ट करने के बजाय 50 नंबर से स्टार्ट कर उनकी बाइक में तेल डाल दिया। जिसे उन्होंने देख लिया तो पूरा तेल डालने के लिए कहा। इससे सेल्समैन गुस्से में आ गया, इसी दौरान सेल्समैन ने अन्य स्टाफ को मौके पर बुलाकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Jai Prakash S/o Jagat Mohan Singh R/o 14 Gali No-1 Sunder Colony N.I.T Faridabad have changed my name to Jai Prakash Singh.

बेदखली सूचना

मैं, सरोज पत्नी स्व0 श्री राजेश निवासी मकान नं0 बी-585, गॉव बडखल, तहसील बडखल, जिला फरीदाबाद, हरियाणा का हूं, अपने पुत्र सागर व पुत्रवधु संगीता को अपनी सभी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करती हूँ, जो कि मेरी आज्ञा में नहीं है, उनके द्वारा किये गये किसी सम्बन्ध, कार्य पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। हमारा कोई कानूनी रिश्ता नही होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 24 सितम्बर, 2022



# पुतिन की धमकी

## यूक्रेन में पराजय का असर

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की आंशिक सैनिक लामबंदी व नाभिकीय युद्ध की अंतर्निहित धमकी को बड़बोलापन या भ्रामक स्थिति समझना गलत होगा। यह सच है कि रूस उन पांच नाभिकीय शक्ति संपन्न देशों में शामिल था जिन्होंने 3 जनवरी को एक संयुक्त बयान में कहा था, 'हम पुष्टि करते हैं कि कोई नाभिकीय युद्ध कभी जीता नहीं जा सकता है और यह कभी लड़ा नहीं जाना चाहिए।' इस बयान में शामिल अन्य चार देश अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन थे। लेकिन पूर्व केजीबी अधिकारी पुतिन को अब भी सोवियत संघ के विघटन का दु:ख है और वे ऐसे नेताओं में नहीं हैं जो अपने बयानों पर निष्ठापूर्वक डटे रहते हैं। बुधवार को टेलीविजन पर प्रसारित एक भाषण में उन्होंने घोषणा की कि आंशिक सैनिक लामबंदी में वे रिजर्व के लोग शामिल हैं जो सशस्त्र बलों में सेवा कर चुके हैं तथा उनकी प्रासंगिक सैनिक विशेषज्ञता है व उनको संबंधित अनुभव प्राप्त है। इस निर्णय का कारण यूक्रेन में सैनिक रूप से लगे धक्के हैं। जब उन्होंने फरवरी के अंतिम सप्ताह में पूर्वी यूरोपीय देश यूक्रेन पर हमला किया था तब उनको व अन्य बहुत से लोगों को उम्मीद थी कि रूस की विजय पहले से निश्चित है। आखिरकार रूस को एक वैश्विक महाशक्ति माना जाता है जिसके पास शक्तिशाली नाभिकीय शस्त्रागार समेत अद्यतन आयुध प्रणालियां हैं। लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की तथा उनके वीर व प्रतिबद्ध सैनिक इस धारणा से सहमत नहीं थे। पश्चिमी व मुख्यत: अमेरिकी हथियारों की सहायता से उन्होंने असाधारण साहस व वीरता के साथ हमले का मुकाबला किया। इस कारण जिसे रूसी बलों के लिए बहुत आसान माना जाता था वह विभीषिका में बदल गया।



यूक्रेन के हाथों अपमान झेलने व हाशिए पर धकेले जाने के बाद पुतिन ने चेतावनी दी कि रूस के पास 'पश्चिमी धमकियों' का 'जवाब देने के लिए काफी हथियार' हैं। उन्होंने कहा, 'यदि हमारे देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डाला गया तो हम सभी उपलब्ध संसाधनों से अपनी जनता की रक्षा करेंगे, यह कोरी धमकी नहीं है।' लेकिन कोई भी उस देश की क्षेत्रीय अखंडता को संकट में नहीं डाल रहा है, बल्कि इसके एकदम उलट रूस ही यूक्रेन की अखंडता में हस्तक्षेप कर रहा था। पहले उसने यूक्रेन के क्षेत्र पर कब्जा किया और अब वह ऐसे बहानों से यूक्रेन पर कब्जा कर लेना चाहता है जो हास्यास्पद कहे जा सकते हैं। उदाहरण के लिए पुतिन ने दावा किया था कि उनका उद्देश्य यूक्रेन का 'वि-सैन्यीकरण व वि-नाजीकरण' है। लेकिन जेलेन्स्की एक यहूदी हैं। हो सकता है कि पुतिन यह कहते समय सच बोल रहे हों कि वे केवल कोरी धमकी नहीं दे रहे हैं क्योंकि कोई स्वेच्छाचारी शासक घिर जाने पर कुछ भी कर सकता है। समस्या के केन्द्र में यह तथ्य है कि पश्चिम शीतयुद्ध समाप्त होने के बाद हिंसक राष्ट्रवाद के प्रसार को पहचान नहीं सका। वास्तव में उत्तर-राष्ट्रवाद की भ्रामक अवधारणा डावोस के पुरुषों व महिलाओं में फैशनेबल हो गई है जिनमें सर्वोच्च वैश्विक नेताओं से लेकर सर्वाधित प्रभावशाली सार्वजनिक बुद्धिजीवी तक शामिल हैं। सबको यह अवधारणा आकर्षक व आरामदेह लगती है। वे इतिहास का एक और तथ्य भी भूल गए कि पिछली शताब्दी में दो विश्वयुद्धों का कारण उग्र राष्ट्रवाद था। अधिकांश लोगों का विश्वास था कि अब राष्ट्रवाद इतिहास बन गया है, लेकिन बाद में इतिहास स्वयं को दुहराने लगा। जब दुनिया शी जिनपिंग की चीनी लफ्फाजी से सामंजस्य बैठा रही थी, पुतिन अपनी आक्रामकता के साथ सामने आ गए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उनको कोई आत्यन्तिक कदम उठाने से हतोत्साहित करना चाहिए।

# दक्षिणपंथियों की संभावित वापसी

**आगामी चुनाव के बाद क्या सौ साल बाद इटली में दक्षिणपंथियों की वापसी संभव है? इससे बाकी यूरोप में भी स्थितियां बदल सकती हैं।**



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



एक महीने में होने वाले आम चुनाव में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि 'इटली पार्टी' के भाइयों को दूसरों की तुलना में अधिक वोट मिलें। जार्जिया मेलोनी के नेतृत्व में कार्यरत ब्रदर्स दक्षिणपंथी हैं और उनकी छवि फासिस्ट विचारधारा में विश्वास करने वालों की है। ठीक सौ साल पहले बेनिटो मुसोलिनी की फासिस्ट पार्टी सत्ता में आई थी, हालांकि वह घटना पूरी तरह एक संयोग थी। लेकिन मुसोलिनी व अडोल्फ हिटलर का रिकार्ड ऐसा है कि किसी राष्ट्रवादी के सत्ता में आने की संभावना से ही यूरोप में रीढ़ की हड्डी में ठंड दौड़ जाती है। मुसोलिनी व हिटलर के सत्ता में आने से पहले राष्ट्रवाद को एक उचित विचारधारा माना जाता था क्योंकि यह किसी का अपने देश के प्रति प्रेम प्रदर्शित करती है। हालांकि, हिटलर ने कभी किसी संदर्भ में अपनी पार्टी के लिए 'फासिस्ट' शब्द का प्रयोग नहीं किया था, लेकिन इसके बावजूद यह छवि बनी रही। वास्तव में इटली में मुसोलिनी ने अपनी पार्टी को फासिस्ट कहा था। लैटिन भाषा में फासिस्ट शब्द की उत्पत्ति 'फैशियो' से हुई है जिसका अर्थ एक गुच्छा है। इस शब्द का उद्देश्य अराजकता के बजाय 'एकता' का संदेश देने के लिए है। संयोग से द्वितीय विश्वयुद्ध में जघन्य अपराध इटली के बजाय जर्मनी में हुए थे। इसके बावजूद राष्ट्रवाद या दक्षिणपंथ से दूर से भी जुड़ी कोई चीज यूरोपियनों का फासिज्म की याद दिला देती है। यूरोप के उदारवादी हंगरी व पोलैंड की सरकारों को लोकतांत्रिक होने के बावजूद 'कट्टरपंथी' मानते हैं। साम्यवाद व वामपंथ का लगभग 30 साल पहले अंत हो चुका है।

इसके साथ ही दक्षिणपंथियों को भी नापसंद किया जाता है जिससे केवल मध्यमार्गियों के लिए स्थान बचता है।

फासिस्ट विचारधारा क्या थी? यह निश्चित रूप से तानाशाही नहीं थी। 'फेशियो' शब्द का अर्थ एक बंडल या गुच्छा है जिससे एकता का भान होता है। यह आंदोलन प्रथम विश्वयुद्ध के बाद इटली में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी तथा अर्थव्यवस्था के लगभग विध्वंस की प्रतिक्रिया में था। उस समय संभवत: सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियां समाजवादी क्रांति के लिए परिपक्व थीं और फासीवाद को कम्युनिस्ट कब्जे से बचने का राष्ट्रवादी जवाब माना जाता था। मार्क्सवाद को 'वर्ग संघर्ष' का प्रतीक माना जाता था।

पूंजीवाद पर अब भी 'वर्गीय शोषण' का दाग लगा था और इसे लोकप्रियता नहीं मिल पा रही थी। प्रभावी होने के लिए जवाब ऐसा होना चाहिए था जो किसानों, कामगारों तथा उनकी यूनियनों के लिए आकर्षक हो। इसे 'वर्गीय सहयोग' के रूप में देखा गया जिसका प्रतिनिधित्व फासीवाद करता था। मुसोलिनी की कैबिनेट में न्याय मंत्री प्रोफेसर अल्फ्रेडो रोक्को ने 1925 में पेरूगिया में अपने भाषण के दौरान यह नई विचारधारा सामने रखी थी। उनके अनुसार समाज का अस्तित्व व्यक्ति के लिए नहीं है, बल्कि व्यक्ति का अस्तित्व समाज के लिए है। आर्थिक प्रगति में समाज का हित है तथा लोगों के सभी वर्गों को एकजुट होकर उत्पादन को अधिकतम स्तर तक पहुंचाने के प्रयास करने चाहिए। जहां भी संभव हुआ, प्रत्येक उद्योग, व्यापार या पेशे में कामगारों व सेवायोजकों को एकसाथ 'सिंडिकल असोसियेशनों' में संगठित किया गया। जहां ऐसे सिंडीकेट बनाना संभव नहीं था, वहां यूनियनें व कर्मचारियों की असोसियेशनें बनी रहीं, पर उनको गिल्डों के रूप में जोड़ा गया ताकि समन्वय व सद्भावना सुनिश्चित हो सके। यदि सामूहिक सौदेबाजी का संतोषजनक नतीजा नहीं निकलता था तो विवादों को अदालतों को सौंप दिया जाता था जहां विशेषज्ञों की सहायता उपलब्ध थी। फासिस्ट पार्टी ने इसी प्रकार वर्ग सहयोग की अवधारणा विकसित की थी। व्यवहार में अर्थव्यवस्था को पुन: शस्त्रीकरण तथा सार्वजनिक कार्यों के लिए उपयुक्त बनाया गया। बड़ी संख्या में सैनिकों की भर्ती हुई तथा इसी प्रकार कामगार फैक्ट्रियों में हथियार बनाने लगे। इससे बुर्जुआ वर्ग को मुनाफा हुआ जिससे वह सर्वहारा को अच्छी तरह भुगतान कर सकता था। शहरों में समृद्धि के कारण कृषि उत्पादों की मांग भी बढ़ी थी। इससे केवल वे बेरोजगार नौजवान ही बचे थे जिनको सशस्त्र सेनाओं में भर्ती नहीं किया जा सका था। पूरे देश से विदेशी क्षेत्रों में विजय का वादा किया गया था जिससे लूट का माल हासिल होता। फासीवाद या वर्ग सहयोग का एक और उदाहरण स्पेन में जनरल फ्रैंकों का शासन था, हालांकि इसका पैमाना बहुत छोटा था।

भारत में विस्तृत रूप से इटली या स्पैनिश अनुभव की जानकारी नहीं थी। लेकिन बुद्धिजीवी वर्ग में शामिल लोग एडोल्फ हिटलर व उनकी नाजी पार्टी के अत्याचारों से परिचित थे। हिटलर व उनके छ: साथियों ने 1920 में नाजी पार्टी की स्थापना की थी। उस समय जर्मनी की आर्थिक वंचना इटली की तुलना में बहुत अधिक थी। फासीवाद पर कोई भी लेखन प्रथम विश्व युद्ध के उल्लेख के बिना पूरा नहीं हो सकता है। इसके अंत में बोल्शेविक क्रांति के परिणामस्वरूप रूस ने समय से पूर्व आत्मसमर्पण कर दिया था। मास्को पर लेनिन व उनके साथियों के कब्जे के फौरन बाद 'लाल' तथा 'रसियन व्हाइट्स' कहे जाने वाले कम्युनिस्ट-विरोधियों के बीच गृह युद्ध छिड़ गया था। यह बहुत कठोर संघर्ष था। लगभग दो साल बाद 'रसियन व्हाइट्स' पराजित हुए और उनमें से अधिकांश रूस छोड़ कर बाहर भाग गए। उनकी पराजय के बाद यूरोप के पूंजीपति कम्युनिस्टों से घृणा करने लगे तथा भयभीत हो गए। इस परिघटना के साथ ही मुसोलिनी और हिटलर ने अपनी पार्टियां बनाईं और वे बर्लिन, म्यूनिक, रोम व फ्लोरेंस की सड़कों पर कम्युनिस्टों का विरोध करने लगे। उनके बिना पूंजीपति व औद्योगिक वर्ग बिल्कुल असहाय हो जाते। इसी प्रकार बुर्जुआ वर्ग के पैसे के बिना हिटलर व मुसोलिनी इस सीमा तक सफल न हो पाते।

# जारी है चीन-भारत संबंधों में खींचतान

**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



भारत ने पिछले हफ्ते समरकंद शिखर सम्मेलन में विघटन और डी-एस्केलेशन प्रक्रिया को कम करने का एक अच्छा मौका गंवा दिया, जब चीन ने शिखर सम्मेलन से तीन दिन पहले हॉट स्प्रिंग्स से हटने की आश्चर्यजनक रियायत दी थी। हालांकि प्रधान मंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी के साथ सार्वजनिक रूप से नज़रें मिलाने से परहेज किया, लेकिन उन्होंने दो गोलमेज सत्रों में भाग लिया और दो औपचारिक फोटो सेशन में एक साथ उपस्थित थे और एक में, एक दूसरे के बगल में खड़े थे। लेकिन किसी भी नेता ने सार्वजनिक हाथ मिलाने या अलग होने का कोई प्रयास नहीं किया।

पिछले विघटन के 13 महीने बाद और समरकंद शिखर सम्मेलन के साथ पिछले कोर कमांडर की वार्ता के दो महीने बाद चीन ने विघटन का इशारा क्यों किया? संभवत : यह प्रदर्शित करने के लिए कि विघटन पर बातचीत सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। भारत की ओर से कोई व्यवधान नहीं होगा कि सीमा रेखा पर शिखर सम्मेलन में भी कार्डों पर, संकेत अनुपस्थित नहीं थे। मोदी ने पुतिन से कहा- ''आज का युग युद्ध का युग नहीं है'' शी की ओर भी इशारा किया। यह देखते हुए कि 2014 और 2019 के बीच 18 बैठकों के बाद मोदी और शी के बीच घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन एलएसी ब्रश के बाद से कोई नहीं, फोटो सेशन के दौरान मोदी से शी की ओर हाथ बढ़ाने की उम्मीद करना अनुचित नहीं था। (यह वह था जिसने जून 2020 में प्रसिद्ध रूप से कहा था : ''कोई भी अंदर नहीं आया, न ही कोई भारतीय क्षेत्र के अंदर है'', चीनियों की खुशी के लिए) अपने 72 वें जन्मदिन से एक दिन पहले, मोदी को शी से हाथ मिलाते हुए नहीं देखा जा सकता था। चीन से जमीन गंवाने को लेकर विपक्ष उनके लिए ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। लेकिन यह जोखिम लेने लायक होता। कम से कम यथास्थिति तोड़ी जा सकती थी।

दुखद निहत्थे गलवान संघर्ष के बाद से विघटन प्रक्रिया के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है। 1993 और 1996 के सीमा प्रोटोकॉल और उसके बाद 2005, 2006 और 2012 के सीमा रक्षा सहयोग समझौतों का चीन और पीएलए द्वारा उल्लंघन किया गया है। नीति में बदलाव तब शुरू किया गया था जब शी, जो उपाध्यक्ष थे, 2013 में राष्ट्रपति बने थे। सीमा विवाद और 1988 में शुरू किए गए द्विपक्षीय संबंधों के तौर-तरीकों को चुमार, देपसांग और डोकलाम



में अशुभ संकेतकों से पहले 2020 में टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया था।

1988 में सुमदोरोंग चू के साथ 2020 के कई घुसपैठों की तुलना करना, जिसे हल करने में नौ साल लगे, स्पष्ट रूप से गलत है। यह एक अलग युग था जब भारत और चीन आर्थिक और सैन्य रूप से सह-बराबर थे। सुमदोरोंग चू में, सैन्य कमांडरों ने पूर्वी लद्दाख के विपरीत वांगडुंग में पीएलए घुसपैठ पर हावी होने वाली ऊंचाइयों पर कब्जा करने के लिए साहसिक पहल की, जहां भारतीय सेना को झपकी लेते हुए पकड़ा गया था। विवाद समाधान के परिणामस्वरूप आपसी खींचतान हुई, जिसके बाद भाजपा के तत्कालीन विपक्षी सांसद जसवंत सिंह ने टिप्पणी की : ''हम अपने क्षेत्र से क्यों हट रहे हैं।''

चीन ने अपनी 1959 की दावा लाइन को देपसांग से डेमचोक तक गंभीर प्रतिकूल परिस्थितियों में प्रख्यापित करने में कामयाबी हासिल की है। भारत की वर्तमान आत्म-प्रवृत्त दुविधा का विश्लेषण करना शिक्षाप्रद है। मध्य और पूर्वी क्षेत्रों के विपरीत, एलएसी पश्चिम की तुलना में मैकमोहन लाइन द्वारा बेहतर परिभाषित और अधिक व्यवस्थित है जहां एलएसी गंभीर रूप से लड़ी जाती है। पूर्व में, हमारी आगे की मुद्रा सुमदोरोंग चू में पीएलए घुसपैठ से शुरू हुई थी जहां रक्षा और पोस्ट मैकमोहन लाइन के करीब हैं।

पश्चिम में, मुख्य रूप से लेह को एलएसी के साथ मानव रहित विशाल क्षेत्रों के साथ बचाव किया गया था और बिखरे हुए आईटीबीपी और सेना चौकियों के साथ कवर किया गया था जहां से आईटीबीपी और सेना ने एलएसी के पीछे एक लाइन तक 65 गश्त बिंदुओं तक गश्त की थी। एलएसी को लेकर चीनियों की अपनी धारणा थी जो कभी सामने नहीं आई। अप्रैल 2020 में, एक आश्चर्यजनक स्वीप में, पीएलए ने आसानी से भारतीय वास्तविक नियंत्रण रेखा में अपनी 1959 की दावा लाइन के अनुरूप पदों पर कब्जा कर लिया। विशाल खुफिया विफलता राजनीतिक और परिचालन चूक से जटिल हो गई थी। 8 सितंबर को हॉट स्प्रिंग्स (पीपी 15) से अलग होने के बाद, जिसे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ''एक समस्या कम'' कहा, एलएसी के भारतीय पक्ष में गश्त के अधिकारों से रहित एक और बफर जोन स्थापित किया गया है। देपसांग में, एलएसी पीएलए के भारतीय हिस्से में 18 किमी ने पांच पेट्रोलिंग पॉइंट और डेमचोक में चार पेट्रोलिंग पॉइंट तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है। चुशुल के काउंसलर कोंचोक स्टैनज़िन ने कहा : ''हमारे सैनिक पीपी 15 और पीपी 16 से वापस चले गए हैं, जो हमारे पास 50 साल से था, हमने सर्दियों के चरागाह खो दिए।'' चीनियों ने डेमचोक और दौलत बेग ओल्डी में दो भारतीय आक्रामक लॉन्च पैड को भी प्रभावी ढंग से अवरुद्ध कर दिया है-वस्तुत: क्षेत्र को 1000 वर्ग किमी डीएमजेड में बदल दिया है।

9 मई को, सीओएएस जनरल मनोज पांडे ने कहा : ''हमें अप्रैल 2020 तक यथास्थिति बहाल करनी होगी।'' कूटनीति को शी-मोदी स्तर पर बहाल करना होगा; उनकी 19वीं बैठक नवंबर में बाली जी20 शिखर सम्मेलन में हो सकती है। इस बीच, आगे सलामी स्लाइसिंग को रोकने के लिए लद्दाख में बीओपी स्थापित करने की योजना बनाई जानी चाहिए।

## आप की बात

### श्रद्धांजलि : गजोधर भैया

**जिनके** स्टेज पर आकर खड़े होने पर ही लोग मुस्कराने लगते थे और कार्यक्रम के दौरान तो पूरे समारोह स्थल का हर शख्स ठहाके लगाने लगता था ऐसे हमारे गजोधर भैया राजू श्रीवास्तव असमय महज 58 वर्ष की उम्र में हमसे अलविदा हो चले गए ,पिछले 29 वर्षो से अपनी सहज और परफेक्ट कामेडी करते हुए स्टेज पर उस किरदार को जीवंत कर देने का हुनर राजू श्रीवास्तव में मानो जन्मजात रहा है किरदार के हर हावभाव उसकी बोलने की शैली यहां तक की उसकी शारीरिक बनावट और हर लहजे की मिमिक्री करते वक्त सामने बैठे दर्शक राजू श्रीवास्तव को भूलकर उस किरदार की झलक उनमें देखने लगते थे, मैंने भी राजू भाई के कई लाइव स्टेज प्रोग्राम देखें और उनसे दो बार मुलाकात भी की , अपने हर चाहने वालों से वे बहुत ही सहज होकर मिलते थे भोपाल में हमने सहारा मिलन समारोह में उनकी और महान गायक किशोर कुमार के सुपुत्र अमित कुमार की हास्य और संगीत की प्रस्तुति देखकर कार्यक्रम पश्चात उनसे मिले और बधाईयां दी तो उन्होने दोनों कलाकारों ने बड़े स्नेह से हमें गले से लगा कर धन्यवाद दिया वह मुलाकात हमेशा चिरस्मरणीय रहेगी।

– **संजय डागा**, हातोद

### समाचार चैनलों पर बकवास

**सुप्रीम** कोर्ट के माननीय न्यायाधीश महोदय ने टॉक शो और नफरती बोल वाली डिबेट पर तल्ख टिप्पणी की हो, भले ही इसके लिए एंकर की जिम्मेदारी मानी हो, साथ ही सरकार की मूकदर्शक भूमिका पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया हो, मगर लाख टके का सवाल है कि इनके कानों में जूं तक रेंगेगी संदेह हैं। चैनलों पर सब सोची समझी चाल के तहत यह नफरती बकवास चल रही है। ताकि राजनीतिक फायदा पहुंचाया जा सके । यह बात न्यायाधीश महोदय ने भी कहीं है। आज भी संदीप चौधरी, रवीश कुमार जैसे एंकर के कार्यक्रम देखना सुखद अनुभूति है क्योंकि ज्वलंत मुद्दों पर ही यह बातें करते हैं निष्पक्ष व पारदर्शी तरीकों से। नहीं लगता कि इतनी तल्ख टिप्पणी के बाद भी आंखें होने के बाद भी अंधे बने, कानों में शीशा घूलें, जिन्होंने अपने ईमान का सौदा कर दिया व आत्मा को मार दिया हो, वे अब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा संविधान की मूल भावना को आत्मसात कर निष्पक्ष पत्रकारिता के धर्म को अपनाएंगे! यक्ष प्रश्न है और कल भी रहेगा, क्योंकि सियासत व पत्रकारिता दूषित(स्वार्थी) हो चुकी है। अगर एंकरों (उनके मालिकों) का जमीर जागता है, तो यह लोकतंत्र व पत्रकारिता के हित में ही होगा।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** अक्षय खाचरोद, उज्जैन

### संक्रामक बीमारी से सावधान

**कोरोना** महामारी के बाद एक बार फिर देश में बीमारी के नाम पर दहशत है। इस समय पशुओं में लंपी नामक संक्रामक बीमारी का प्रकोप है जो त्वचा रोग होकर मवेशियों मक्खियों और मच्छरों की विशेष प्रजाति से फैलता है। लगभग 2 माह पूर्व शुरू हुई इस बीमारी में अब तक लाखों पशुओं को चपेट में ले लिया है। इससे बड़ी संख्या में पशु धन हानि हुई है। कई राज्यों में इसके प्रकोप से लाखों पशु पीड़ित हैं। इसकी रोकथाम में टीकाकरण के बावजूद इसका पसार तेजी से हो रहा है। पशु मालिकों में दूध के साथ ही जुझारू जानवरों की जान की भी चिंता बनी हुई है। मध्य प्रदेश के कई जिलों में उसका प्रकोप नजर आया है। संक्रामक होने की वजह से कोरोना की तरह इस से भी सावधान रहने की जरूरत है भले ही यह बीमारी मानव को नुकसान ना पहुंचाएं फिर भी बीमारी के कीटाणु किसी भी तरह फायदेमंद नहीं है। अच्छा यही होगा कि पशु मालिक इससे सावधानी बरतें और लक्षण दिखते ही इसका इलाज करवाएं।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**शहरों** का पुनर्जीवन समय की आवश्यकता है। चुनाव-केन्द्रित दृष्टिकोण के बजाय जन-कल्याण पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**महामहिम** एलिजाबेथ द्वितीय की अपने कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता थी। वे अपना उदाहरण पेश करने में अतुलनीय थीं।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**यदि** हम संपूर्ण सामंजस्य से काम करें तो कोई ऐसी चीज नहीं जिसे प्राप्त न कर सकें।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता"

# लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के वंशज चौहान ने सर्बिया, यूरोप में जीता सिल्वर मेडल

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

**सर्बिया,** यूरोप में नौ सितंबर से 12 सितंबर तक द 40वीं गोल्डन ग्लोव वोजवोदीन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के वंशज चौहान ने 63.5 किलोभार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

सिल्वर मेडल जीत अपने भारत देश व अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया। बॉक्सिग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि वंशज चौहान बहुत ही होनहार व प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।

### प्रधानाचार्य ने विद्यालय पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया

इससे पहले भी वंशज यूथ एशियन के गोल्ड मेडलिस्ट व तीन बार अपने वेट कैटेगरी में खेलो इंडिया के चैंपियन भी रह चुके हैं। साथ ही आगामी यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप जोकि स्पेन में आयोजित होगी, जिसकी ट्रायल का अयोजन दो अक्टूबर, 2022 को गुवहाटी में होगा। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के चार बॉक्सर्स विशेष दहिया, अक्षत कादयान, वंशज चौहान और अंकुश चहल भी इस ट्रायल में हिस्सा लेंगे।


स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत करतीं प्रधानाचार्य आशा गोयल।

दूसरी तरफ गुजरात के अहमदाबाद में 28 सितंबर से 13 अक्टूबर तक नेशनल गेम्स का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के 4 बॉक्सर्स अंकित शर्मा, विनीत दहिया, सचिन दहिया व पुष्पेंदर राठी हिस्सा लेंगे। वहीं कुरुक्षेत्र में 19 सितंबर से 22 सितंबर तक आयोजित हरियाणा स्टेट स्कूल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सरों ने तीन पदक प्राप्त किए।

अंडर 14 वर्ग में 36 किलोभार वर्ग में फतह सिंह ने स्वर्ण पदक व 40 किलो भार वर्ग में तेजस खोखर ने कांस्य पदक व अंडर 19 वर्ग में 49 किलोभार वर्ग में विशेष दहिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सभी के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि एकेडमी के बॉक्सरों की मेहनत दिन-प्रतिदिन रंग ला रही है। जिसकी वजह से उन सभी के प्रदर्शनों में सुधार व एकेडमी का नाम रोशन हो रहा है। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग व सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रधानाचार्य आशा गोयल ने विद्यालय पहुंचने पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया और भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### पिनाना गांव में रोपे फलदार-छायादार पौधे



**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा गांव पिनाना के जय गोगा जाहर वीर पर पौधा रोपण अभियान चलाया। बाबा नीरनाथ ने पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पेड़ों के बगैर धरती पर जीवन संभव नहीं है। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने कहा कि आज की मुहिम में फलदार, छायादार बड़, पीपल, नीम, बेलगरी, आंवला, अमरूद के 40 पौधे लगाए हैं। इस अवसर पर स्टेट अवॉर्डी मास्टर दिलबाग सिंह, कोच राजेश मलिक, अमित कुमार, रविंद्र, सोनू, टोनी, कृष्ण, विनोद, सागर, सोनू, समीर, सुशील, राहुल, जानू, दलेल, बबलेश, नितेश, मनोज, मोहित, नितिन कोच, अंकित, वजीर, जितवेंदर, रौनक, चेतन, आर्यन, हैप्पी, दीपक, विपिन और रचित आदि उपस्थित रहे।

### वात्सल्य वाटिका में शहीदों को किया नमन



**कुरुक्षेत्र।** वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला कुरुक्षेत्र में हरियाणा शहीदी दिवस मनाया गया। सबसे पहले शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन व याद किया। प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने शहीदों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज का दिन प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद राव तुलाराम की शहादत पर हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। शहीदों का देश के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान के लिए हम सब सदैव शहीदों के ऋणी रहेंगे। मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले हरियाणा के वीर सपूत व अमर बलिदानियों को हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह, सोनिया अग्रवाल, शिवानी शर्मा, विजयलक्ष्मी, पूनम सलूजा, परविन्द्र कौर और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# एक नवंबर को हिसार में पीबीएसएस करेगी वादा याद दिलाओ महासम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**पेंशन** बहाली संघर्ष समिति हरियाणा पिछले काफी समय से 2006 के बाद सरकारी सेवा में आए कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए वह पुरानी पेंशन नीति की बहाली के लिए लगातार प्रदेश भर में आंदोलन कर रही है। जिस पर अभी तक हरियाणा सरकार द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई, जिसको लेकर हरियाणा प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों में भारी रोष व्याप्त है।

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद इष्टकान ने कहा कि 2004 में केंद्र सरकार द्वारा और 2006 में हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई नेशनल पेंशन सिस्टम एनपीएस पूरी तरह से बाजार आधारित नीति है। जिसमें एनएसडीएल के माध्यम से कर्मचारियों के वेतन का 10 प्रतिशत और इतना ही सरकारी खजाने से लेकर बाजार में निवेश किया जा रहा है, लेकिन इसमें सरकार द्वारा ना तो निश्चित रिटर्न की गारंटी दी जा रही है और ना ही गारंटीड पेंशन का लाभ। जिसको लेकर कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। दूसरा एनपीएस कर्मचारियों से समय अनुसार महंगाई भत्ते और मेडिकल सुविधा का लाभ भी प्रदान नहीं करती।

### हरियाणा दिवस पर हिसार से होगा पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन का आगाज : पीबीएसएस

एक नवंबर 2022 हरियाणा दिवस पर पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा हिसार में वादा याद दिलाओ महासम्मेलन करने जा रही है। जिसमें हरियाणा प्रदेश के तमाम विभागों के हजारों की संख्या में कर्मचारी और अधिकारी हिस्सा लेंगे। विदित रहे विधानसभा चुनाव से पहले जननायक जनता पार्टी प्रमुख दुष्यंत चौटाला विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के ओएसडी अमरिंदर सिंह उन्हें सरकार बनने पर प्रदेश में पुरानी पेंशन नीति को बहाल करने का वादा कर चुके हैं, जहां राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है। वहीं बीजेपी और जननायक जनता पार्टी की गठबंधन सरकार पेंशन बहाली संघर्ष समिति और प्रदेश के तमाम कर्मचारियों से वादाखिलाफी कर पुरानी पेंशन की बहाली नहीं कर रहे। जिस कारण नाराज पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा हिसार में वादा याद दिलाओ महासम्मेलन कर प्रदेश में बड़े पेंशन आंदोलन का आगाज करने की तैयारी कर रही हैं।


पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान।

पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने सरकार को चेतावनी हुए कहा कि जल्द से जल्द अपना वादा पूरा कर पुरानी पेंशन नीति को बहाल करें। अन्यथा प्रदेश में किसी भी आंदोलन की पूर्ण जिम्मेदारी गठबंधन सरकार और उसके मंत्रियों की होगी। प्रमोद ईष्टकान और समस्त राज्य कार्यकारिणी ने प्रदेश के कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ-साथ तमाम कर्मचारी संगठनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में हिसार के सम्मेलन में पहुंच अपनी आवाज को बुलंद करने का काम करें।

# श्री कृष्णा विद्या मन्दिर में शहीदी दिवस पर भजन सभा


शहीद राव तुलाराम के चित्र पर पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते प्रबन्ध समिति अध्यक्ष और अन्य।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** श्री कृष्णा विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दयाल नगर में हरियाणा के अमर शहीदों की याद में भजन सभा का आयोजन किया गया। प्रबन्ध समिति अध्यक्ष मदन गोपाल पुरी ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के शहीद राव तुलाराम के चित्र पर पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

प्रधानाचार्य प्रतिभा पुरी ने बताया कि कैथल में शहीदों के नाम पर स्मारक बनाया गया है, जिस पर हरियाणा के 1448 शहीदों के नाम अंकित हैं। हमें अपने इन शहीदों पर गर्व है। वृन्दावन से पधारे पंडित देवेंद्र वशिष्ठ और उनके साथियों ने श्रीकृष्ण भजनों से सभी को सद्कर्मों का महत्व बताया। भजन कार्यक्रम का सार यही था कि मनुष्य जरूरी नहीं लम्बे समय जिये, जरूरी है कि वह शहीदों की तरह समाज और देश हित जियें। विद्यालय के नए शिक्षा निदेशक पंकज शर्मा ने इस दिन का महत्व बताया। पंकज शर्मा, विद्यालय स्टाफ से निशा, नीलम, सिमरन, सविता, निधि, शिखा, सिमरनजीत, जसप्रीत, सनप्रीत, शिखा गुप्ता, दीपा, रुपाली, पूजा, मनोरमा, सोनिया और करुणा मौजूद रहे।

### नारी शक्ति पुरस्कार के लिए 31 अक्टूबर तक करें आवेदन

**करनाल।** आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन ऑनलाइन पोर्टल अवार्डस.जीओवी.इन पर 31 अक्टूबर तक भिजवाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं या संस्थाओं ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के सामाजिक उत्थान एवं उनकी आत्मनिर्भरता के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं, वे राष्ट्रीय नारी शक्ति पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि नारी शक्ति पुरस्कार के लिए आवेदक महिला की आयु कम से कम 25 वर्ष होनी चाहिए तथा जो भी संस्था इस पुरस्कार के लिए आवेदन करें, वह पिछले पांच वर्षों से काम कर रही हों। उन्होंने बताया कि अवार्डस.जीओवी. इन पोर्टल पर 31 अक्टूबर तक पुरस्कार के लिए आवेदन किया जा सकता है।

# आज की पीढ़ी को रामलीला जैसे मंचन के बारे में कुछ भी मालूम नहीं : संदीप

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**सरस्वती** ड्रामाटिक क्लब कनीपला में चल रही रामलीला के पांचवें दिन स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग द्वारा रिबन काटकर रामलीला का शुभारंभ करवाया गया। वहीं रामलीला में बाली वध व भगवान श्रीराम से सुग्रीव का मिलन और माता सीता की खोज में भगवान राम द्वारा रावण की लंका में हनुमान को रवाना किया गया।

क्लब के प्रधान प्रदीप कुमार ने बताया कि पिछले लगभग 35 वर्ष से गांव कनीपला में रामलीला का मंचन किया जा रहा है जिसके पांचवें दिन समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की गई। वहीं उनके द्वारा रिबन काटकर रामलीला के पांचवें दिन का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने कहा कि आज का समय सोशल मीडिया का हो गया है। जिसके कारण अब आज की पीढ़ी को रामलीला जैसे मंचन के बारे में कुछ भी मालूम नहीं है। उन्होंने कहा कि गांव कनीपला के सरस्वती ड्रामाटिक क्लब के सदस्य व ग्रामीण धन्य है। जो पिछले लगभग 35 वर्ष से अपने गांव में रामलीला के मंचन को करवाकर इस संस्कृति को जिंदा रखने का प्रयास कर रहे हैं।


सरस्वती ड्रामाटिक क्लब कनीपला द्वारा आयोजित रामलीला के पांचवें दिन का शुभारंभ करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारे अंदर धार्मिक आस्था बढ़ती हैं और हमारी आज की पीढ़ी को रामायण के बारे में ज्ञान मिलता है। इससे पूर्व क्लब की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

वहीं रामलीला के पांचवे दिन बाली वध व भगवान श्री राम द्वारा हनुमान जी को माता-सीता की खोज में लंका के लिए रवाना किया गया। मौके पर डायरैक्टर गुरमीत, बलवान सिंह, बलदेव सिंह, सचिन कुमार, रोहतास, देशराज शर्मा, विक्रममम खानपुर, अशोक कुमार खानपुर, रोशन लाल आदि मौजूद थे।

### डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए 26 तक जमा कराएं कागजात

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के आवेदन पत्र वित्त वर्ष 2021-22 के लंबित है। इन लंबित आवेदन पत्रों में आय प्रमाण पत्र आदि कमियां हैं, जिन्हें दुरुस्त करने का एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके बाद लंबित पत्र जिनके कागजात अधूरे होंगे, उन्हें रद्द कर दिया जाएगा। जिसकी पूर्णत: जिम्मेदारी आवेदनकर्ता की होगी। इसलिए 26 सितंबर 2022 तक सभी आवेदक अपने कागजात जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि आवेदकों के कागजात जमा करने के लिए अवकाश के दिन भी जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय खुला रहेगा।

# नितिन अहलावत ने दिल्ली बार एसोसिएशन ऑफ तीस हजारी कोर्ट में ली अध्यक्ष पद की शपथ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** बार एसोसिएशन (डीबीए) को पदाधिकारियों की टीम का नवनिर्वचन हुआ है, जिसमें नितिन अहलावत और गिरीश कौशिक को क्रमश: निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष घोषित किया गया है। दिल्ली बार एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे पिछले हफ्ते घोषित किए गए थे।

प्रतिष्ठित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों में मनीष शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अतुल शर्मा, सचिव, धर्मेंद्र बसोया, अतिरिक्त सचिव, श्वेता रानी, संयुक्त सचिव और साहिल पुरी, कोषाध्यक्ष के पद पर सेवा प्रदान करेंगे। प्रदीप नागर और अमरजीत सिंह सदस्य कार्यकारी चुने गए हैं और सचिन शर्मा और पूज्य सिंह सदस्य चुने गए हैं जबकि रेणु मलिक महिला सदस्य के तौर पर चुनी गई हैं। डीबीए में इन पदों की नियुक्ति के लिए 15 सितंबर को चुनाव आयोजित किया गया था। जबकि अध्यक्ष पद के लिए कुल सात उम्मीदवार मैदान में थे, एडवोकेट नितिन अहलावत, जो वर्ष 2000 से



दिल्ली बार एसोसिएशन की सेवा कर रहे हैं, ने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर भारी मतों से जीत दर्ज की।

दिल्ली बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने जाने पर अपने समर्थकों को धन्यवाद करते हुए नितिन अहलावत ने कहा कि जिस भी अजेंडा के साथ हम मैदान में उतरे, मतदाताओं से हमने वादा किया उसपर अडिग है और उसको पूरा करेंगे। वर्ष 2000 में एक कार्यकारी सदस्य के रूप में शुरुआत करते हुए, नितिन अपने पूरे अभ्यास के दौरान एक अनुभवी वकील तौर पर उभरे। इससे पूर्व वह दो बार अतिरिक्त सचिव के रूप में भी चुने जा चुके हैं और उन्होंने वर्ष 2012-2014 के दौरान मानद सचिव के रूप में भी काम किया है। उन्होंने बार की सुविधाओं और वित्तीय संसाधनों में उल्लेखनीय सुधार लाकर एक स्वच्छ प्रशासक की प्रतिष्ठा अर्जित की है।

नितिन अहलावत 2009 से बार काउंसिल ऑफ दिल्ली के सदस्य भी रहे हैं। वह अपने कार्यकाल के दौरान माननीय सचिव और कार्यकारी अध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं। उनके सम्मानजनक व्यवहार, ईमानदारी और सजग वयक्तित्व से उन्हें पुराने और युवा पीढ़ी के वकीलों का विश्वास जितने में काफी मदद मिली। चुनावों से पहले, नितिन ने डीबीए के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल पूरा करने के लिए स्पष्ट एजेंडा निर्धारित किया है, जिसमें एक साफ-सुथरा बार, पेशेवर वकीलों का कल्याण, पूरी तरह से वाई-फाई सक्षम अदालत परिसर और कक्ष, पेशेवर एजेंसियों द्वारा बनाए गए स्वच्छ शौचालय और सामान्य और परामर्श कक्ष में बेहतर बैठने की व्यवस्था को दुरुस्त करना शामिल है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तलवंत सिंह और सुरेश कैत और जिला न्यायालय के न्यायाधीश भी मौजूद थे।

### निगम की टीम ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से सामान चोरी के आरोपी पकड़े

**करनाल।** गुरुवार सुबह नगर निगम कार्यालय को सूचना मिली कि कुछ अज्ञात व्यक्ति फूसगढ़ स्थित 20 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से स्टेनलेस स्टील के नट बोल्ट, वाशर, कलैम्प, कप्लर व गेट वाल्व आदि की चोरी कर रहे हैं। मामला संज्ञान में आते ही नगर निगम के मुख्य अभियंता महीपाल सिंह ने निगम के कनिष्ठ अभियंता प्रदीप तथा सुपरवाईजर राम निवास को अज्ञात व्यक्तियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने के निर्देश दिए गए। कुछ देर पीछा करने पर जेई व सुपरवाईजर द्वारा गाड़ी नम्बर एचआर 45 डी 8724, टाटा योद्धा गाड़ी सहित तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया और उन्हें सेक्टर 32-33 थाना में पुलिस के हवाले किया गया। पूछताछ करने पर गौतम पुत्र बलदेव राज, निवासी गांव छपरा खेड़ा, करनाल, गोरंगा कर्मकार पुत्र प्रेमचंद कर्मकार निवासी मयूर महल, पश्चिम बंगाल और कुंदन पुत्र लल्लू सिंह निवासी गांव बलबिद्रपुर, रोहताश, बिहार का रहने वाला है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060718781370 व L9001061124407812 **जे एस ज्वैलर्स (ऋणी),** सरबजीत सिंह भोला (सह-ऋणी), दलजीत सिंह भोला (सह-ऋणी), जसविंदर कौर (सह-ऋणी) | 13 जून 2022 ₹ 1841649/- अक्षरे अठारह लाख इकतालिस हजार छह सौ उन्चास मात्र व ₹ 356837/- अक्षरे तीन लाख छप्पन हजार आठ सौ सैंतीस मात्र दिनांक 10 जून 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित सम्पत्ति क्षेत्रफल 2 बिस्वा - 10 बिस्वाई शामिल खेवात/खातौनी नं. 200/329 खसरा नं. 910/226(7-11) 50/3020 हिस्सा क्षेत्रफल 2 बिस्वा - 10 बिस्वाई (125 वर्ग गज) स्थित ग्राम बिटना हडबस्ट नं. 153, तहसील काल्का जिला पंचकुला हरियाणा **क्षेत्रफल 2 बिस्वा - 10 बिस्वाई (125 वर्ग गज)** पूर्व : आगे - रास्ता 41 फुट, पश्चिम : पीछे - नाला, उत्तर : वन विभाग के कर्मचारी का प्लॉट 55 फीट, दक्षिण : डीगर का प्लॉट 55 फीट | 21 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060120315630 **रमेश (ऋणी),** जयपाल (सह-ऋणी), श्रीमती शीला देवी (सह-ऋणी) | 13 जून 2022 ₹ 1547448/- अक्षरे पंद्रह लाख सैंतालिस हजार चार सौ अडतालिस मात्र दिनांक 10 जून 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित मस्ट नं. 133, खाता नं. 106/116, राजीव नगर, जिला पलवाल, हरियाणा **क्षेत्रफल 300 वर्ग गज,** पूर्व : रास्ता 14, पश्चिम : रास्ता 16', उत्तर : श्री बाबूलाल की सम्पत्ति, दक्षिण : संजय देवी की सम्पत्ति | 21 सितम्बर 2022 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थान: हरियाणा** **दिनांक: 23-सितम्बर-2022** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट-IV-A नियम 8 (6) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्ते व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई- नीलामी विक्रय सूचना**

आमजन को साधारण तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बंधक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा **एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के नाम से ज्ञात जो कि आगे **AUSFB** सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को **''जैसे है जहां है'' एवं जो भी है जैसा भी है** के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का ब्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह सूचित किया जाता है ई-नीलामी वेबसाईट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | 13(2) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनांक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | ई-नीलामी की तिथि व समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि व समय | ई-नीलामी निविदा खोलने व जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060118777301 **मैसर्स शर्मा मिष्ठान भण्डार जरिये प्रोपराइटर विजय कुमार (ऋणी),** विजय कुमार पुत्र वेद प्रकाश (सह-ऋणी व बंधककर्ता), माल चन्द पुत्र पृथ्वीराज (सह-ऋणी व बंधककर्ता) | 23 अप्रैल 2021 ₹ 1481686/- चौदह लाख इक्यासी हजार छ: सौ छियासी मात्र 21 अप्रैल 2021 तक | 26 अगस्त 2022 | मकान कमिट युनिट नम्बर 3617/1, 7 मारला बिंइग 1/6 हिस्सा कनाल से मारला कम्प्राइस्ड किला नं. 23/2/2 (2-2) वार्ड नं. 14, रेवेन्यू इस्टेट, धनी जतन, खेवात नं. 1374 एलेनाबाद, जिला सिरसा हरियाणा **क्षेत्रफल 172.67 वर्ग गज** | ₹ 1765000/- रुपये सत्रह लाख पैसठ हजार मात्र | ₹ 177000/- रुपये एक लाख सतेतर हजार मात्र | 04 नवम्बर 2022 समय अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक 5 मिनट की एक्सटेंशन के साथ | 02 नवम्बर 2022 तक या इससे पहले समय प्रात: 10.00 से सायं 5 बजे तक | एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालय:- सम्पत्ति नं. बी16/1106, 1105, कर हाउस, डबवाली - सिरसा रोड, बजाज शोरूम के सामने, रोरी बाजार, बी ब्लॉक, एलेनाबाद, सिरसा, हरियाणा | भानू प्रताप सिंह 9358002663 ई-मेल आई.डी. auctions@aubank.in संपत्ति विजिट दिनांक : 29 अक्टूबर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060718678280 **जय नारायण अशवनी कुमार (ऋणी),** जय नारायण गुप्ता पुत्र सिरी चन्द (सह-ऋणी), अशवनी गुप्ता पुत्र जयनारायण गुप्ता (सह-ऋणी), संतोष रानी पत्नि जय नारायण (सह-ऋणी) | 24 फरवरी 2022 ₹ 3016798/- तीस लाख सोलह हजार सात सौ निन्यानबे मात्र 24 फरवरी 2022 तक | 25 अगस्त 2022 | सम्पत्ति स्थित नगर निगम वाका खेरी ब्राहण खसरा नं. 47/2, खातौनी नं. 8, खेवात नं. 5/4, तहसील शाहबाद, आवासीय कुरूक्षेत्र, थानेसर **क्षेत्रफल 199.8 वर्ग गज** | ₹ 2170000/- रुपये इक्कीस लाख सत्तर हजार मात्र | ₹ 217000/- रुपये दो लाख सत्रह हजार मात्र | 04 नवम्बर 2022 समय अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक 5 मिनट की एक्सटेंशन के साथ | 02 नवम्बर 2022 तक या इससे पहले समय प्रात: 10.00 से सायं 5 बजे तक | एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालय:- भूतल, रेल्वे रोड, विश्वकर्मा मन्दिर के सामने, कुरूक्षेत्र, हरियाणा - 136118 | भानू प्रताप सिंह 9358002663 ई-मेल आई.डी. auctions@aubank.in संपत्ति विजिट दिनांक : 29 अक्टूबर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060116246212 व L9001060820085913 व L9001061121844157 **अमित कुमार (ऋणी),** ईश्वर देवी पत्नि नर सिंह दास (सह-ऋणी), प्रदीप कुमार (सह-ऋणी) | 13 अप्रैल 2022 ₹ 1254515/- बारह लाख चव्वन हजार पॉच सौ पंद्रह मात्र व ₹ 481381/- चार लाख इक्यासी हजार तीन सौ इक्यासी मात्र व ₹ 221321/- दो लाख इक्कीस हजार तीन सौ इक्कीस 12 अप्रैल 2022 तक | 25 अगस्त 2022 | सम्पत्ति स्थित दुकान नं. 13, बीइंग पार्ट दुकान एम.सी.के नं. 356/8 पुराना व नया 756/8 कुचा ढोबिया एन महौल्ला सर्राफा बाजार, खेतल, हरियाणा **क्षेत्रफल 12.30 वर्ग गज** | ₹ 1200000/- रुपये बारह लाख मात्र | ₹ 120000/- रुपये एक लाख बीस हजार मात्र | 04 नवम्बर 2022 समय अपरान्ह 2.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक 5 मिनट की एक्सटेंशन के साथ | 02 नवम्बर 2022 तक या इससे पहले समय प्रात: 10.00 से सायं 5 बजे तक | एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालय:- राज अर्जुन प्लाजा खेतल - अम्बाला रोड, संजीवनी हॉस्पिटल के सामने, खेतल, हरियाणा 136027 | भानू प्रताप सिंह 9358002663 ई-मेल आई.डी. auctions@aubank.in संपत्ति विजिट दिनांक : 29 अक्टूबर 2022 |

**ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तें:-**
(1.) बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है, ''जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और'' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्त सम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
(2.) ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, **जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599** AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020, **IFSC कोड : AUBL0002011** में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी **auctions@aubank.in** पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ **आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नं.** भेजने की आवश्यकता होगी। (3.) सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए **वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction** अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए **श्री भानू प्रताप सिंह से संपर्क करें: 9358002663** और **ई-मेल auctions@aubank.in**
**नोट:-** यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**स्थान: हरियाणा** **दिनांक: 23 सितम्बर 2022** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# आसमान से बरसी आफत की बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

## शहर से लेकर देहात तक सड़कें हुईं जलमग्न, आवागमन भी हुआ बाधित

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**सड़क पर फैली गंदगी के बीच होकर गुजर रहे लोग**

**किसानों की फसल भी हुई जलमग्न, नाले हुए ओवरफ्लो**



कुटिया वाली गली में जमा बरसात का पानी।

**जिले** में दो दिनों से हो रही बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं शहर के मुख्य सड़क व गली मौहल्लों में बारिश का पानी जमा होने से आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जगह जगह जलजमाव हो गया है। शहर के कंडा चौक, आंबेडकर चौक, कुटिया वाली गली, शीला नगर पर हल्की सी भी बारिश होने पर शहर जलमग्न हो जाता है। जगह जगह पानी जमा होने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में भी हल्की बारिश होने पर सड़क पर कीचड़ हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं लगातार बारिश से सबसे बड़ा नुकसान किसानों का हुआ जहां खेतों में पककर तैयार धान की फसल खेतों में गिर गई है। जिस कारण धान की कटाई करने में विलंब होगा। जिसका असर गेहूं की बुआई पर भी पड़ेगा।

अगर समय पर खेत खाली नहीं होगा तो गेहूं बोने में विलंब होगा। इस बार धान की खेती करने वाले किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

विभिन्न ग्रामीण सड़कों पर जलजमाव व कीचड़ से आवाजाही प्रभावित हो रही है। लोग अपने-अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। किसान मेहर चंद, पाला राम व सुरेंद्र आदि ने बताया कि बारिश के कारण दाना भरे धान फसल के गिर जाने के कारण नुकसान की संभावना बढ़ गई है। हालांकि देर से लगाये धान फसल को बारिश से फायदा होने की भी उम्मीद है। पके हुए धान फसल के गिर जाने व खेतों में पानी भर जाने से नुकसान का खतरा बढ़ गया है। मौसम के खराब रहने से दिन भर जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। इसको लेकर बाजारों में जहां इक्के-दुक्के दुकानें खुली नजर आई। वहीं सड़कों पर वाहनों का आवागमन भी कम देखा गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री व न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय बधिर दिवस कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** अंतर्राष्ट्रीय बधिर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हरियाणा वाणी एवं श्रवण निशक्त जन कल्याण समिति का स्थापना दिवस तथा सांकेतिक भाषा सप्ताह प्रचार प्रसार के अवसर पर माता प्रकाश कौर वाणी एवं श्रवण निशक्तजन कल्याण केंद्र करनाल में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जयदीप आर्य रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस मौके पर उन्होंने मूक बधिर बच्चों को सांकेतिक भाषा का महत्व के बारे में योग, योग के गुणों के बारे में बताया तथा प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा देते हुए हरियाणा के शहीदों की शहादत के बारे में जानकारी दी एवं केंद्र में मदद करने का आश्वासन दिया।

# धान की सरकारी खरीद शुरू न होने पर किसानों ने रोड किया जाम

## चेतावनी: सरकारी खरीद शुरू नहीं होती तब तक जीटी रोड रहेगा जाम

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



धान की सरकारी खरीद शुरू न होने को लेकर जीटी रोड पर जाम लगाते किसान।

**धान** की सरकारी खरीद शुरू नही किए जाने के रोष स्वरुप किसानों ने भाकियू नेता गुरनाम सिंह चढूनी के नेतृत्व में शाहबाद में जीटी रोड पर जाम लगा दिया। बारिश में भी किसान जीटी रोड पर डटे रहे। किसानों द्वारा सड़क पर जाम लगाने के कारण जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। ट्रेफिक पुलिस ने यातायात को डायवर्ट किया। दिल्ली से आने वाले वाहनों को पिपली से वाया लाडवा होते हुए निकाला।

बता दें कि गुरनाम सिंह चढूनी ने दो दिन पहले ही शाहबाद रेस्ट हाऊस में बैठक कर ऐलान कर दिया था कि यदि 22 सितंबर तक धान की सरकारी खरीद शुरू नही की गई तो किसान 23 सितंबर को जीटी रोड जाम करेंगे। इसी के चलते शुक्रवार को किसान शाहबाद स्थित ऊधम सिंह मेमोरियल ट्रस्ट में इकट्ठा हुए। किसानों द्वारा जीटी रोड जाम करने के ऐलान के बाद पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। मौक पर एएसपी कर्ण गोयल, डीएसपी गुरमेल सिंह पुलिस दल के साथ मौजूद रहे।

पुलिस ने शाहबाद में बराडा रोड पर बेरिगेट कर दिए। शाहबाद स्थित ऊधम सिंह मेमोरियल ट्रस्ट में पहुंचे एसडीएम कपिल शर्मा ने भाकियू नेता को आश्वासन दिया कि एक-दो दिन में धान की खरीद शुरू कर दी जाएगी, लेकिन गुरनाम सिंह चढूनी इसी बात पर अड़े रहे कि धान की खरीद आज से ही शुरू की जाए और प्रति एकड़ 22 क्विंटल धान की खरीद की जो शर्त लगाई गई है, उसे भी हटाया जाए। प्रशासन ने गुरनाम सिंह चढूनी से एक घंटा तक का समय मांगा, लेकिन जब दोपहर एक बजे तक भी मांगे नही मानी गई, तो किसान भाकियू नेता गुरनाम सिंह चढूनी के नेतृत्व में जीटी रोड की ओर चल दिए।

रास्ते में पुलिस द्वारा लगाए गए बेरिकेटस पर पुलिस व किसान आमने-सामने आ गए। मौके पर वज्र वाहन, रोडवेज की बसों सहित पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस ने किसानों को रोकने का भरसक प्रयास किया। बावजूद इसके किसान बेरिकेटस तोड़ते हुए जीटी रोड की तरफ बढ़ गए और जीटी रोड जाम कर दिया। गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि जब तक धान की खरीद शुरू नही की जाती, तब तक वे जाम नही खोलेंगे। गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि यदि खरीद शुरु नही की, तो शनिवार से प्रदेश भर में रोड जाम किए जाएंगे।

# यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से जुड़े सर्वेयर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कंपनी द्वारा ठेकेदारी प्रथा के फैसले का किया विरोध**

**यूनाइटेड** इंडिया इंश्योरेंस कंपनी की ठेकेदारी प्रथा के विरोध में देशभर के बीमा सर्वेयर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। शुक्रवार को कुरुक्षेत्र के निजी होटल में इसला की कुरुक्षेत्र यूनिट की एक अहम मीटिंग हुई जिसमें यूनिट कोआर्डिनेटर राजेश छाबड़ा, हरियाणा चैप्टर के सदस्य एपीएस विर्व, कृष्ण चुघ, विनेश मैनी सहित कुरुक्षेत्र यूनिट के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर इंडियन इंस्टिट्यूट आफ इंश्योरेंस सर्वेयर एंड लॉस एसेसर इसला के राष्ट्रीय प्रवक्ता राधेश्याम गर्ग ने बताया कि देशभर में सर्वे के काम के लिए यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने 50 हजार तक के वाहन नुकसान के लिए ठेकेदार नियुक्त कर दिए हैं जिससे कि सर्वेयरों के हितों के खिलवाड़ के साथ साथ बीमा धारकों के हितों पर भी ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से कुठाराघात होने जा रहा है क्योंकि ठेकेदारों ने सर्वे करवाने के लिए आठवीं या 10 दसवीं पास लोगों को रखा हुआ है जिनके पास कोई टेक्निकल योग्यता और आईआरडीए का लाइसेंस नहीं है। इन ठेकेदारों के सर्वेयरो को बीमा पॉलिसी की शर्तों का भी कोई ज्ञान नहीं है। इंश्योरेंस कानून के मुताबिक किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए एक लाइसेंस होल्डर इंडिपेंडेंट सर्वेयर के द्वारा सर्वे करवाने का प्रावधान है।

एक सितंबर से यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने ठेकेदारी प्रथा शुरू की जिसके विरोध में देशभर के बीमा सर्वेयर इसला के बैनर तले हड़ताल पर है जिससे बीमाधारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देशभर में हजारों वाहन दुर्घटनाग्रस्त हालात में वर्कशॉपों के अंदर पड़े हैं।

बीमा धारक यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन सर्वे करने वाला कोई नहीं है। राधेश्याम गर्ग ने बताया कि ठेकेदारी प्रथा शुरू होने से इंश्योरेंस एक्ट 64यूएम का उल्लंघन हो रहा है।

# लाभार्थियों तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**उपायुक्त** अनीश यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जरूरतमंद व गरीब लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी के तहत ग्रामीण, शहरी क्षेत्र व उप शहरी क्षेत्र में हर हित स्टोर के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के प्रयास जारी हैं। इस योजना का उद्देश्य उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है।

उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हर हित स्टोर खोलने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में न्यूनतम 200 वर्ग फीट, शहरी क्षेत्र में 800 वर्ग फीट तथा उप शहरी क्षेत्र में 200 से 800 वर्ग फीट जगह निर्धारित की गई है। इसके लिए 21 वर्ष से 35 वर्ष आयु तक के युवा, जिनकी न्यूनतम शिक्षा 12वीं है तथा वह हरियाणा के मूल निवासी हैं, आवेदन कर सकते हैं। हर हित स्टोर खोलने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत हर हित स्टोर 3000 की आबादी वाले सभी ग्रामीण क्षेत्रों में एवं 10 हजार की आबादी वाले सभी शहरी क्षेत्रों में खोले जा सकते हैं और इन स्टोर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों, छोटी औद्योगिक इकाइयों और सहकारी क्षेत्र की इकाइयों के अलावा महिलाओं के स्वयं सहायता समूह के माध्यम से तैयार किए गए गुणवत्ता वाले उत्पादों को भी बेचा जाएगा। योजना के तहत खाद्य पदार्थ, किराना, तेजी से बढ़ने वाले उपभोक्ता सामान, घरेलू देखभाल और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद आमजन तक पहुंचाए जा सकेंगे। उपायुक्त ने बताया कि आज के समय में उपभोक्ता भी ऐसे स्थान से खरीदारी करना पसंद करते हैं जहां एक ही छत के नीचे विभिन्न कंपनियों के अधिक से अधिक उत्पाद उचित दाम पर उपलब्ध हों।

## राव तुला राम को अर्पित की श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** शहीदी दिवस पर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान में हरियाणा के राज नायक राव तुला राम जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजा राव तुला राम जी 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें हरियाणा में राज नायक माना जाता है। विद्रोह काल में हरियाणा के दक्षिण-पश्चिम इलाके से संपूर्ण ब्रिटिश हुकूमत को अस्थाई रूप से उखाड़ फेंकने तथा दिल्ली के ऐतिहासिक शहर में विद्रोही सैनिकों की सैन्य बंधन में युद्ध सामग्री से सहायता प्रदान करने का श्रेय राव तुलाराम को जाता है। इन्हें राव बहादुर की उपाधि से अलंकृत किया गया था। प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने राव तुला राम जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी अध्यापक भी मौजूद थे। स्कूल प्रबंधक सोहन लाल सैनी ने भी राव तुला राम जी को उनकी शहादत के लिए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें कोटि-कोटि प्रणाम किया।

# महाराजा अग्रसेन जयंती की तैयारियों का भाजपा नेता ने लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



कार्यक्रम स्थल पर लोगों से चर्चा करते भाजपा नेता राजीव जैन।

**कोरोना** काल के बाद पहले नवरात्रे के दिन 26 सितंबर को महाराजा अग्रसेन जयंती मनाने की तैयारी जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम सेक्टर 16 स्थित रंगोली कॉलोनी में होगा, जहां वियतनाम से आ रही सफेद पत्थर की 11 फीट ऊंची महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण होगा।

हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष राजीव जैन ने रंगोली कॉलोनी में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और दिशा-निर्देश दिए। मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कविता जैन, घनश्याम दास गुप्ता, सुभाष गुप्ता, राकेश गर्ग, जय भगवान गुप्ता, हरि प्रकाश मंगला, टीकाराम मित्तल, तरसेम गोयल, राकेश कुच्छल, राकेश अग्रवाल, संजय सिंगला, पवन गोयल, अजय गोयल, सुरेश गुप्ता, संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके बाद महाराजा अग्रसेन कुलदेवी मां लक्ष्मी के साथ रथ पर सवार होंगे और शोभायात्रा शहर में निकाली जायेगी।

रथ यात्रा में युवाओं की बाइक रैली महाराजा अग्रसेन की जय जयकार के नारे लगाती चलेगी। रथ यात्रा का शहर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं समेत सभी वर्गों के संगठनों द्वारा लगभग 42 स्थानों पर तोरण द्वार बनाकर स्वागत किया जायेगा। यात्रा पुरानी अनाज मंडी स्थित अग्रसेन परिसर में आरती के साथ समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे पुरानी अनाज मंडी स्थित अग्रसेन परिसर में हवन होगा और आरती के बाद माल्यार्पण किया जायेगा। सेक्टर 14 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति हवन का आयोजन करेगी तथा साय काल में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। अग्रवाल सम्मेलन ने इसी उपलक्ष में 24 सितंबर को अग्रोहा धाम के लिए बस यात्रा तय की है।

# संक्षिप्त-समाचार

## शहीदी दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में 420वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर इंडियन डेंटल एसोसिएशन कुरुक्षेत्र एवं राष्ट्रपति पुलिस पदक से अलंकृत उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। शिविर में आईडीए के फाउंडर मेंबर डॉ. मनीष मदान, प्रधान डॉ. माधविका मदान, सचिव डॉ. नूपुर वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. नीरज ने शिविर का शुभारम्भ किया। आईडीए प्रधान डॉ. माधविका मदान और उनके साथी पदाधिकारियों ने रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र को जरूरतमंद बच्चों के निमित 3100 सौ का अनुदान भी दिया। डॉ. मनीष मदान ने कहा कि रक्तदान के लिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। 150 बार रक्तदान और 68 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि आज का दिन हरियाणा के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण है और इसीलिए यह दिन रक्तदान के लिए चुना गया है। रक्त कोष प्रभारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में गुरजिंद्र कौर आदि ने रक्त संग्रह किया जबकि समाजसेवी प्रशांत शर्मा ने विशेष सहयोग किया। शिविर में रघबीर, डॉ. नूपुर वर्मा, शुभम, डॉ. प्रशांत, राकेश शर्मा, प्रवीण कुमार, सचिन कुमार, विकास कुमार, गुरदीप कुमार, मयंक पाहवा, नितिन सैनी, डॉ. भूमिका, डॉ. सिमरन, राजेंद्र कुमार, प्रशांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद को ट्राई साइकिल की दी



**कुरुक्षेत्र।** श्री अद्वैत स्वरुप आश्रम में संस्थापक स्वामी अनन्त प्रकाशानंद पुरी की 30वीं पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में संत अगम पुरी के आशीर्वाद से कोशिश ग्रुप ने जरूरतमंद को सहायता के लिए एक ट्राई साइकिल भेंट की। कोशिश ग्रुप के प्रधान साहिल गाबा ने बताया कि ग्रुप महीने में चार बार गरीब व असहाय लोगों को राशन आदि वितरित करता है। इसके अलावा किसी भी जरूरतमंद की मदद के लिए हर समय तैयार रहता है। इस मौके पर निर्विकार पुरी, दिव्यानंद, वेद प्रकाश, तरूण मोंगिया, शिव कुमार, वंश आहूजा आदि मौजूद रहे।

## आधुनिकता के दौर में अपने संस्कार खो रहे बच्चे



**कुरुक्षेत्र।** श्राद्ध पितृपक्ष के पावन अवसर पर सपड़ा कॉलोनी ट्यूबवेल पार्क में श्रीमद्भागवत कथा में श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष कथावाचक अनिल शास्त्री ने भक्तों को श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग का रसपान करवाया। विवाह के बाद कंस अपने रथ पर वासुदेव और देवकी के साथ जा रहे थे। तभी आकाश से घोर गर्जना होती है की कंस देवकी के गर्भ से जन्मीं आठवीं संतान तेरा काल बनकर तेरा नाश करेगी। कंस ने भय के वशीभूत होकर अपनी बहन देवकी एवं वासुदेव को कारागार मे डाल दिया और एक एक कर छह संतानों का जन्म लेने के साथ ही बध कर दिया। सातवे गर्भ का संकर्षण हो गया। उधर देवकी ने आठवां गर्भ धारण किया तभी कंस ने सैनिकों को सावधान कर दिया की मेरा काल आ रहा है। भाद्रकृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि मे भगवान नारायण बालक के रूप मे प्रकट हुए। अनिल शास्त्री ने बताया कि राम को जो संस्कार मिले थे। वह अपने माता-पिता से ही मिले थे। आज के युग में आधुनिकता की चकाचोध में बच्चे अपने संस्कार खो रहे हैं। मां ही है जो उनमे संस्कार जीवित रख सकती है। भागवत कथा के मुख्य अतिथियों को व्यासपीठ से सम्मानित किया। कथा के उपरांत महा आरती हुई और भगवान को भोग लगाने के पश्चात सबको प्रसाद वितरण किया गया। भागवत कथा में समाजसेवी राजेश सिंगला, नरेश सिंगला, पूर्व सांसद प्रो. कैलाशो सैनी, सोहन लाल वर्मा, अपर्ना वर्मा, सुभाष गर्ग, विजय गुप्ता, रश्मी मिश्रा, रानी सिंगला, कविता सचदेवा, पुष्पा बंसल, पुष्पा धीमान, मक्खन लाल रहलन, लालचंद शर्मा, गुलशन गाबा, आरती बजाज, सुर्य बजाज, विजय सोही, केसी वर्मा, सचिन गाबा, धर्मपाल सिंगला, शिवदयाल जंगम, सोम धीमान, ओम प्रकाश शर्मा, छाया शर्मा, लीला देवी, स्वाति गाबा, उषा गाबा, इन्दिरा वर्मा, राजन गुप्ता एवं आरती में अनेक महिलाएं एवं पुरुष आदि शामिल रहे।

# न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर पंजाब कृषि विवि किसान मेला में प्रदर्शित करेगा फार्म मैकेनाइजेशन सॉल्यूशंस की अपनी रेंज

पायनियर समाचार सेवा। हरियाणा

**23, 24 को लुधियाना में पीएयू परिसर में ब्रांड अपने छह ट्रैक्टर, एक कंबाइन हार्वेस्टर बायोमास और प्रबंधन समाधान प्रदर्शित करेगा**

**सीएनएच** इंडस्ट्रियल का ब्रांड न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर 23 और 24 सितंबर को पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (पीएयू) किसान मेला में मौजूद रहेगा।

ब्रांड के स्टाल 95-97, 111-113 एंड मेला म्यूरल 2 में छह अत्याधुनिक ट्रैक्टरों का प्रदर्शन किया जाएगा जिनमें न्यू हॉलैंड 3600-2 टी एक्स सुपर, 3037 टी एक्स सुपर, 3600 टी एक्स सुपर 4 डब्ल्यू डी, 3630 टी एक्स सुपर 4 डब्ल्यू डी, 5620 टी एक्स and 3600-2 ऑलराउंडर शामिल हैं।

किसान मेला में भागीदारी पर टिप्पणी करते हुए, रौनक वर्मा, प्रबंध निदेशक और कंट्री हेड, सीएनएच इंडस्ट्रियल -इंडिया और सार्क ने कहा, हमारे पास भारतीय बाजार के लिए रणनीतिक विकास योजनाएं हैं और कृषि उपकरण खंड में हमारे समय-परीक्षणित उत्पाद हैं भारतीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त और हमारे ग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रस्ताव प्रदान करते हैं। पंजाब और हरियाणा हमारे लिए मजबूत बाजार हैं और पीएयू मेले में भाग लेने से हमें अपने मौजूदा और संभावित ग्राहकों के साथ जुड़ने का मौक ा मिलता है। हमें यकीन है कि हमारे कृषि मशीनीकरण समाधान बहुत सारे आगंतुकों को उत्साहित करेंगे और खेती को अधिक उत्पादक और कुशल बनाने में मदद करेंगे।



वैश्विक महामारी के कारण दो साल के वर्चुअल शो के बाद पीएयू किसान मेला ऑन-ग्राउंड हो रहा है। किसान मेला स्थानीय किसानों को विभिन्न ब्रांडों के साथ जुड़ने, बाजार में उपलब्ध नवीनतम कृषि समाधानों को समझने और तलाशने और एक छत के नीचे खेती के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर का उद्देश्य बेहतर तकनीक और प्रदर्शन द्वारा समर्थित अपने उत्पादों के साथ खेती के अधिक उत्पादक, कुशल और प्रभावी तरीके से किसानों को उनकी यात्रा में सहायता करना है।

# डीएवी पीजी कॉलेज एक बार फिर बना चेंम्पियन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**5वीं राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में लहराया जीत का परचम**

**डीएवी** पीजी कॉलेज करनाल में चल रही 5वीं राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज वालीबॉल प्रतियोगिता पर डीएवी पीजी कॉलेज करनाल की टीम ने एक फिर अपना कब्जा कर चैंपियनशिप जीत ली है। जिसको लेकर डीएवी पीजी कॉलेज में जश्न मनाया जा रहा है। चारों ओर खुशी का माहौल है। जैसे ही डीएवी पीजी कॉलेज की टीम ने मैच जीता, तभी कॉलेज के स्टाफ के मोबाइल बजने लगे, और बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।

डीएवी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने अपनी टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में कोई भी काम ऐसा नहीं है, जिसे किया न जा सके, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास से भरपूर इंसान हर कामयाबी को प्राप्त कर लेता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे अर्जुन अवार्डी और पुर्व खेल निदेशक केयूके डॉ. दलेल सिंह और वर्तमान में कुरुक्षेत्र विवि के खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि व ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। जिसमें डीएवी पीजी कॉलेज की टीम को 25 हजार रुपये नगद राशि व ट्राफी तथा एसए जैन कॉलेज अंबाला की टीम को 15 हजार रुपये नगद और ट्राफी एवं तीसरे नंबर पर रही बीएआर जनता कॉलेज कौल की टीम को 10 हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई।

अर्जुन अवार्डी डॉ दलेल सिंह व केयूके के खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती ने अपने व्याख्यान में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ.रामपाल सैनी ने शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता एवं प्रतियोगिता के सचिव डॉ जितेन्द्र चौहान को बधाई देते हुए जीत का सेहरा उनके सिर पर बांधा। इस मौके पर सभी टीमों के प्रतिनिधि एवं अन्य सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# हार्वेस्ट गोल्ड 25 को दिल्ली में एक नेक कार्य के लिए अपनी ग्लोबल रेस का शुभारंभ करेगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कंपनी का लक्ष्य समुदाय को चार लाख से ज्यादा ब्रेड के स्लाइस दान करने का है**

**भारत** का प्रमुख बेकरी ब्रैंड हार्वेस्ट गोल्ड अपनी वार्षिक ग्लोबल रेस के पांचवें संस्करण की तैयारी कर रहा है। ग्रुपो बिंबो के ब्रैंड हार्वेस्ट गोल्ड ने भारत में 25 साल की विरासत खड़ी की है। यह एक मकसद के साथ आयोजित की जाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी रेस है। यह रेस दुनिया भर के 33 से ज्यादा देशों में हर साल आयोजित की जाती है। भारत में यह रेस दिल्ली में 25 सितंबर 2022 को होगी। बेहतर विश्व के पोषण (नरिशिंग ए बेटर वर्ल्ड) के विजन के साथ, हार्वेस्ट गोल्ड ने हर रजिस्टर्ड रनर के लिए,जरूरतमंद व्यक्ति को ब्रेड के 20 स्लाइस डोनेट करने की प्रतिबद्धता जताई है।

इस इवेंट में वर्चुअल और ऑनसाइट रन दोनों को शामिल किया है। इस अवसर पर दुनिया भर के देशों के 30 हजार से ज्यादा धावक शामिल होंगे, जो इस महान मकसद के लिए एक साथ आएंगे। ऑनसाइट रेस दुनिया भर के 10 देशों के 15 शहरों में आयोजित की जाएगी, जिसमें अर्जेंटीना, ब्राजील, कोलंबिया, चिली, इक्वाडोर, स्पेन, अमेरिका, भारत, मैक्सिको और पुर्तगाल शमिल हैं। भारत में हार्वेस्ट गोल्ड 2018 से इस फ्लैगशिप रेस को आयोजित करता रहा है। कंपनी ने अलग-अलग शहरों में जरूरतमंद लोगों को पांच लाख से ज्यादा ब्रेड की स्लाइस का वितरण किया है। इस दौड़ में अलग-अलग आयु समूहों और अलग-अलग व्यवसाय से जुड़े कई प्रतियोगी हिस्सा लेंगे। ग्रुपो बिंबो की भारतीय सब्सिडिएरी के प्रबंध निदेशक राजकंवर सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल अपने बिजनेस को आगे बढ़ाना नहीं है, बल्कि समाज को भी उसका हक लौटाना है। रेस का उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद करना तथा सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। इस रेस का आयोजन अपने उपभोक्ताओं, माहौल, अपने लोगों और संपूर्ण रूप से पूरे समाज के स्वास्थ्य की रक्षा करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। हमारा उद्देश्य इस साल भारत में जरूरतमंदों को ब्रेड की चार लाख स्लाइस दान देना है। इस दौड़ के लिए पहले ही बहुत से लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। हमें उम्मीद है कि रेस के दिन भारी संख्या में लोग एक साथ दौड़ में शामिल होंगे। मैं आप सबको वहां देखने की उम्मीद करता हूं! यह रेस गुरुग्राम के एंबियंस आईलैंड में 25 सितंबर को सुबह 5 बजे से नौ बजे तक आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने वाले लोग तीन किमी, पांच किमी या 10 किमी की कोई भी दूरी की रेस में शामिल होने का विकल्प चुन सकते हैं।

# शहरी नक्सलियों ने सरदार सरोवर बांध का काम कई वर्षों तक रोका : मोदी

## पीएम ने गुजरात में राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा

### बोले, बांध निर्माण को रोककर दावा करते रहे कि इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचेगा





एजेंसी। अहमदाबाद (गुजरात)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राजनीतिक समर्थन प्राप्त शहरी नक्सलियों व विकास विरोधी तत्वों ने गुजरात में नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध के निर्माण को कई वर्षों तक यह दावा करते हुए रोके रखा कि यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार यानी आज गुजरात में नर्मदा जिले के एकता नगर में राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उद्घाटन करने के बाद यह बात कही।

मोदी ने कहा, राजनीतिक समर्थन प्राप्त शहरी नक्सलियों व विकास विरोधी तत्वों ने गुजरात में नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध के निर्माण को कई वर्षों तक रोके रखा और दावा करते रहे कि यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगा। इस विलंब के कारण भारी धन राशि का नुकसान हुआ। अब जब बांध बनकर तैयार है, तो आप देख सकते हैं कि उनके दावे कितने खोखले थे। नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखने वालों के साथ-साथ कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए कुछ राजनीतिक खेमे अक्सर शहरी नक्सल (अर्बन नक्सल) शब्द का इस्तेमाल करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ये शहरी नक्सली अब भी सक्रिय हैं। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि व्यवसाय को सुगम बनाने या जीवन को आसान बनाने वाली परियोजनाओं को पर्यावरण के नाम पर रोका ना जाए।

ऐसे लोगों की साजिश से निपटने के लिए हमारे पास एक संतुलित दृष्टिकोण होना चाहिए।

### केंद्र और राज्यों के बीच और अधिक तालमेल के लिए हुआ सम्मेलन

**पीएमओ** के अनुसार, सहकारी संघवाद की भावना को आगे बढ़ाते हुए बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण का उन्मूलन व लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट (लाइफ) को ध्यान में रखते हुए, जलवायु परिवर्तन की चुनौती का प्रभावी मुकाबला करने की राज्यों की कार्य योजनाओं जैसे मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच और अधिक तालमेल बनाने के लिए इस सम्मेलन का आयोजन हुआ है।

### दो दिवसीय सम्मेलन में होंगे छह विषयगत सत्र

**इस** दो दिवसीय सम्मेलन में छह विषयगत सत्र होंगे। इनमें लाइफ, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां, पर्यावरण परियोजनाओं के लिए एकल खिड़की निकासी सुविधा से जुड़ी परिवेश योजना, वन प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण व रोकथाम, वन्यजीव प्रबंधन और प्लास्टिक और कचरा प्रबंधन जैसे विषयों को शामिल किया गया है।

# भागवत के दौरे के बाद क्या मुस्लिम समाज के प्रति बदलेगा भाजपा का रुख : मायावती

### पूछा, राष्ट्रपिता कहलवाने के बाद भाजपा सरकारों का नकारात्मक रुख बदलेगा?

### संघ प्रमुख के मस्जिद दौरे का जिक्र करते हुए किए सोशल मीडिया के जरिए किए सवाल



एजेंसी। लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के दिल्ली स्थित एक मस्जिद और मदरसे में जाकर उलेमा से मुलाकात करने का जिक्र करते हुए शुक्रवार को सवाल किया कि क्या इसके बाद मुस्लिम समाज और मस्जिद-मदरसों के प्रति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसकी सरकारों के नकारात्मक रुख में बदलाव आएगा।

मायावती ने संघ प्रमुख के मस्जिद दौरे का जिक्र करते हुए सिलसिलेवार ट्वीट किए। उन्होंने कहा, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा कल दिल्ली स्थित मस्जिद/मदरसे में जाकर उलेमा से मुलाकात करने और फिर उनसे अपने आपको राष्ट्रपिता व राष्ट्र ऋषि कहलवाने के बाद क्या भाजपा और उसकी सरकारों का मुस्लिम समाज व मस्जिद-मदरसों के प्रति नकारात्मक रुख व बर्ताव बदलेगा? बसपा अध्यक्ष ने आगे कहा, यूपी सरकार खुली जगह पर कुछ मिनट अकेले में नमाज पढ़ने की मजबूरी को भी सहन नहीं कर पा रही है और सरकारी मदरसों की उपेक्षा करते हुए निजी मदरसों में भी हस्तक्षेप पर उतारू है, लेकिन आरएसएस प्रमुख की इस बारे में गहरी चुप्पी के क्या मायने निकल रहे हैं, इस पर भी वे जरूर गौर करें। गौरतलब है कि भागवत ने मुस्लिम समुदाय तक अपनी पहुंच बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को एक मस्जिद और मदरसे का दौरा किया था। सरसंघचालक मध्य दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित एक मस्जिद में गए और उसके बाद उन्होंने उत्तरी दिल्ली के आजादपुर में मदरसा तजावीदुल कुरान का दौरा किया। यह पहला मौका है, जब सरसंघचालक ने किसी मदरसे का दौरा किया है। आरएसएस के एक पदाधिकारी के अनुसार, ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी ने मदरसे के बच्चों से बातचीत के दौरान भागवत को राष्ट्रपिता बताया। हालांकि, भागवत ने उन्हें तत्काल टोका और कहा कि देश में एक ही राष्ट्रपिता हैं और बाकी सब भारत की संतानें हैं।

# शिवसेना को दशहरा रैली के लिए अनुमति मिली

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना को मध्य मुंबई में स्थित शिवाजी पार्क में पांच अक्टूबर को वार्षिक दशहरा रैली के आयोजन की अनुमति शुक्रवार को दे दी। न्यायमूर्ति आरडी धनुका और न्यायमूर्ति कमल खाटा की खंडपीठ ने ठाकरे नीत शिवसेना गुट और उसके सचिव अनिल देसाई द्वारा बृहन्मुंबई महानगर पालिका के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को अनुमति दे दी।

गौरतलब है कि बीएमसी ने शिवसेना को शिवाजी पार्क में वार्षिक दशहरा रैली करने की अनुमति देने से इंकार कर दिया था। अदालत ने कहा, बीएमसी का आदेश स्पष्ट रूप से कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। पीठ ने ठाकरे नीत शिवसेना को दो से छह अक्टूबर तक शिवाजी पार्क का उपयोग करने की अनुमति दी है, लेकिन साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने को कहा है। बीएमसी ने 21 सितंबर को कहा था कि वह ठाकरे नीत पार्टी का आवेदन इसलिए खारिज कर रही है क्योंकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के विद्रोही धड़े के विधायक सदा सारवंकर ने भी ऐसी ही अर्जी दी है और अगर एक धड़े को अनुमति दी जाती है तो इससे स्थानीय पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो जाएगी।

# पश्चिम बंगाल : कुर्मी समुदाय के लोगों का रेलवे पटरियों, राजमार्ग का घेराव जारी

### मांग : कुर्मी समुदाय मांग रहा है एसटी का दर्जे मिले

### कुर्मी कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए



एजेंसी। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में पिछले चार दिनों से जारी कुर्मी समुदाय के लोगों के प्रदर्शन के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) के दो खंडों पर ट्रेन सेवा और राष्ट्रीय राजमार्ग छह पर वाहनों की आवाजाही शुक्रवार को भी प्रभावित रही। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एसईआर के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदर्शनकारी पुरुलिया जिले के आद्रा मंडल के कुस्तौर में और पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर मंडल के खेमासुली में रेलवे पटरियों पर जमा हो गए, जिसके कारण ट्रेनों को रद्द किया गया, गंतव्य से पहले यात्रा समाप्त की गई और कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया।

कुर्मी समुदाय के लोग अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने के अलावा कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की भी मांग कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को सुबह चार बजे से पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड में कई रेलवे स्टेशनों पर आंदोलन शुरू किया। हालांकि, उसी दिन अन्य सभी स्टेशनों पर जाम हटा लिया गया लेकिन यह खेमासुली और कुस्तौर में जारी रहा। उन्होंने खेमासुली में हाईवे को भी बाधित किया। ट्रक चालकों ने कहा कि समय बहुत तनावपूर्ण है, क्योंकि उनके खाने-पीने का सामान लगभग खत्म हो गया है। एक ट्रक ड्राइवर ने कहा, हमलोग चार दिन से फंसे हुए हैं, हमारे खाने-पीने का सामान खत्म हो गया है और हमें दिक्कत हो रही है। रात में सुरक्षा की समस्या होती है।

# यात्रा के विश्राम वाले दिन केरल में हैं राहुल: रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के विश्राम वाले दिन शुक्रवार को राहुल गांधी केरल के चालाकुडी में यात्रियों के लिए बने कंटेनर कैम्प में ही हैं।

रमेश ने यहां संवाददाताओं से कहा, कुछ चैनलों और प्रिंट मीडिया के एक हिस्से में फर्जी खबर दी गई है। राहुल गांधी जी भारत जोड़ो यात्रा के विश्राम वाले दिन आज कंटेनर कैम्प में ही हैं। उन्होंने कहा, भारत यात्रियों के लिए एक चिकित्सा शिविर लगाया गया है और राहुल गांधी आराम कर रहे हैं। दरअसल, मीडिया के एक हिस्से में ऐसी खबरें आई थीं कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव से जुड़ी गहमागहमी के बीच राहुल गांधी 23 सितंबर को दिल्ली में होंगे। कांग्रेस की 3,570 किलोमीटर लंबी और 150 दिनों तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी।

# उप्र : विधानसभा से सपा का पूरे दिन के लिए बहिर्गमन

### सपा ने छात्र संघों की बहाली, फीस वृद्धि, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग की

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को छात्र संघों की बहाली, फीस वृद्धि, महंगाई, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों को लेकर राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने सदन से पूरे दिन के लिए बहिर्गमन किया।

वहीं, सरकार ने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार ने बेरोजगारी, चिकित्सा और शिक्षा समेत हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष का कोई एजेंडा होगा, जिसके चलते वह सदन छोड़कर चले गए। शुक्रवार को सत्र की शुरुआत पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आसन पर बैठते ही नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर मुद्दों पर जवाब न देने का आरोप लगाया। अखिलेश ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र छात्र-संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर 800 दिन से आंदोलन कर रहे हैं। सरकार ने उन्हें उपहार देते हुए 500 गुना फीस बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि सदन चार दिन चला और इस दौरान सरकार की तरफ से जनहित के मुद्दे, मसलन-महंगाई, बेरोजगारी, चिकित्सा, शिक्षा, बिजली पर कोई जवाब नहीं आया, लिहाजा हम लोग बहिर्गमन करते हैं। इसके बाद, अखिलेश अपनी सीट से उठ गए और उनके साथ सपा और रालोद के सभी सदस्य सदन से बाहर चले गए। जब अध्यक्ष ने पूछा कि वापस आएंगे तो सपा सदस्यों ने नहीं में जवाब दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही मुख्य विपक्षी दल सपा और उसकी सहयोगी रालोद की अनुपस्थिति में ही चली।

# हांगकांग आने वालों को होटल में पृथकवास का नियम समाप्त होगा

एजेंसी। हांगकांग



**हांगकांग** के नेता ने शुक्रवार को ऐलान किया कि अब अन्य स्थानों से आने वाले लोगों के लिए, होटल में अनिवार्य पृथक-वास का नियम समाप्त किया जाएगा।

शहर के मुख्य कार्यकारी जॉन ली ने कहा कि यहां आने वाले सभी यात्रियों को विमान पर सवार होने के 48 घंटे पहले की नकारात्मक (नेगेटिव) पीसीआर जांच रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अब उन्हें विमान में सवार होने से 24 घंटे पहले की नकारात्मक एंटीजन जांच रिपोर्ट पेश करनी होगी। यह नियम सोमवार से लागू होगा। ली ने कहा, हम महामारी को नियंत्रित करेंगे। हमें विश्व से जुड़ने के लिए अधिकतम तरीकों के इस्तेमाल की इजाजत देनी होगी ताकि हम अपनी अर्थव्यवस्था को गति दे सकें और आने वाले यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम कर सकें। उन्होंने कहा, जोखिम और आर्थिक विकास के बीच संतुलन होना चाहिए।

# सिंगापुर : भारतीय को जहाजरानी कंपनी में भ्रष्टाचार का दोषी बताया

**सिंगापुर।** सिंगापुर में 51 वर्षीय एक भारतीय नागरिक को यहां एक अंतरराष्ट्रीय जहाजरानी कंपनी के एक विभाग के प्रबंध निदेशक के तौर पर कार्य करने के दौरान भ्रष्टाचार करने का दोषी ठहराया गया। सिनोचेम शिपिंग सिंगापुर के आओक्सिंग शिप मैनेजमेंट सिंगापुर विभाग के प्रबंध निदेशक अनंतकृष्णन नंदा ने भ्रष्टाचार, नशीले पदार्थों की तस्करी एवं अन्य गंभीर अपराधों (लाभ की जब्ती) कानून के तहत अपना अपराध स्वीकार किया। नंदा की नवंबर 2015 में मरीन केयर सिंगापुर के निदेशक एवं महाप्रबंधक कुणाल चड्ढा से मुलाकात हुई थी। मरीन केयर सिंगापुर कंपनी पोतों की सफाई और रखरखाव के लिए समुद्री रसायनों और उपकरणों की आपूर्ति करती है। नंदा ने दिसंबर 2015 में चड्ढा से आओक्सिंग के विक्रेता के तौर पर मरीन केयर को जोड़ने के संबंध में बात की थी। आओक्सिंग उस समय सिनोचेम पोतों में साफ-सफाई और दक्षता बढ़ाने के लिए टैंक सफाई संबंधी कार्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रही थी।

# भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का उदाहरण है राजनीति और क्रिकेट टीम

एजेंसी। न्यूयॉर्क



### करीब तीस साल पहले राजनीतिक वर्ग बहुत संकुचित था

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारतीय राजनीति और भारतीय क्रिकेट टीम इस बात का सबसे समावेशी उदाहरण एवं साक्ष्य हैं कि लोकतंत्र मजबूत हुआ है और यह वास्तव में कारगर है। जयशंकर ने इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल (एआईएसी) के उपाध्यक्ष राकेश कौल के साथ बातचीत के दौरान कहा कि भारतीय संसद, मंत्रिमंडल, राजनीति में काम कर रहे लोगों और क्रिकेट टीम को देखिए और अपने आप से पूछिए, ये लोग 20 साल या 10 साल या 30 साल पहले जो थे, उससे उनकी तुलना कीजिए। हमारा राजनीतिक वर्ग कितना संकुचित था।

उन्होंने कहा, यदि आप मुझसे पूछें, तो मेरी नजर में लोकतंत्र के वास्तव में गहरे होने और इसके कारगर होने के दो सबसे बड़े समावेशी उदाहरणों में एक उदाहरण भारतीय राजनीति है और दूसरा उदाहरण भारतीय क्रिकेट टीम है। जयशंकर एआईएसी द्वारा आयोजित मोदी एट द रेट 20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी किताब पर विशेष चर्चा के दौरान भारतीय लोकतंत्र में प्रतिबिंबित होने वाली समावेशिता को लेकर एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। मंत्री ने कहा, वैसे में, किसी की क्षमता को नहीं आंक रहा। वे बहुत ही प्रतिभाशाली लोग हैं, उनमें से कई ने बहुत शानदार काम किए हैं और मैं उन्हें लेकर किसी संशय में नहीं हूं।

# राजस्थान विधानसभा में स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक पर चर्चा

### स्वास्थ्य मंत्री ने विधेयक राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक 2022 विचारार्थ रखा



एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** विधानसभा में शुक्रवार को स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक पर शुरू हुई। सरकार इस विधेयक को चर्चा के बाद आज पारित करवाना चाहती है। स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने आज विधेयक राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक 2022 को विचारार्थ प्रस्तुत किया।

विधेयक के अनुसार इस पर प्रति वर्ष 14.55 करोड़ रुपये का आवर्ती व्यय हो सकता है। जिसमें 14.50 करोड़ रुपये मानव संसाधन पर खर्च होंगे। राजस्थान सरकार ने लोगों को स्वास्थ्य का अधिकार देने के लिए एक विधेयक बृहस्पतिवार को सदन में पेश किया। विधेयक के अनुसार राजस्थान सरकार यद्यपि, चिकित्सा महाविद्यालयों, सह-चिकित्सालयों, जिला और उप-जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और उप-केंद्रों को चलाए जाने के लिए आवंटित नियमित बजट के अलावा, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, राजस्थान सरकार स्वास्थ्य स्कीम जैसी लोकप्रिय योजनाएं भी चला रही है। राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सर्वोत्तम उपभोग किए जाने के लिए नागरिकों को विधिक अधिकार और हक प्रदान करना चाहती है।

जन स्वास्थ्य के राजस्थान मॉडल की प्रभावशीलता और क्रियान्वयन को बढ़ाए जाने के लिए, राज्य सरकार ने पूर्व सक्रियता से स्वास्थ्य के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक राज्य विधायन लाए जाने का निश्चय किया है, ताकि, निवासियों का अधिकार सुनिश्चित किया जा सके।

# कन्नूर में पीएफआई कार्यकर्ताओं को पीटा

**कन्नूर (केरल)।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा शुक्रवार को राज्य में आहूत हड़ताल के तहत यहां जबरन दुकानें बंद कराने की कोशिश कर रहे संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं की स्थानीय लोगों ने पिटाई कर दी।

जब प्रदर्शनकारियों ने लोगों से दुकान बंद करने को कहा तो नाराज स्थानीय लोगों ने कड़ा ऐतराज जताया और कार्यकर्ताओं की पिटाई शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने एक प्रदर्शनकारी को कन्नूर के पयन्नूर में पुलिस के हवाले कर दिया। वायरल वीडियो में एक हड़ताल समर्थक को स्थानीय लोगों द्वारा पीटते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में भागने की कोशिश कर रहे एक प्रदर्शनकारी को पकड़कर लोग पुलिस के हवाले करते दिख रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना तब घटी जब पीएफआई कार्यकर्ताओं का समूह बाजार पहुंचा। उन्हें कुछ दुकानें खुली होने का पता चला था।

# रूस के कब्जे में आए यूक्रेन के क्षेत्रों में जनमत संग्रह शुरू

एजेंसी। कीव

**रूस** के कब्जे में आए यूक्रेन के क्षेत्रों में शुक्रवार को जनमत संग्रह शुरू हुआ। इस जनमत संग्रह से यह निर्धारित होगा कि ये क्षेत्र रूस का अभिन्न हिस्सा बनेंगे अथवा नहीं। रूस से जुड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह जनमत संग्रह एक प्रकार से रूस की शह पर हो रहा है और यूक्रेन तथा पश्चिमी देशों ने पूर्व में इसकी निंदा करते हुए इसे कोरी बयानबाजी बताया था।

इसे रूस द्वारा क्षेत्र के कब्जे की ओर बढ़ाए गए एक कदम के तौर पर देखा जा रहा है। मतदान लुहांस्क, आंशिक तौर पर रूस के कब्जे में आए जापोरिज्जिया और दोनेत्स्क क्षेत्र में रहा है।

वहीं खेरसॉन में भी शुक्रवार को सुबह मतदान शुरू होने की उम्मीद है। इस क्षेत्र पर भी रूस का पूरा कब्जा है। यह निर्धारित करने के लिए मतदान हो रहा है कि लोग इन क्षेत्रों को रूस में शामिल किए जाने की इच्छा रखते हैं अथवा नहीं और माना जा रहा है कि परिणाम रूस के पक्ष में रहेंगे। इससे रूस को यह दावा करने का मौका मिलेगा कि क्षेत्रों पर कब्जा करने के यूक्रेनी बलों के प्रयास वास्तव में रूस पर हमले हैं।

# केरल हाईकोर्ट ने पीएफआई द्वारा आहूत हड़ताल पर लिया स्वत: संज्ञान

## कहा, पुलिस अवैध हड़ताल के समर्थकों द्वारा ऐसे कृत्यों को रोकने के लिए उपाय करे

एजेंसी। कोच्चि (केरल)

**केरल** उच्च न्यायालय ने इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा राज्यभर में आहूत की गई हड़ताल का शुक्रवार को स्वत: संज्ञान लिया। न्यायमूर्ति एके जयशंकरन नांबियार ने कहा कि उनके 2019 के आदेश के बावजूद पीएफआई ने अचानक कल हड़ताल का आह्वान किया।

अदालत ने कहा, इन लोगों द्वारा हमारे पूर्व के आदेश में दिए एक निर्देशों का पालन किए बिना हड़ताल का आह्वान करना प्रथम दृष्टया, पूर्व के आदेश के संदर्भ में इस न्यायालय के निर्देशों की अवमानना के समान है। मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए अदालत ने हड़ताल के आह्वान का समर्थन नहीं करने वालों की सार्वजनिक व निजी संपत्ति को किसी भी तरह की क्षति पहुंचाए जाने से रोकने के लिए पर्याप्त उपाय करने का पुलिस को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति नांबियार ने कहा, खासकर, पुलिस अवैध हड़ताल के समर्थकों द्वारा ऐसे कृत्यों को रोकने के लिए उपाय करे और अदालत के समक्ष एक रिपोर्ट पेश करे, जिसमें सार्वजनिक, निजी संपत्ति को अगर नुकसान पहुंचाने के कोई मामले सामने आएं तो उसकी जानकारी दी जाए। यह जानकारी

### अवैध हड़ताल के दौरान हुए सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की रिपोर्ट पेश करनी होगी



अपराधियों से इस तरह के नुकसान की भरपाई कराने के वास्ते अदालत के लिए जरूरी होगी। अदालत ने पुलिस से कहा कि वह उन सभी जन सेवाओं को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करें, जिन्हें अवैध हड़ताल का समर्थन करने वाले निशाना बना सकते हैं। उच्च कहा कि मीडिया घराने अदालत के आदेश की जानकारी दिए बिना ही अचानक आहूत हड़ताल से जुड़ी खबरें चला रहे हैं। अदालत ने कहा, इसलिए, हम मीडिया से एक बार फिर अनुरोध करते हैं कि जब भी अचानक ऐसी अवैध हड़तालों का आह्वान किया जाए, तब लोगों को इस बात की सही से जानकारी दी जाए कि हड़ताल अदालत के आदेश का उल्लंघन है। अदालत ने कहा कि यह काफी हद तक आम जनता की हड़ताल के आह्वान की वैधता के संबंध में आशंकाओं को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा। अदालत ने मामले की आगे की सुनवाई के लिए 29 सितंबर की तारीख तय की है। उच्च न्यायालय ने सात जनवरी 2019 को स्पष्ट कर दिया था कि हड़ताल से सात दिन पहले उसकी सार्वजनिक तौर पर जानकारी दिए बिना, ऐसे अचानक हड़ताल का आह्वान करना अवैध/असंवैधानिक माना जाएगा और हड़ताल का आह्वान करने वालों को इसके प्रतिकूल अंजाम भुगतने होंगे।

### पीएफआई हड़ताल : केरल में कई जगहों पर पथराव, हिंसा की हुई घटनाएं

**तिरुवनंतपुरम।** इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा शुक्रवार को केरल में आहूत दिनभर की हड़ताल के बीच राज्य में कई जगहों पर सार्वजनिक परिवहन की बसों पर पथराव होने, दुकानों, वाहनों को क्षति पहुंचाने और कुछ जगहों पर हिंसा की घटनाओं की सूचना मिली है। देश में आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के आरोप में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) तथा अन्य एजेंसियों द्वारा पीएफआई के कार्यालयों और उसके नेताओं से जुड़े परिसरों पर बृहस्पतिवार को छापे मारे जाने के विरोध में पीएफआई ने आज हड़ताल करने का आह्वान किया था।

देश में आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के आरोप में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) तथा अन्य एजेंसियों द्वारा पीएफआई के कार्यालयों और उसके नेताओं से जुड़े परिसरों पर छापे मारे जाने के विरोध में पीएफआई ने शुक्रवार को हड़ताल करने का आह्वान किया था।

# ऊर्जा परिदृश्य को बदल रहा है भारत : प्रौद्योगिकी मंत्री

एजेंसी। पिट्सबर्ग



**विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से कहा कि भारत स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में अहम हिस्सेदारी के साथ अपने ऊर्जा परिदृश्य में बदलाव लाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत 2070 तक निवल शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

भारत ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा उत्पादन क्षमता तक पहुंचने, अपनी 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकताओं को नवीकरणीय स्रोतों में स्थानांतरित करने और कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन को एक अरब टन तक कम करने पर सहमति जताई है। सिंह ने सेवंथ मिशन इनोवेशन और 13 क्लीन एनर्जी मिनिस्टीरियल के संयुक्त सम्मेलन वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा बढ़ोतरी मंच में कहा, भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अहम हिस्सेदारी के साथ देश में ऊर्जा परिदृश्य को बदलने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। उन्होंने निजी क्षेत्र की दीर्घकालिक भागीदारी को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जैव अर्थव्यवस्था में ढलने की प्रक्रिया की सफलता भावी परियोजनाओं और उच्च निवेश व अत्यधिक जोखिम वाले महत्वाकांक्षी कदम उठाने पर निर्भर है।

# 13 बिल्डरों पर 1 करोड़ 39 लाख का जुर्माना

## खरीदारों को समय पर फ्लैट नहीं देने पर उत्तर प्रदेश रेरा की सख्त कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




**यूपी** रेरा ने बिल्डरों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। रेरा ने 13 बिल्डरों पर 1 करोड़ 39 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना 30 दिन में जमा करना होगा और सभी प्रमोटर्स को 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

जुर्माने की रकम जमा नहीं करने पर आरसी जारी के तहत कार्यवाही की जाएगी। ये जुर्माना यूपी रेरा की 104वीं बैठक के बाद लगाया गया।

यूपी रेरा के अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि इन सभी बिल्डर के खिलाफ बायर्स की ओर से रेरा में शिकायत की गई है। समय-समय पर इनको निर्देश भी दिए गए। लेकिन बिल्डरों ने नहीं माने। ऐसे में खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए जुर्माने की कार्रवाई की गई है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों की मनमानी हमेशा से रही है। बायर्स को समय से पजेशन नहीं देने, एओए को सोसाइटी हैंडओवर नहीं करने, निर्माण कार्य पूरा नहीं करने के अलावा तमाम शिकायत यूपी रेरा में रजिस्टर्ड होती है। इन शिकायतों का निस्तारण भी किया जा रहा है। रेरा के अधिकारियों ने बताया कि ई कोर्टस के माध्यम से फरवरी 2020 से 21 हजार शिकायत फाइल की गई जिसमें 16 हजार शिकायतों का निस्तारण किया गया।

### इन बिल्डर पर सख्ती

- एसआरबी प्रमोटर्स प्रा. लि.
- गार्डेनिया इंडिया प्रमोटर्स प्रा लि
- एम्स गोल्फ टाउन डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड
- एमवी इंफ्रास्ट्रक्चर्स एंड हाउसिंग प्रा. लि.
- एलीगेंट इंफ्रास्ट्रक्चर्स प्रा लि
- रेडीकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर्स एंड हाउसिंग प्रा. लि.
- डीसेंट बिल्डवेल प्रा. लि.
- उत्तम स्टील्स कंसोर्टियम
- जेएसएस बिल्डकॉन प्रा. लि
- अर्थकॉन कंस्ट्रक्शन प्रा. लि
- ओप्यूलेंट इंफ्राडेवलपर्स प्रा.लि
- औरा बिल्डवेल प्रा. लि.
- ग्रीन बे इंफ्रास्ट्रक्चर्स प्रा.लि.

# ऑपरेशन कायाकल्प से 96 परिषदीय स्कूल बनेंगे मॉडल

## सीईओ ऋतु की अध्यक्षता में बैठक हुई


सीईओ ऋतु माहेश्वरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**प्राधिकरण** अधिसूचित क्षेत्र में कुल 96 परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प किया जाएगा। इसमें 34 उच्च माध्यमिक और 62 प्राथमिक विद्यालय है। इनमें 14 मानक सुविधाएं दी जाएंगी। इस पर 430.21 लाख रुपये खर्च किया जाएगा।

इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण में सीईओ ऋतु माहेश्वरी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इसमें प्राधिकरण का इंजीनियरिंग विंग शामिल रहा। इनको निर्देश दिए गए कि कायाकल्प योजना के तहत टेंडर जारी कर काम शुरू किया जाए। कायाकल्प योजना को नोएडा प्राधिकरण की 202 बोर्ड में पास किया गया था। नोएडा प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में परिषदीय विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प का कोई कार्य नोएडा प्राधिकरण ने नहीं कराया। जिला बेसिक अधिकारी ने 25 अगस्त 2020 को एक पत्र के जरिए अवगत कराया कि यह कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला शहरी विकास एजेंसी व लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जाने प्रस्तावित है।

यदि प्राधिकरण ये काम कराए तो इस पर लगने वाला चार्ज नहीं लगेगा। बताया गया कि प्राधिकरण से बजट लेकर विभिन्न संस्थाओं से काम कराने पर सेंटेज चार्ज सहित 459.79 लाख रुपये खर्च होंगे। यही कार्य प्राधिकरण अपने स्तर पर कराता है तो उस पर अगल से सेंटेज चार्ज नहीं लगेगा। इससे बचत होगी।

# संक्षिप्त समाचार


गाजियाबाद में आगामी त्योहारों पर सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियो के साथ मीटिंग।

### लखनावली में तीन करोड़ की जमीन मुक्त कराई

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार को वर्क सर्किल चार की टीम ने लखनावली खसरा नंबर.381, 382 व 383 में 7850 वर्ग मीटर जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। प्राधिकरण के प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव ने बताया कि वर्क सर्किल चार के प्रभारी एके सक्सेना के नेतृत्व में प्राधिकरण की पुलिस व अन्य स्टाफके साथ मिलकर यह कार्रवाई की गई। यहां अवैध तरीके से झुग्गियां व कुछ कमरे बने हुए थे। इन झुग्गियों व कमरों को हटा दिया गया। साथ ही वहां कई वाहन खड़े थे, उनको भी हटा दिया गया। इस जमीन पर 15 किसानों के छह फीसदी आबादी के भूखंड नियोजित हैं। इसकी कीमत करीब तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

### चाइल्ड पीजीआई में नर्सिंग स्टॉफ ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-30 चाइल्ड पीजीआई में संविदा कर्मी को नौकरी से निकालने पर विरोध हो रहा है। नर्सिंग स्टाफने अस्पताल के डायरेक्टर का घिराव और ओपीडी ब्लाक में प्रदर्शन किया। इसमें नर्सिंग यूनियन, एसएसपीएच पीजीटीआई कर्मचारी संघ के शामिल है। मांग है कि संविदा नर्स का निष्कासन रद्द कर वापस नौकरी पर रखा जाए। कर्मचारी संघ ने संविद कर्मी सुरेंद्र बोरा बिना जांच कमेटी के नौकरी से निष्कासित करने का आरोप लगाया है। इस मामले में सुरेंद्र ने बताया कि वह पत्नी की बीमारी पर चार दिन के अवकाश पर गया था। उन्होंने वार्ड नर्सिंग इंचार्ज और चीफनर्सिंग ऑफि सर को मेल किया था। उन्होंने बताया कि वह 16 सितंबर को सुबह की ड्यूटी कर राजस्थान गए थे। इसके बाद 21 सितंबर को आकर नाइट शिफ्ट की। 22 सितंबर को उन्हे निदेशक ने बुलाया और मौखिक तौर पर निष्कासित करने के निर्देश दिए। संघ ने बताया कि सुरेंद्र पिछले चार सालों से अस्पताल में काम कर रहा है। उसने कोविड अस्पताल में काम किया। मजबूरी में वो अपने घर गया। और उसे नौकरी से निकाल दिया गया। बहरहाल नर्सिंग स्टॉक के विरोध के चलते मरीजों को परेशानी हो रही है। यहां सभी बेड फुल है। इनडोर मरीजों की जिम्मेदारी इन्हीं नर्सिंग के हाथ में है। इसके अलावा ओपीडी में आए मरीजों को परेशानी हो रही है। बताया गया कि जल्द ही निदेशक के साथ बैठक की जाएगी। जिसके बाद कोई निर्णय निकलेगा।

### सड़क हादसे में छात्रा की मौत

**नोएडा।** थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक सरिता मलिक ने बताया कि गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के पास कुछ दिन पूर्व 19 वर्ष की छात्रा सुमित्रा एक सड़क दुर्घटना की शिकार हो गई थी। वह ऑटो रिक्शा में सवार होकर जा रही थी, तभी स्कार्पियो कार ने उन्हें टक्कर मार दिया था। उन्होंने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के एम्स में भर्ती करवाया गया था। जहां पर उपचार के दौरान आज उनकी मौत हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हत्या के प्रयास के मामले में वांछित गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक राधा.रमन सिंह ने बताया कि महमूदपुर गांव में रहने वाले ओमवीर के साथ प्रमोद पुत्र ओमप्रकाश तथा उसकी पत्नी डोली ने एक हफ्ते पूर्व लाठी-डंडे से लैस होकर जमकर मारपीट की थी। पीड़ित मरणासन्न अवस्था में एक अस्पताल में उपचाराधीन है। इस मामले में उसके परिजनों ने हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज करवाया था। मामले की जांच कर रही पुलिस ने आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में शामिल उसकी पत्नी अभी फरार है।

### सोशल मीडिया पर युवती के अश्लील फोटो डाले

**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी युवती के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आई बनाकर उसके अश्लील फोटो डालने और अश्लील मैसेज भेजने का मामला सामने आया है। पीड़िता व उनके परिजनों ने आरोपी के खिलाफतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती अपने परिवार के साथ रहती हैं। युवती के अनुसार कुछ दिन पूर्व गाजियाबाद निवासी एक युवक ने उनके नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो व आपत्तिजनक मैसेज अपलोड कर दिए। आरोपी की हरकत के कारण पीड़िता कई दिनों से तनाव में चल रही हैं। पीड़िता आरोपी की हरकत के बारे में अपने परिजनों को बताया। पीड़िता व उनके परिजनों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गाजियाबाद में रंगदारी मांगने वाला सफेदपोश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के प्रमुख कार व्यवसायी से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने पर पुलिस ने संपूर्णानंद उर्फकाले अनेजा को गिरफ्तार किया है। आरोपी से रंगदारी मांगने में प्रयुक्त रिवॉल्वर और हौंडा सिटी कार जब्त की है। थाना सिहानी गेट में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, काले अनेजा ने 12 जुलाई को कार व्यवसायी की कार में बैठे प्रदीप शर्मा व अमित चौधरी के साथ मारपीट की। इसके बाद कार व्यवसायी पर रिवाल्वर तानकर 20 लाख रुपये मांगे और रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद 19 सितंबर को बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने काले अनेजा के नाम पर फिर से 20 लाख रुपये मांगे। पुलिस ने काले अनेजा निवासी गुरुद्वारा सिहानी गेट को गुरवार को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश करके जेल भेजा जाएगा। संपूर्णानंद उर्फ काले अनेजा के कई बीजेपी नेताओं से निकट संबंध हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उसकी सबसे ज्यादा फोटो केंद्रीय मंत्री एवं गाजियाबाद सांसद वीके सिंह के साथ हैं। कहीं वो मंत्री के पैर छूते तो कहीं गुलदस्ता भेंट करते दिख रहा है। इतना ही नहीं, एक पोस्टर में उसने मंत्री का भी फोटो प्रयुक्त करके खुद के पार्षदी का चुनाव लड़ने का संदेश भी दिया है। सांसद जनरल वीके सिंह के पीए कुलदीप चौहान ने इन फोटो को लेकर सफाई दी है। पीए ने कहा बहुत लोग आए दिन पैर छूते हैं और फोटो खिंचवाते हैं। इसका मतलब ये नहीं कि उनकी सांसद से कोई जानकारी या संबंध है। जब कोई किसी से मिलता है तो उसकी पहले पुलिस तफ्तीश नहीं होती। कुछ लोग इसमें कोई एजेंडा ढूंढ रहे हैं। हमें उनकी मानसिकता पर शक करना चाहिए।

### क्रेडाई अध्यक्ष ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सामने रखी मांगें

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने क्रेडाई के सदस्यों के साथ बैठक की। क्रेडाई के दिल्ली.एनसीआर के अध्यक्ष व गौड़ समूह के मुख्य महाप्रबंधक मनोज गौड़ ने बिल्डरों से संबंधित कई बिंदुओं को रखा। मनोज गौड़ ने बताया कि बैठक में प्राधिकरण से अनुरोध किया ग्रेटर नोएडा में भी नोएडा के समान ग्राउंड कवरेज 50 प्रतिशत हो। परियोजना के पूरा होने का समय मैप अनुमोदन के बाद माना जाए। मानचित्र अनुमोदन को एक वर्ष की अनुमति मिले। ग्रैप के मद्देनजर तीन वर्ष तक के लिए 14 महीने का समय जोड़ा जाए। दरअसल ग्रैप लागू होने से दो महीने कोई निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाता। इससे परियोजना में देरी होती है। कुल अवधि पांच वर्ष दो महीने होनी चाहिए। कंप्लीशन सर्टिफिकेट को बकाया राशि से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। साथ ही अनुरोध किया कि तीनों प्राधिकरणों के नियमों में एकरूपता होनी चाहिए। इसके अलावा क्रेडाई एनसीआर ने प्राधिकरण से एन्क्युमब्रेन्स फ्री प्लाट को प्रकाशित करने का अनुरोध किया है और नीलामी से पहले सभी भूखंडों की सीमा और संख्या को चिह्नित करने को कहा।

### कीचड़ और गंदे पानी से लबालब भरे रामलीला मैदान

**गाजियाबाद।** दो साल से रामलीला मेले का इंतजार कर रहे लोगों को बारिश के कारण निराशा हाथ लग रही है। मेले की शुरुआत में ही हो रही बारिश के चलते मेला परिसर बारिश के पानी और कीचर से लबालब भर गए हैं।

आलम यह है कि कीचड के चलते मेला परिसर में पैदल चलना तक मुहाल है। इसकी वजह से अधिक स्टॉल संचालकों ने अपने स्टॉल भी शुरू नहीं किए। बारिश के कारण मेले में दर्शक भी नहीं पहुंच रहे हैं। जो एकाध पहुंच रहे हैं तो वह मेले की खस्ता हालत को देखकर वापस लौट रहे हैं। कविनगर रामलीला मैदान में जगह.जगह कीचड भर गया है तो जहां अस्थाई रोड बनाई गई थी।

# झमाझम बारिश से मौसम सुहाना, कई स्थानों पर हुआ जलभराव

## ग्रेटर नोएडा में बारिश से कलेक्ट्रेट परिसर बना तालाब

पायनियरस समाचार सेवा। नोएडा

**शहर** में हो रही झमाझम बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया है। तीन दिन से लगातार हो रही झमाझम बारिश से तापमान में कमी आई है और मौसम सुहावना हो गया लेकिन उसने प्राधिकरण और उसके अधिकारियों के दावों की पोल खोल कर रख दी है। इस हाई टेक सिटी की हर साल मानसून आने से पहले शहर की नालों की साफ-सफाई और जलभराव रोकने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं लेकिन हर साल बारिश में सारे दावे पानी में धुल जाते हैं।

मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी कर किया हुआ है। जिसके कारण डीएम गौतम बुद्ध नगर सुहास एलवाई 23 सितंबर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक के समस्त बोर्ड के विद्यालय बंद करने के निर्देश जारी किये है लेकिन खुद डीएम आफिस का जो हाल है।

वह पूरे शहर के हालात को बयान करता हुआ नजर आया। गौतम बुध नगर का सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर भी बारिश से तालाब की तरह नजर आने लगा।

लगातार हुई बारिश से कलेक्ट्रेट परिसर में भी पानी जमा हो गया। जिससे आम लोगों के साथ साथ अधिकारियों को परेशानियों का समाना करना पड़ा। जिले के क्या शहर क्या देहात, सभी जगह पानी भरने की समस्या से लोग को हर साल परेशानी झेलनी पड़ती है, बारिश के कारण हुए जलभराव के चलते कलेक्ट्रेट एक तालाब में तब्दील हो गया है। अब जिले की हाईटेक शहर का जिला मुख्यालय सोशल मीडिया पर अपने जलभराव के कारण सुर्खियां बटोर रहा है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इस पूरे सप्ताह ऐसा ही मौसम बना रहेगा। रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला चलता रहेगा। बीच में तेज बारिश के आसार रहेंगे। फिलहाल इस दौरान तापमान में भी गिरावट आएगी। हवा भी बारिश की वजह से हवा भी साफ होगी।



### ग्रेनो प्राधिकरण भी अलर्ट पर

*नोएडा। दो दिन से मूसलाधार बारिश की वजह से होने वाली परेशानी से निपटने में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी जुटा हुआ है। प्राधिकरण ने अपने सभी वर्क सर्किल प्रभारी, प्रबंधक व सुपरवाइजरों को फील्ड में उतार दिया है। जहां भी जलभराव हो रहा है, वहां पानी निकासी के लिए पंप लगाए जा रहे हैं। दो सुपर सकर मशीन भी लगाई गई हैं। जलभराव वाले जगहों पर पहुंचकर जल निकासी में जुटी रही। कुलेसरा, सूरजपुर, कलेक्ट्रेट, तिलपता, कासना, ईस्टर्न पेरिफेरल व यमुना एक्सप्रेसवे के सभी अंडरपास, सेक्टरों व गोलचक्करों आदि 27 जगहों पर पंप लगाए गए हैं। दो सुपर सकर मशीन भी जल निकासी में लगा रखा है। जहां पर अधिक जलभराव हो जाता है, वहां मशीन की मदद से पानी की निकासी कराई जा रही।*

### नाबालिग बेटी और उसके दोस्त पर शक

# हाथ-पैर बांधे, फिर व्यक्ति की गला दबाकर हत्या

**गाजियाबाद।** पॉश एरिया वैशाली में स्वास्थ्य कर्मी के पति की दर्दनाक तरीके से हत्या कर दी गई। रस्सी से उनका गला घोटा गया है। हाथ-पैर भी रस्सी से बंधे मिले हैं। पुलिस को 14 साल की गोद ली हुई बेटी और उसके प्रेमी पर हत्या करने का शक है, जो फ्लैट से फरार हैं। सीसीटीवी खंगालने पर दिख रहा कि आखिरी बार घर से लड़की और उसका प्रेमी आगे-पीछे निकल कर जा रहे हैं।

वैशाली सेक्टर-4 के एक फ्लैट में अनिल सक्सेना, उनकी पत्नी पिंकी और गोद ली हुई 14 वर्षीय बेटी के साथ रहते थे। पिंकी दिल्ली के मलेरिया विभाग में कार्यरत हैं। वह गुरुवार सुबह ही ड्यूटी पर चली गई थीं। शाम को ड्यूटी करके लौटीं तो फ्लैट बाहर से बंद था। पिंकी ने अनिल को फोन लगाया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद पिंकी ने डुप्लीकेट चाभी से फ्लैट का दरवाजा खोला। बैडरूम में अनिल सक्सेना की लाश पड़ी हुई थी। हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। गला भी रस्सी से बंधा था। पुलिस ने लड़की को बरामद किया। कोर्ट में लड़की ने अपने दोस्त के पक्ष में बयान दिए थे।

# दीवार हादसे में ठेकेदार सुंदर यादव गिरफ्तार

## नोएडा प्राधिकरण के उपप्रबंधक से आठ घंटे तक पुलिस ने की पूछताछ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** के सेक्टर-21 में स्थित जलवायु विहार हाउसिंग सोसायटी की दीवार मंगलवार को गिर गई थी। जिसमें 4 श्रमिकों की मौत हो गई। इस मामले में नोएडा पुलिस ने अथॉरिटी के एक ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। ठेकेदार के सहयोगी को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया था। कंपनी का मालिक फरार चल रहा था। मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा पुलिस ने मुख्य अभियुक्त सुंदर यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

आपको बता दें कि इस मामले में नोएडा पुलिस ने अथॉरिटी के उपमहाप्रबंधक से थाने में 8 घंटे पूछताछ की थी। नोएडा के सेक्टर-21 में जलवायु विहार हाउसिंग सोसायटी की दीवार की बराबर एक नाले का निर्माण किया जा रहा है। नाले की खुदाई करने के लिए ठेकेदार जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल कर रहा था। इसी दौरान हाउसिंग सोसायटी की करीब 25 साल पुरानी दीवार भरभरा कर गिर गई। इस दीवार के नीचे दबने से 4 श्रमिकों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हुआ।

उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसी दिन नोएडा सेक्टर.20 थाना पुलिस ने ठेकेदार और उसके सहयोगी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। ठेकेदार के सहयोगी गुल मोहम्मद को उस दिन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

# 26 हजार वाहन मालिकों से रोड टैक्स वसूली के लिए तीन दिन बचे

**नोएडा।** जिले के लगभग 26 हजार रोड टैक्स बकायदार वाहन मालिकों से बकाया राशि वसूली के लिए महज तीन दिन शेष बचे हैं। आरटीओ गाजियाबाद के निर्देश के बाद परिवहन विभाग के कर्मचारी बड़े बकायदारों को फोन करने में जुटे हैं।

अप्रैल 2020 के पहले पंजीकृत रोड टैक्स बकायदार व्यावसायिक वाहनों के लिए शासन ने एक मुश्त समाधान योजना लागू की है। योजना पहले एक माह के लिए लागू हुई थी, लेकिन बाद में दो महीने के लिए और बढ़ा दी गई थी। 26 सितंबर को योजना खत्म हो जाएगी। इसके तहत वाहन मालिक आवेदन करके रोड टैक्स को तीन किस्तों में जमा कर सकते हैं। वहीं, टैक्स पर लगे जुर्माने से राहत पा सकते हैं। एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने बताया कि योजना के तहत शुक्रवार तक 2544 लोगों ने आवेदन किया हैं। इनमें से 1684 लोगों ने अब तक छह करोड 80 लाख रुपये टैक्स जमा किया है।

# मेडिकल डिवाइस पार्क फेज-2 में 30 भूखंड़ों वाली स्कीम जल्द होगी लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

## योजना में मेडिकल किट बनाने वाली कंपनियों को मौका दिया जाएगा




**यमुना** प्राधिकरण सेक्टर.28 में मेडिकल डिवाइस पार्क फेस दो विकसित कर रहा है। इनविट्रो डायग्नोस्टिक मेडिकल किट बनाने वाली कंपनियों के लिए 30 भुखंडों की स्कीम निकाली जाएगी। स्कीम में भूखंडों का आवंटन ड्रा के जरिए किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण के मेडिकल डिवाइस पार्क के फेज वन का काम जल्द ही पुरा होने वाला है। इसीलिए यमुना प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क फेज दो योजना लाने जा रहा है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क की योजना भारत सरकार की योजना है। इसके द्वारा देश के चार राज्यों में मेडिकल डिवाइस पार्क उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश और तमिलनाडु में बनाए जाने हैं। उत्तर प्रदेश में यह मेडिकल डिवाइस पार्क ग्रेटर नोएडा में यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 28 में बन रहा है। मेडिकल डिवाइस पार्क का फेज वन में तय लक्ष्य के अनुसार प्राधिकरण ने 37 भूखंड आवंटन का लक्ष्य रखा था। इसको प्राधिकरण ने हासिल कर लिया है। मेडिकल डिवाइस पार्क सेक्टर 28 में 350 एकड़ में बनाया जा रहा है। सीईओ अरूण वीर सिंह ने कहा कि यमुना प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क में अब फेज दो की योजना ला रहा है। यह योजना 30 भूखंडों की होगी। इस स्कीम में इनविट्रो डायग्नोस्टिक मेडिकल किट बनाने वाली कंपनियों को मौका दिया जाएगा। मेडिकल डिवाइस पार्क की फेस वन की योजना में खंड छूट गया था। इसीलिए मेडिकल डिवाइस पार्क फेस दो में इन किट को बनाने वाली कंपनियों को ही मौका दिया जाएगा। मेडिकल में इन किट की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। क्योंकि सभी तरह की जांच इन किट के द्वारा ही की जाती है। मेडिकल डिवाइस पार्क में यह किट बनाने का हिस्सा छूट गया था, जिसको लेकर यमुना प्राधिकरण अब मेडिकल डिवाइस पार्क फेज दो की स्कीम जल्द ही ला रहा है।

यमुना प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉन्सेप्ट एफ एफ सी पर आधारित होगी। इस योजना में ऐसे कारोबारी भी कारोबार शुरू कर सकते हैं, जिनके पास कम पूंजी है। इनके पास जमीन खरीदने और फैक्ट्री बनवाने से लेकर उसका स्ट्रकर तक तैयार कराने लायक लागत नहीं है। ऐसे में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉन्सेप्ट बहुत ही काम आता है। इस एफ एफ सी योजना के तहत अपने काम के हिसाब से फैक्ट्री में पहले से तैयार फ्लोर किराए पर लेकर काम शुरु किया जा सकता है। सर्जीकल आइटम और मेडिकल फ्लेड से जुड़ी मशीनें अब जेवर में नोएडा एयरपोर्ट के पास बनेंगी। इसके लिए यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 28 में मेडिकल डिवाइस पार्क बनाया जा रहा है। जिसका फेज वन का कार्य जल्द ही पुरा होने वाला है। जिसमें मेडिकल से जुड़ी 37 कंपनियों को भूखंड आवंटित कर दिए गए है। और अब यमुना प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क की फेज दो में 30 भूखंडों की योजना लाने जा रहा है जिसमें मेडिकल में लगने वाली किट बनाने वाली कंपनियों को ही मौका दिया जाएगा।

# पूर्व प्रेमी ने युवती के अश्लील फोटो और वीडियो मंगेतर को भेजे

**नोएडा।** एक युवती ने अपने पूर्व प्रेमी के खिलाफ फेज एक थाने में केस दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो उसके मंगेतर के पास भेज दी, ताकि उसकी शादी न हो सके। इसको लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# 18 से 59 वर्ष की आयु के केवल 19 फीसदी लोगों ने ली बूस्टर डोज

## एहतियाती खुराक लेने के योग्य कुल 1.33 करोड़ लाभार्थियों में से 20 सितंबर तक केवल 31.49 लाख लोगों ने ही ली खुराक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**राजधानी** दिल्ली में 18 से 59 वर्ष की आयु वर्ग के केवल 19 प्रतिशत लोगों ने ही कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक ली है। यानी की कुल आबादी का अभी तक कुल 24 प्रतिशत लोगों ने बूस्टर डोज ली है। गुरुवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की हुई बैठक में इस पर सहमति जताई गई कि इस आंकड़े को लगभग 50 फीसदी तक ले जाने की जरूरत है।

एहतियाती खुराक लेने के योग्य कुल 1.33 करोड़ लाभार्थियों में से 20 सितंबर तक केवल 31.49 लाख (24 प्रतिशत) लोगों ने ही खुराक ली। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 20 सितंबर तक 18 से 59 वर्ष की आयु के कुल 1.14 करोड़ लाभार्थी एहतियाती खुराक लेने के योग्य हैं लेकिन केवल 21.21 लाख लोगों ने ही खुराक ली।

साठ साल से अधिक उम्र के 13.20 लाख लाभार्थी टीके की खुराक लेने के योग्य हैं और इनमें से 6.33 लाख लोगों ने एहतियाती खुराक ली है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, स्वास्थ्यकर्मियों और अग्रिम मोर्चे के कर्मियों में से 61 प्रतिशत ने एहतियाती खुराक ली है।

# दो महीने में 90 फीसद कोविड नमूनों के जीनोम अनुक्रमण में बीए-2 स्वरूप मिले

**नई दिल्ली।** जुलाई और अगस्त में जीनोम अनुक्रमण के दौरान 90 प्रतिशत कोविड-19 नमूनों में इस वायरस का बीए-2 स्वरूप (वैरिएंट) मिला। जुलाई में प्रयोगशालाओं में 1,271 नमूनों का विश्लेषण किया गया जिनमें से 1133 में बीए-2 स्वरूप मिला। किसी नमूने में बीए-4 स्वरूप नहीं मिला जबकि 138 नमूनों में इस वायरस का बीए-5 स्वरूप था। अगस्त में प्रयोगशालाओं में 2,064 नमूनों का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि 90.35 प्रतिशत मामलों में बीए,2 स्वरूप मिला जबकि 199 मामलों में इस वायरस का बीए,5 स्वरूप था। दिल्ली में अगस्त में कोविड-19 के मामले में वृद्धि हुई थी और विशेषज्ञों ने इसके लिए लोगों द्वारा एहतियात नहीं बरतने एवं कोविड-19 उपयुक्त आचरण का पालन नहीं करने को जिम्मेदार ठहराया था। अब चूंकि यहां इस संक्रमण के रोजाना मामले 100 के नीचे आ गए हैं तो दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने पर 500 रुपये का जुर्माना एक अक्टूबर से हटा सकता है तथा चरणबद्ध तरीके से अस्पतालों में संबंधित कर्मियों एवं सुविधाओं में कमी ला सकता है। शहर में कोविड-19 के नए मामलों में गिरावट आ रही है। डीडीएमए ने राष्ट्रीय राजधानी में कोविड की स्थिति की समीक्षा के लिए बृहस्पतिवार को एक बैठक की थी और कोरोना वायरस से निपटने के लिए अस्पतालों में लगाए गए कर्मियों एवं सेवाओं का मूल्यांकन किया था।



थकान का नाम आते ही मन में सबसे पहले जरूरत से ज्यादा काम करने का ख्याल आता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग क्षमता से अधिक काम करते हैं, जिसके कारण उन्हें थकान का अनुभव होता है, लेकिन पर्याप्त आराम करने के बाद भी आपको हरदम थकान का ही अहसास हो तो यह अन्य भी कई कारणों से हो सकता है। तो चलिए जानते हैं इन कारणों के बारे में।



# सिर्फ काम ही नहीं, इन कारणों से भी होती है हरदम थकान

## अनीमिया

**अगर** आपके शरीर में आयरन की कमी है तो इससे भी आपका शरीर थका-थका रहता है। दरअसल, इसके कारण आपकी मसल्स को कुछ भी करने में भारीपन का अहसास होता है और आप खुद को थका हुआ महसूस करते हैं। वैसे अगर आपके शरीर में आयरन की मात्रा अधिक है तो भी आप थके हुए महसूस करेंगे।

## स्लीप एप्निया

**स्लीप** एप्निया एक ऐसी स्थित है, जिसमें व्यक्ति का गला नींद के दौरान बंद हो जाता है और यह बार-बार आपकी सांस को बाधित करता है। जिससे व्यक्ति की नींद टूटती है। इस समस्या के कारण व्यक्ति ठीक तरह से सो नहीं पाता और नींद पूरी न होने के कारण वह खुद को थका हुआ महसूस करता है।

## ब्रेकफास्ट स्किप करना

**सुबह** के समय अगर जल्दी के कारण आपको नाश्ता स्किप करने की आदत है तो समझ लीजिए कि ऐसा करके आप खुद की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। दरअसल, सुबह का नाश्ता शरीर को काम करने की ऊर्जा प्रदान करता है। ऐसे में सुबह का नाश्ता स्किप करने से शरीर में उर्जा का स्तर कम होता है और आप को थकान का अहसास होता है।

## पानी की कमी

**आपको** शायद अहसास न हो लेकिन शरीर में पानी की कमी भी कई समस्याएं लेकर आता है। अगर आपको थकान के साथ-साथ हमेशा सिर में हल्का दर्द का अहसास होता है तो यह संकेत है कि आपके शरीर में पानी की कमी हो गई है। ऐसे में तुरंत अपने वाटर इनटेक को बढ़ाएं।

## मधुमेह

**टाइप** 1 और टाइप 2 मधुमेह होने पर भी व्यक्ति को काफी थकान का अहसास होता है। वैसे थकान के अतिरिक्त मधुमेह के अन्य लक्षणों में बहुत अधिक प्यास लगना, बहुत अधिक पेशाब करना (विशेष रूप से रात में) और वजन कम होना है।

## डिप्रेशन

कई बार डिप्रेशन भी थकान व ऊर्जा की कमी का कारण बन सकता है। डिप्रेशन होने पर व्यक्ति रात को सोते-सोते उठ जाता है या फिर वह सुबह जल्दी उठता है और परेशान होता है, जिससे कारण उसे दिन में अधिक थके होने का अहसास होता है।

# डायपर के कारण शिशु को हो गए हैं रैशेज तो करें यह उपाय

**छोटे** शिशुओं की त्वचा बहुत ही नाजुक और संवेदनशील होती है और इसलिए उनका काफी ध्यान रखने के बाद भी शिशु को डायपर रैश होने की संभावना रहती है।

वैसे तो यह डायपर पहनने वाले शिशुओं में होने वाली आम समस्या है, लेकिन इसके कारण बच्चों को काफी परेशानी होती है। इसके कारण बच्चों को जलन व असहज महसूस होता है। डायपर रैश यानी डायपर लगाने से पड़ने वाले चकत्ते, गीले या समय पर बदले न जाने वाले डायपर से, दस्त, नए तरह के खाने और एंटीबायोटिक्स के कारण हो सकते हैं। अधिकतर मामलों में डायपर रैश होने पर इसे घर पर ही ठीक किया जा सकता है। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से।

छोटे बच्चों में डायपर रैश होना एक आम समस्या है। डायपर रैश होने पर बच्चे के गुप्तांगों और कूल्हों पर लाल चकते दिखाई देते हैं। यूं तो इनका इलाज घर पर ही किया जा सकता है, लेकिन अगर शुरुआत में इस ओर ध्यान न दिया जाए तो समस्या कई गुना बढ़ सकती है।



## कारण

- बच्चों में डायपर रैश कई कारणों से होता है। इसमें सबसे मुख्य है डायपर और त्वचा में स्थित नमी से बैक्टीरिया का उत्पन्न होना। अन्य कारण हैं।
- लंबे समय तक गीले और गंदे डायपर पहनना।
- डायपर के आसपास गीलापन।
- दस्त होने पर।
- टाइट डायपर होने पर बच्चे की त्वचा का डायपर से रगड़ खाना।
- खानपान में बदलाव।
- एंटीबायोटिक्स का सेवन।
- त्वचा का अत्यधिक संवेदनशील होना।
- शिशु को एक्जिमा या अटोपिक डर्मेटाइटिस।

## डायपर रैश के लक्षण

- शिशु के गुप्तांग और कूल्हों पर लाल चकत्ते।
- ध्यान न देने पर यह लाल चकते फुंसियों में भी बदल जाते हैं।
- लड़कों में लिंग या लड़कियों में वेजाइना व जांघों के ऊपर के हिस्से का लाल हो जाना
- गंभीर स्थिति में, प्रभावित हिस्से में सूजन हो सकती है।
- पेशाब करते समय जलन या दर्द का अनुभव

## उपचार

- अधिकतर मामलों में डायपर रैश होने पर डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं होती। आप कुछ बातों का ध्यान रखकर व कुछ घरेलू उपायों की मदद से इसे ठीक कर सकते हैं।
- बच्चे के डायपर को समय पर बदलें। डायपर रैश का एक मुख्य कारण गीला व गंदा डायपर होता है।
- हमेशा डायपर बदलने से पहले और बाद में हाथों को धोना न भूलें। इससे बच्चे में और अधिक बैक्टीरिया संचारित नहीं होंगे। साथ ही डायपर बदलने से पहले बच्चे को हल्के गुनगुने पानी से गीले वाइप्स या कपड़े की मदद से क्लीन करें। कभी भी बच्चे की स्किन को रगड़ें नहीं। इससे उसे जलन व दर्द हो सकता है।
- बच्चे के निचले हिस्से को अधिक से अधिक सूखा रखने का प्रयास करें। इसलिए जब संभव हो तो उसे बिना डायपर के ही रखें।
- बहुत अधिक टाइट डायपर न पहनाएं। हल्का ढीला डायपर होने से उसके नितंबों में हवा लगती रहेगी और डायपर रैश जल्दी ठीक होंगे। हालांकि वह बहुत अधिक ढीला भी नहीं
- अगर बच्चे को बार-बार डायपर रैश हो जाते हैं तो आप किसी दूसरे ब्रांड के या सेंसेटिव स्किन के लिए डिजाइन किए गए डायपर का इस्तेमाल करके देखें।
- अगर आप कपड़े के डायपर का इस्तेमाल करते हैं तो उसके डायपर को अलग से हल्के डिटर्जेंट से धोएं और उसे समय-समय पर बदलें। मल त्याग के बाद इस डायपर को तुरंत बदलने की आवश्यकता होती है।
- डायपर रैश को जल्दी ठीक करने व उससे होने वाले दर्द को कम करने के लिए आप डायपर रैश क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- घरेलू उपचार में नारियल का तेल भी काफी प्रभावशाली होता है। आप डायपर एरिया में नारियल तेल को दिन में कई बार इस्तेमाल कर सकते हैं।

### डॉक्टर की मदद

**अगर** शिशु की सही तरह से देख-रेख की जाए तो डॉक्टर के पास जाने की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन अगर आपको डायपर रैश के साथ-साथ कुछ अन्य लक्षण दिखाई दें तो बाल रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखाना चाहिए।

- मवाद की वजह से फुंसियों का पीला पड़ना।
- रैश के साथ-साथ शिशु को बुखार आना
- रैश के आस पास पिम्पल या ब्लिस्टर होना
- घरेलू उपचार के बावजूद भी चक्तों का उभरना।

# कहीं आपको भी तो नहीं है नाइट ईटिंग सिंड्रोम, ये हैं इसके लक्षण

पिछले कुछ समय में जिस तरह लोगों की खानपान की आदतों व जीवनशैली में बदलाव आया है, उसके कारण व्यक्ति में कई तरह के ईटिंग डिसऑर्डर ने जन्म लिया है। ऐसी ही खानपान से जुड़ी बीमारी है नाइट ईटिंग सिंड्रोम। नाइट ईटिंग सिंड्रोम अर्थात एनईएस एक ऐसी स्थित है जो रात में नींद की समस्याओं के साथ अधिक खाने को जोड़ती है। इस परेशानी में व्यक्ति डिनर के बाद बहुत खाते हैं, इससे उन्हें सोने में परेशानी होती है। इतना ही नहीं, ऐसे व्यक्ति रात में जागने पर भी कुछ न कुछ खाना शुरू कर देते हैं। तो चलिए जानते हैं नाइट ईटिंग सिंड्रोम के बारे में।

## पहचानें इसे

**एनईएस** होने पर व्यक्ति रात में काफी अधिक खाता है। यहां तक कि वह अपनी दैनिक कैलोरी का कम से कम एक चौथाई हिस्सा डिनर के बाद खाते हैं। इतना ही नहीं, ऐसे व्यक्ति सप्ताह में दो से तीन बार रात में जरूर उठते हैं और खाना शुरू कर देते हैं। वैसे इस स्थित में व्यक्ति को भली-भांति याद होता है कि उसने पिछली रात क्या खाया अर्थात यह समस्या नींद में खाने की समस्या नहीं है क्योंकि इसमें व्यक्ति पूरी तरह चेतना में होता है।

## लक्षण

- एनईएस होने पर व्यक्ति सिर्फ रात्रि में ही अधिक नहीं खाता, बल्कि इसके अतिरिक्त भी उसमें कुछ लक्षण नजर आते हैं। जैसे।
- सुबह के समय भूख कम लगना
- सप्ताह में चार से पांच रातों में नींद न आना या अनिद्रा की समस्या
- डिनर के बाद और सोने से पहले कुछ न कुछ खाने की तीव्र इच्छा



## कारण

**एनईएस** होने के कारण वैसे तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि यह स्लीप वेक साइकिल और कुछ हार्मोन से जुड़ा है। वैसे जिन लोगों को अवसाद, चिंता आदि परेशानी रहती है, उन्हें भी एनईएस होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। वहीं मोटापे के कारण भी यह समस्या आपको घेर सकती है। वैसे तो एनईएस होने की संभावना 100 में से 1 को होती है, वहीं मोटे लोगों के लिए 10 में से 1 व्यक्ति को यह समस्या हो सकती है। वहीं आनुवंशिक कारणों के चलते भी व्यक्ति नाइट ईटिंग सिंड्रोम पीड़ित हो सकता है।

## ऐसे करें पहचान

**इस** बीमारी का पता लगाने के लिए सबसे पहले डॉक्टर व्यक्ति से उसकी खानपान व नींद संबंधी आदतों के बारे में कुछ सवाल करते हैं। इसके अतिरिक्त पॉलीसोम्नोग्राफी नामक एक स्लीप टेस्ट के जरिए इस बीमारी के बारे में पता लगाया जाता है। इस टेस्ट में व्यक्ति के ब्रेन वेव्स, ब्लड में ऑक्सीजन का स्तर और हार्ट व ब्रीदिंग रेट की जांच की जाती है।

# तनाव और डिप्रेशन को भगाना है दूर, तो करें एरोबिक्स

क्या आप जानते हैं कि एक्सरसाइज का ही एक प्रकार 'एरोबिक्स' कई मायनों में आपके लिए बेहतर हो सकता है। अगर आपको स्लो एक्सरसाइज करते हुए बोरियत होने लगती है, तो एरोबिक्स करने से आपकी एक्सरसाइज की नियमितता जरूर बनी रह सकती है। साथ ही इसे करने से सेहत को ये पांच फायदे भी होते हैं।



- एरोबिक्स अपनाने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह एक्सरसाइज का एक मजेदार तरीका है, जो आपको बिल्कुल बोर नहीं होने देगा और सेहत के फायदे देगा सो अलग।
- इसे करना सिर्फ आपकी शारीरिक सेहत के लिए फायदेमंद नहीं है, बल्कि आपके दिमाग के लिए भी यह बेहद असरकारी एक्सरसाइज है, जो शरीर और दिमाग दोनों को स्वस्थ रखता है।
- यह एक्सरसाइज ब्रेन की कोशिकाओं के नुकसान से बचाती है और ऑक्सीजन की बेहतर आपूर्ति में मदद करती है जिससे आप तरोताजा महसूस करते हैं।
- एरोबिक, मानसिक समस्याओं और खास तौर से तनाव व डिप्रेशन के लिए बेहद फायदेमंद है। यह तनाव को कम करने में बेहद मददगार है।
- वजन घटाने के मामले में इस एक्सरसाइज का कोई तोड़ नहीं। कम समय में वजन घटाने का यह बेहतरीन तरीका है। अगर मूड खराब है, या फिर आपको गुस्सा ज्यादा आता है, तो एरोबिक्स करना आपके लिए बढ़िया विकल्प है।

# क्लीप स्वीप करके झूलन को विदाई देने उतरेगी भारतीय टीम

## लॉर्ड्स में शतक जड़ना या पांच विकेट लेना बड़ी उपलब्धि

### भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की

एजेंसी। लंदन

**महिला** क्रिकेट में तेज गेंदबाजी का पर्याय बन चुकी झूलन गोस्वामी शनिवार को जब लॉर्ड्स में अपने करियर का आखिरी मैच खेलने उतरेंगी तो भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करके अपनी इस दिग्गज खिलाड़ी को यादगार विदाई देने का प्रयास करेगी। लॉर्ड्स में क्रिकेट खेलना किसी भी खिलाड़ी का सपना होता है तथा इस मैदान पर शतक जड़ना या पांच विकेट लेना बड़ी उपलब्धि मानी जाती है लेकिन बहुत कम खिलाड़ियों को इस ऐतिहासिक मैदान पर अपने क्रिकेट करियर को अलविदा कहने का मौका मिलता है।

सचिन तेंदुलकर हो या ब्रायन लारा या फिर ग्लेन मैकग्रा किसी को भी लॉर्ड्स में अपना अंतिम मैच खेलने का मौका नहीं मिला। यहां तक की लगभग 20 वर्षों तक झूलन की साथी रही मिताली राज को भी क्रिकेट मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहने का अवसर नहीं मिला लेकिन भाग्य चक्र देखिए कि गोस्वामी अपना आखिरी मैच लॉर्ड्स में खेलने जा रही है। भारत पहले ही तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है, लेकिन हरमनप्रीत कौर और उनके साथी क्लीन स्वीप करके झूलन को यादगार विदाई देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया और वह अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा।

भारत के लिए सबसे बड़ी फायदे की बात यह रही कि कप्तान हरमनप्रीत अपनी पुरानी लय में लौट चुकी हैं। उन्होंने पहले दो मैचों में नाबाद 74 और नाबाद 143 रन की पारियां खेली। भारत के लिए हालांकि शेफाली की फॉर्म चिंता का विषय है जो पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रही है।

हरलीन देओल ने मध्यक्रम में अपनी जगह पक्की कर ली है लेकिन झूलन के संन्यास लेने के बाद तेज गेंदबाजों मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर और पूजा वस्त्राकर को अपने खेल में अधिक निखार लाना होगा। भारत ने पिछली बार इंग्लैंड में वनडे श्रृंखला 1999 में जीती थी जबकि झूलन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण भी नहीं किया था। अब वह अपना 204वां और आखिरी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। उनके नाम पर रिकॉर्ड 353 अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। पश्चिम बंगाल के एक छोटे से कस्बे चकदा की यह क्रिकेटर पिछले 20 वर्षों से भारतीय आक्रमण की अगुवाई कर रही है। झूलन ने जब भारत के लिए पहला मैच खेला था तब शेफाली वर्मा और रिचा घोष का जन्म भी नहीं हुआ था और जेमिमा रोड्रिग्स गोदी में खेलती होंगी।

यहां तक कि हरमनप्रीत कौर तब क्रिकेटर बनने का सपना देख रही थी। और अब वह जब संन्यास ले रही हैं तब हरमनप्रीत उनकी कप्तान तथा शेफाली, जेमिमा, रिचा और यास्तिका भाटिया उनकी टीम साथी हैं।



#### महिलाओं के लिए आईपीएल शुरू करने की योजना

**अब** महिलाओं के लिए इंडियन प्रीमियर लीग शुरू करने की योजना बन रही है, महिलाओं के पास केंद्रीय अनुबंध है और उन्हें पर्याप्त धनराशि मिलती है लेकिन जब झूलन ने अपने करियर की शुरुआत की थी तब उन्हें काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा था। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अपने खेल में लगातार सुधार करके महिला क्रिकेट के शिखर पर पहुंची। इसलिए तय है कि भारतीय टीम ऐसी खिलाड़ी को यादगार विदाई देने के लिए श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में अपनी तरफ से किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगी।

#### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, सबिनेनी मेघना, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़, हरलीन देओल, दयालन हेमलता, सिमरन दिल बहादुर, झूलन गोस्वामी, तानिया भाटिया और जेमिमा रोड्रिग्स।

**इंग्लैंड:** एमी जोन्स (कप्तान और विकेटकीपर), टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, फ्रेया डेविस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, फ्रेया केम्प, इस्सी वोंग और डैनी वाइट।

**मैच दोपहर बाद 3.30 बजे से शुरू होगा।**

# पाकिस्तान की इंग्लैंड पर बड़ी जीत में चमके बाबर और रिजवान

### बाबर ने 66 गेंदों पर नाबाद 110 रन बनाए

एजेंसी। कराची

**बाबर** आजम ने शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की जबकि मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 88 रन की शानदार पारी खेली जिससे पाकिस्तान ने गुरुवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

बाबर ने 66 गेंदों पर नाबाद 110 रन बनाए जिससे पाकिस्तान ने बिना किसी नुकसान के 203 रन बनाकर तीन गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की। इस तरह से सात मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया तथा अंतिम ओवरों में मोईन अली की 23 गेंदों पर खेली गई नाबाद 55 रन की पारी से पांच विकेट पर 199 रन बनाए। बाबर और रिजवान ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया और इंग्लैंड के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। बाबर ने पिछले सात टी20 मैचों में केवल 98 रन बनाए थे लेकिन इस मैच में उन्होंने अपने करियर का दूसरा शतक जड़कर लय हासिल की। बाबर ने अपनी पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए जबकि रिजवान की 51 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने पाकिस्तान की तरफ से पहले विकेट की साझेदारी का नया रिकॉर्ड बनाया।

इससे पहले भी इन दोनों के नाम पर ही 197 रन का रिकॉर्ड दर्ज था, जो उन्होंने 2021 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाया था। इससे पहले इंग्लैंड की तरफ से मोईन अली के अलावा बेन डकेट ने 22 गेंदों पर 43, हैरी ब्रूक्स ने 31, फिल सॉल्ट ने 30 और एलेक्स हेल्स ने 26 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की तरफ से हारिस रऊफ और शाहनवाज दहानी ने दो -दो विकेट लिए।

# कथित दुर्व्यवहार के बाद पीसीए प्रमुख जांच के घेरे में

एजेंसी। नई दिल्ली

**पंजाब** क्रिकेट संघ (पीसीए) के अध्यक्ष गुलजार चहल अपने पिता (पूर्व आईपीएस अधिकारी) द्वारा पीसीए स्टेडियम परिसर के अंदर एक अनुभवी मैदानकर्मी (क्यूरेटर) के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करने के बाद सवालों के घेरे में आ गए हैं।

यह घटना करीब दो सप्ताह पहले की है जब गुलजार के पिता सेवानिवृत्त डीजीपी हरिंदर सिंह चहल मोहाली में पीसीए स्टेडियम के परिसर के अंदर शाम की सैर पर थे। यह अनुभवी क्यूरेटर पीसीए के आजीवन सदस्य है और बीसीसीआई में विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं। इस घटना के बाद उन्हें कुछ दिनों के लिए मैदान में प्रवेश करने से रोक दिया गया था, लेकिन जब पीसीए गलियारों के अंदर इस मामले ने तूल पकड़ी तो उन्हें वापसी की अनुमति दे दी गई। पीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अध्यक्ष के पिता को सुबह या शाम की सैर के लिए स्टेडियम परिसर का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि वह संघ के सदस्य नहीं हैं। अनुभवी क्यूरेटर उनके पिता को नहीं पहचानते थे और इसलिए उन्होंने उनसे पूछताछ की। उन्होंने कहा, क्यूरेटर को जब पता चला कि वह पीसीए अध्यक्ष के पिता है तो उन्होंने माफी मांगी लेकिन उन्हें स्टेडियम के अंदर नहीं आने को कहा गया। अनुभवी क्यूरेटर पीसीए के आजीवन सदस्य है लेकिन किसी पद पर नहीं है।



## संक्षिप्त समाचार

### जोकोविच को आस्ट्रेलियाई ओपन से सकारात्मक संदेश की उम्मीद

**लंदन।** कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराने के कारण इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग नहीं ले पाने वाले नोवाक जोकोविच को अगले साल होने वाले टूर्नामेंट के लिए आयोजकों से सकारात्मक संदेश की उम्मीद है।जोकोविच को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों से अभी तक कोई संदेश नहीं मिला है कि वह टीकाकरण नहीं कराने के कारण वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेल पाएंगे या नहीं। जोकोविच ने गुरुवार को लेवर कप के दौरान कहा, यह वास्तव में मेरे हाथ में नहीं है। इसलिए मैं सकारात्मक खबर की उम्मीद कर रहा हूं। जोकोविच के नाम पर कुल 21 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब दर्ज हैं और वह केवल राफेल नडाल के 22 खिताब से पीछे हैं। उन्होंने रिकॉर्ड नौ बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता है। लेकिन इस साल जनवरी में 10 दिन तक चली कानूनी लड़ाई के बाद उन्हें आस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था और उनका वीजा रद्द कर दिया गया था, क्योंकि उन्होंने कोविड-19 का टीका नहीं लगाया था। टेनिस आस्ट्रेलिया ने पहले उन्हें छूट दे दी थी जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया पहुंच गए थे। ऑस्ट्रेलिया ने जुलाई से अपने सख्त सीमा संबंधी नियमों में बदलाव कर दिया था। जुलाई के बाद ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने वाले लोगों को कोविड-19 टीकाकरण का सबूत या कोविड-19 के परीक्षण की नेगेटिव रिपोर्ट पेश नहीं करनी पड़ रही है। टीकाकरण नहीं करवाने के कारण जोकोविच इस साल अमेरिकी ओपन में भी नहीं खेल पाए थे।

### जूलियस बेयर कप : एरिगैसी सेमीफाइनल में, प्रज्ञानानंद बाहर



**न्यूयॉर्क।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने एक अन्य किशोर खिलाड़ी क्रिस्टोफर यू को टाई ब्रेकर में हराकर शुक्रवार को यहां जूलियस बेयर जेनरेशन कप ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत के ही एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद हालांकि जर्मनी के विंसेंट कीमर से 1-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए। क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के लेवोन आरोनियन को हराने वाले विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन सेमीफाइनल में कीमर का सामना करेंगे जबकि दूसरा सेमीफाइनल वियतनाम के लीम क्वांग ले और एरिगैसी के बीच खेला जाएगा। उन्नीस वर्षीय एरिगैसी और 15 वर्षीय यू चार रैपिड बाजियों के बाद 2-2 से बराबरी पर थे। इसके बाद ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें एरिगैसी ने पहली बाजी जीती और फिर दूसरी बाजी ड्रॉ कराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रज्ञानानंद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह पहली बाजी हार गए। इसके बाद अगली दो बाजियां ड्रॉ रही। ऐसे में भारतीय खिलाड़ी को चौथी बाजी में हर हाल में जीत दर्ज करनी थी लेकिन वह उसे हार गए और इस तरह से क्वार्टर फाइनल से ही बाहर हो गए। कार्लसन ने आरोनियन के खिलाफ पहली बाजी गंवाने के बावजूद अगली तीन बाजी जीत कर 3-1 से मुकाबला अपने नाम किया।

### मारिजुआना प्रतिबंधित सूची में बरकरार

**जिनेवा।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने कुछ पदार्थों को प्रतिबंधित सूची से हटाने की मांग को अस्वीकार करते हुए मारिजुआना (गांजा) को इस सूची में बरकरार रखा है। अमेरिका की फर्राटा धाविका शाकारी रिचर्डसन के तोक्यो ओलंपिक में नहीं खेल पाने के कारण कैनाबिस (भांग) से जुड़े पदार्थों की समीक्षा करने की मांग की गई थी। रिचर्ड्सन को राष्ट्रीय ट्रायल्स में प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था जिसके कारण उन पर एक महीने का प्रतिबंध लगा था। इस धाविका ने कहा था कि उन्होंने अपनी मां के निधन के बाद गम से उबरने के लिए गांजा पिया था। वाडा कार्यकारिणी की सिडनी में हुई बैठक में जनवरी 2024 से ओपिएट ट्रामाडोल को भी प्रतिबंधित सूची में शामिल करने का फैसला किया गया।

### फ्रांस की जीत में चमके एमबापे

# क्रोएशिया, नीदरलैंड और बेल्जियम भी जीते

एजेंसी। पेरिस



**काइलन** एमबापे ने अपने एकल प्रयास से फिर गोल दागा जबकि ओलिवियर गिरौड ने भी गोल किया जिससे फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एक मैच में ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराया। एमबापे ने गुरुवार को खेले गए मैच में खेल के 56वें मिनट में तीन रक्षकों को छकाकर गोल दागा। यह उनका अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 28वां गोल है। इससे पहले गिरौड ने अपने करियर का 49वां गोल किया और वह थियरे हेनरी के 51 गोल के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल दो गोल पीछे हैं।

फ्रांस नेशंस लीग में खिताब की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है लेकिन क्रोएशिया, बेल्जियम और नीदरलैंड ने अपने मैच जीतकर खुद को अंतिम चार में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखा जिसके मैच अगले साल जून में होंगे। क्रोएशिया ने डेनमार्क को 2-1 से, नीदरलैंड ने पोलैंड को 2-0 से और बेल्जियम ने वेल्स को 2-1 से हराया।

## सुप्रीम कोर्ट ने बीसीए की एजीएम 25 को बुलाने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को बिहार क्रिकेट संघ की आमसभा की सालाना बैठक 25 सितंबर को बुलाने को मंजूरी दे दी।

जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ और हिमा कोहली की पीठ ने निर्देश दिया कि पदाधिकारियों के चुनाव के नतीजे सीलबंद कवर में उनके समक्ष रखे जाएं। पीठ ने कहा, निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि छह उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। बीसीए की एजीएम 25 सितंबर को होगी। इसने कहा, ऐसी शिकायत थी कि मतदाता सूची में बदलाव किया गया है और न्यायालय की अनुमति लिए बिना संविधान में बदलाव किया गया है। बीसीए ने इसका खंडन किया है।

## दिलीप हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की को शुक्रवार को निर्विरोध हॉकी इंडिया का नया अध्यक्ष चुन लिया गया।

हॉकी इंडिया के चुनाव एक अक्टूबर को होने थे लेकिन नतीजे पहले ही घोषित कर दिए गए क्योंकि किसी पद के लिए कोई उम्मीदवार नहीं था जिससे महासंघ के संविधान के तहत निवर्तमान उम्मीदवार ही निर्विरोध चुने गए। उत्तर प्रदेश हॉकी संघ के प्रमुख राकेश कत्याल और हॉकी झारखंड के भोला नाथ सिंह के नाम वापिस लेने के बाद टिर्की को अध्यक्ष चुना गया। भोला नाथ महासचिव चुने गए। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने टिर्की और उनकी टीम के चुनाव को मंजूरी दे दी है। एफआईएच ने एक पत्र में लिखा कि जब किसी पद के लिए उम्मीदवार पद की संख्या से कम या बराबर हों तो माना जाता है कि उन्हें निर्विरोध चुना गया है।

# पंत को विश्व कप में भारतीय अंतिम एकादश में होना चाहिए : गिलक्रिस्ट

### गिलक्रिस्ट ने बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत का समर्थन किया

एजेंसी। दुबई



**ऑस्ट्रेलिया** के अपने जमाने के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि किसी भी गेंदबाज पर हावी होने की अपनी हिम्मत के कारण ऋषभ पंत को आगामी टी20 विश्व कप में भारत की शुरुआती एकादश में शामिल होना चाहिए। पिछले कुछ समय से यह चर्चा का विषय है कि ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक में से किसे अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिए और गिलक्रिस्ट ने बाएं हाथ के विकेटकीपर, बल्लेबाज पंत का समर्थन किया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति के अनुसार गिलक्रिस्ट ने कहा, ऋषभ पंत साहसी और हिम्मती खिलाड़ी है और जिस तरह से वह किसी भी तरह के गेंदबाजी आक्रमण हावी हो जाता है उसे देखते हुए मुझे लगता है कि उसे भारतीय एकादश में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा, वे दोनों (ऋषभ और कार्तिक) साथ में खेल सकते हैं, लेकिन मेरा मानना है कि ऋषभ पंत को निश्चित तौर पर अंतिम एकादश में होना चाहिए।

भारत ने पंत और कार्तिक दोनों को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। पंत हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं जो कि अंतिम एकादश का चयन करते समय उनके खिलाफ जा सकता है। पंत ने अब तक 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 23.94 की औसत और 126.21 के स्ट्राइक रेट से 934 रन बनाए हैं लेकिन वह इस प्रारूप में टेस्ट क्रिकेट जैसी सफलता हासिल नहीं कर पाए हैं। दूसरी तरफ कार्तिक ने पिछले कुछ समय से खुद को फिनिशर के रूप में स्थापित किया है।

# झूलन को विश्व कप खिताब नहीं जीतने का मलाल

### दो विश्व कप फाइनल खेले हैं लेकिन ट्रॉफी नहीं जीत सकीं

एजेंसी। लंदन

**भारत** की महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को यहां कहा कि दो दशक के करियर में उन्हें सिर्फ एकदिवसीय विश्व कप खिताब को नहीं जीत पाने का पछतावा है। झूलन शनिवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के बाद खेल से संन्यास ले लेंगी।

मीडिया के बातचीत के दौरान झूलन ने भावुक होकर कहा कि वह इस खेल के प्रति शुक्रगुजार है, जिसने उन्हें इतनी शोहरत और प्रतिष्ठा दी। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय विश्व कप के 2005 और 2017 सत्र में टीम के उपविजेता रहने का मलाल उन्हें हमेशा रहेगा। दाएं हाथ की 39 साल की इस गेंदबाज ने कहा, मैंने दो विश्व कप फाइनल खेले हैं लेकिन ट्रॉफी नहीं जीत सकी। मुझे बस इसी का मलाल हैं क्योंकि आप चार साल तक विश्व कप की तैयारी करते हैं। बहुत मेहनत होती है। प्रत्एक क्रिकेटर के लिए विश्व कप जीतना एक सपने के सच होने जैसा क्षण होता है। इस दिग्गज गेंदबाज ने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी तो इतने लंबे समय तक खेलने के बारे में कभी नहीं सोचा था। यह बहुत अच्छा अनुभव था। मैं खुद को भाग्यशाली समझती हूं कि इस खेल को खेल सकी। ईमानदारी से कहूं तो बेहद साधारण परिवार और चकदा जैसे एक छोटे से शहर से होने के कारण मुझे महिला क्रिकेट के बारे में कुछ भी पता नहीं था।



#### 1997 में लिया क्रिकेट में करियर बनाने का फैसला

उन्होंने कहा, मेरी सबसे अच्छी याद तब है जब मुझे भारत के लिए खेलने का मौका मिला और मैंने पहला ओवर फेंका क्योंकि मैंने कभी नहीं सोचा था (कि मैं भारत के लिए खेलूंगी)। मेरी क्रिकेट यात्रा कठिन रही है क्योंकि अभ्यास के लिए मुझे लोकल ट्रेन से ढाई घंटे की यात्रा करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि वह 1997 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के मैच को देखने के लिए मैदान में 90,000 दर्शकों मौजूद थे।

